* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

16 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 117







# सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड योजना पर लगायी रोक

## कहा- असंवैधानिक, सरकार अन्य विकल्प पर करे विचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** चुनावी बांड योजना की वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुना दिया है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बांड पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक बताया और सरकार को किसी अन्य विकल्प पर विचार करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड योजना की आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक पार्टियों को हो रही फंडिंग की जानकारी मिलना बेहद जरूरी है। इलेक्टोरल बांड सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मामले पर सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। हालांकि पीठ में दो अलग विचार रहे, लेकिन पीठ ने सर्वसम्मति से चुनावी बांड पर रोक लगाने का फैसला सुनाया।

**एसबीआइ से मांगी पूरी जानकारी :** सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) को 2019 से अब तक चुनावी बांड की पूरी जानकारी देने का आदेश दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने पिछले साल 2 नवंबर को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे गुरुवार को सुनाया गया।

**पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने की सुनवाई:** कोर्ट ने मामले में 31 अक्तूबर से नियमित सुनवाई शुरू की थी। मामले की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने की। इसमें न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। इस दौरान पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से दलीलें दी गयीं। कोर्ट ने सभी पक्षों को गंभीरता से सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।



### क्या है चुनावी बांड योजना?


चुनावी बांड योजना को सरकार ने 2 जनवरी 2018 को अधिसूचित किया था। इसके मुताबिक, चुनावी बांड को भारत के किसी भी नागरिक या देश में स्थापित इकाई की ओर से खरीदा जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बांड खरीद सकता है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29 ए के तहत पंजीकृत ऐसे राजनीतिक दल चुनावी बांड के पात्र हैं। शर्त बस यही है कि उन्हें लोकसभा या विधानसभा के पिछले चुनाव में कम से कम एक प्रतिशत वोट मिले हों। चुनावी बांड को किसी पात्र राजनीतिक दल द्वारा केवल अधिकृत बैंक के खाते के माध्यम से भुनाया जायेगा।

### 13 मार्च को चंदा के बारे में मिलेगी जानकारी

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से 13 मार्च तक अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर चुनावी बांड योजना की जानकारी प्रकाशित करने के लिए कहा है। इस दिन पता चलेगा कि किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया। चीफ जस्टिस ने कहा कि पॉलिटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। मतदाताओं को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है। उधर, प्राप्त जानकारी के अनुसार 2018 से अब तक चुनावी बांड के जरिये सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है। गत छह साल में चुनावी बांड से भाजपा को 6337 करोड़ रुपये मिले, वहीं, कांग्रेस को 1108 करोड़ रुपये चुनावी चंदा मिला।

# आज चंपाई सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार

- राजभवन में शाम चार बजे होगा शपथ ग्रहण समारोह
- बसंत सोरेन हो सकते हैं नया चेहरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चंपाई सोरेन सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। इसके लिए राजभवन में समारोह का आयोजन किया गया है। बिरसा मंडप में शपथ ग्रहण शाम चार बजे होगा। इस बीच झामुमो अपने कोटे के मंत्रियों को अंतिम रूप देने में लगा है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि शुक्रवार को मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। हालांकि उन्होंने नामों का खुलासा नहीं किया। चंपाई सोरेन ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष से मिल कर नाम तय किये जायेंगे। इसकी सूचना जल्द ही राजभवन को भेज दी जायेगी। उधर, सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने अपने कोटे के मंत्रियों का नाम तय कर लिया है और मुख्यमंत्री को नाम भेज दिया है।

**पत्ता खुलने का हो रहा इंतजार:** मंत्रिमंडल में जगह पाने के लिए पुराने मंत्री और नये विधायक दोनों जुगत में लगे हुए हैं। मंत्री पद की रेस में लगे झामुमो और कांग्रेस के विधायक गुरुवार को भी अपनी गोटी सेट करने में लगे रहे। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट में कांग्रेस कोटे से रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, झामुमो कोटे से चंपाई सोरेन, जोबा मांझी, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल हसन, बेबी देवी और राजद कोटे से सत्यानंद भोक्ता थे। इनमें से चंपाई सोरेन मुख्यमंत्री हैं। आलमगीर और सत्यानंद भोक्ता मंत्री बन चुके हैं। अब देखनेवाली बात होगी कि चंपाई सोरेन मंत्रिमंडल में इनमें से किनको दोबारा एंट्री मिलती है और किसे नहीं। वहीं, नये चेहरे में किसी को शामिल किया जाता है या नहीं? सभी को फिलहाल आधिकारिक रूप से पत्ता खुलने का इंतजार है।

चर्चा है कि चंपाई सरकार में बसंत सोरेन को मंत्री पद मिलेगा और सीता सोरेन को महिला आयोग या फिर किसी अन्य आयोग का अध्यक्ष बना कर मंत्री का दर्जा दिया जा सकता है। इधर कांग्रेस और झामुमो के कुछ सूत्रों का कहना है कि हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के मंत्री ही दोबारा शपथ ले सकते हैं। नया नाम बसंत सोरेन का जुड़ेगा। चेहरों को बदल कर किसी तरह के झमेले में ये दोनों ही दल नहीं पड़ना चाहते। संभव है कि अभी बारहवां मंत्री भी नहीं बनाया जाये, वैसे कांग्रेस इस पर दावा जता रही है।

# हेमंत न्यायिक हिरासत में जेल भेजे गये

- 13 दिनों तक इडी ने की पूछताछ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार जेल भेज दिया गया। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने 13 दिन की रिमांड के बाद गुरुवार को हेमंत को कोर्ट में पेश किया था। गौरतलब है कि इडी ने उन्हें जमीन फर्जीवाड़ा में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें 1 फरवरी को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया। इडी ने उन्हें कोर्ट से तीन बार रिमांड पर लिया और 13 दिनों तक पूछताछ की। हेमंत सोरेन की रिमांड अवधि गुरुवार को समाप्त होने के बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। कोर्ट में पेश होने से पहले इडी कार्यालय में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उनसे मिलीं। दोनों के बीच लगभग आधे घंटे तक बातचीत हुई।

## न्यूज रील्स

### रामलला के दरबार में नतमस्तक हुई गोवा कैबिनेट

अयोध्या। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ गोवा की पूरी कैबिनेट रामलला के दरबार में पहुंची और दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ आये सभी 51 सदस्यों ने रामलला के चरणों में माथा टेका। बृहस्पतिवार दोपहर को सभी अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे तो परंपरागत अंदाज में उनका भव्य स्वागत किया गया।

### अजित पवार गुट के विधायक अयोग्य नहीं

मुंबई। एनसीपी के विधायकों की अयोग्यता के मामले में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर फैसला सुना दिया है। उन्होंने विधायकों को योग्य बताते हुए उनके खिलाफ सभी याचिकाओं को रद्द कर दिया है। उन्होंने अजित गुट को असली एनसीपी भी बताया। अजित पवार के पास 41 विधायकों का समर्थन है। जुलाई 2023 में शरद पवार की ठउढ तोड़कर अजित पवार भाजपा सरकार के गठबंधन में शामिल हो गये थे। इसके बाद शरद गुट ने स्पीकर से पार्टी तोड़ने वाले विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की थी।

### हम फाइनेंशियल सर्वे करायेंगे: राहुल

सासाराम। कांग्रेस की न्याय यात्रा गुरुवार को बिहार के औरंगाबाद पहुंची। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि किसान दिल्ली जा रहे हैं, उन्हें छर्रे- टियर गैस के गोले मारे जा रहे। ये भाजपा-आरएसएस वाले नफरत फैला रहे हैं। मणिपुर को जला दिया गया। गरीबों को यहां न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना एक्स-रे है। हम फाइनेंशियल सर्वे भी करायेंगे। बतायेंगे कि किसके हाथ में कितना धन है। पिछड़ों के पास कितना है।

# गठबंधन से नेशनल कांफ्रेंस ने नाता तोड़ा


## फारूक अब्दुल्ला ने अकेले चुनाव लड़ने का किया एलान

- कहा- मोदी बुलायेंगे तो जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले आइएनडीआइए से एक और पार्टी ने दूरी बना ली। जम्मू-कश्मीर की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि पार्टी अपने चुनाव लड़ेगी। इससे पहले दिल्ली-पंजाब में आम आदमी पार्टी और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भी अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर चुकी हैं।

फारूक अब्दुल्ला ने एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि राज्य में किसी भी पार्टी के साथ वह गठबंधन नहीं करेंगे। यह पूछने पर कि क्या वह एनडीए में शामिल हो सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि हमारे खिड़की, दरवाजे खुले हुए हैं। अगर पीएम नरेंद्र मोदी उन्हें बात करने के लिए बुलायेंगे तो जरूर जायेंगे। यह पूछने पर कि क्या वह एनडीए में शामिल होंगे, इस पर फारूक ने कहा कि इस संभावना को नकार नहीं सकते हैं।



फारूक अब्दुल्ला के एलान के बाद उनकी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री मुश्ताक बुखारी भाजपा में शामिल हो गये। मुश्ताक प्रमुख पहाड़ी नेता हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर में पहाड़ी जातीय समूह को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने से खुश होकर वह भाजपा में शामिल हुए। जम्मू में भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना ने उनका स्वागत किया।


# राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी

- कई सांसदों का निर्विरोध चुना जाना तय
- भाजपा ने 7 मंत्रियों को दोबारा राज्यसभा नहीं भेजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामांकन भरने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 20 फरवरी को है। राज्यसभा की 56 सीटों पर 27 फरवरी को वोटिंग होगी। कई सांसदों का निर्विरोध चुना जाना तय है, जबकि कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में सीटों की तुलना में ज्यादा प्रत्याशी होने के कारण मतदान से सांसद चुने जायेंगे। राज्यसभा में सबसे ज्यादा 10 सीटें उत्तर प्रदेश में खाली हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार में 6-6, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में 5-5, कर्नाटक और गुजरात में 4-4, ओड़िशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, राजस्थान में 3-3, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ में 1-1 सीट खाली है। राज्यसभा में एनडीए के सांसदों की संख्या 114 है, जिसमें भाजपा के 93 सांसद हैं। कांग्रेस के 30 सांसद हैं। उच्च सदन के 50 सदस्य 2 अप्रैल को रिटायर होंगे, वहीं 6 सांसद 3 अप्रैल को रिटायर होंगे।

उधर, भाजपा ने राजस्थान में भी तीसरा कैंडिडेट के नाम का ऐलान नहीं किया। उत्तर प्रदेश में नामांकन के आखिरी दिन 8वां कैंडिडेट उतारा। भाजपा ने राज्यसभा से रिटायर हो रहे 28 में से केवल 4 सांसदों को ही दोबारा राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया है। वहीं 7 केंद्रीय मंत्रियों को राज्यसभा के लिए दोबारा नॉमिनेट नहीं किया है। इनमें स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जूनियर आईटी मिनिस्टर राजीव चंद्रशेखर, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, मत्स्य पालन मंत्री परषोत्तम रूपाला, उद्यम मंत्री नारायण राणे और जूनियर फॉरेन मिनिस्टर वी मुरलीधरन शामिल हैं। इस बात के भी मजबूत संकेत मिल रहे हैं कि इनमें से कई को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया जा सकता है।





# भारतीयों की रिहाई के बाद 'शुक्रिया' कहने कतर पहुंचे मोदी

- तमीम बिन हमद ने किया प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत

एजेंसी

**दोहा।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) की यात्रा के बाद कतर के दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के सबसे शक्तिशाली इंसान अमीर तमीम बिन हमद से मुलाकात की है। यह वही अमीर हैं, जिनके साथ पीएम मोदी की एक मुलाकात के बाद भारत के पूर्व नौसैनिकों की रिहाई का रास्ता साफ हो गया था। कतर के अमीर ने प्रधानमंत्री का रेड कारपेट स्वागत किया। मोदी को कतर की सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मोदी और कतर के अमीर के बीच काफी देर बातचीत भी हुई। यह मुलाकात पूर्व भारतीय नौसैनिकों की रिहाई के अलावा अरबों डॉलर की एलएनजी डील के बाद हुई है, जो अगले कई साल भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा। वहीं विश्लेषकों का कहना है कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा गाजा युद्ध के समय हो रही है।



भारत इजरायल का दोस्त है, वहीं कतर हमास के साथ खुल कर खड़ा है। माना जा रहा है कि इजरायल को लेकर भी इस मुलाकात में बातचीत हुई है। कतर ने इस सप्ताहांत आठ भारतीय नागरिकों को रिहा कर दिया, जिन्हें पहले गिरफ्तार किया गया था। ये सभी पूर्व भारतीय नौसैनिक हैं। कतर ने अगस्त 2022 में इन आठ भारतीयों को हिरासत में ले लिया था। अक्टूबर 2023 में कतर की अदालत ने उन्हें मौत की सजा सुनायी थी। इसके बाद भारत ने आपत्ति जतायी और उनकी रिहाई के लिए प्रयास किये। आखिरकार कतर ने उनकी सजा कम कर दी और अब रिहा कर दिया। इसमें पीएम मोदी और कतर के अमीर की मुलाकात ने बेहद अहम भूमिका निभायी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,000 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# राजनीति में अपनी उम्र से बड़े दिख रहे तेजस्वी

## ■ विधानसभा में भाषण से तेजस्वी ने साबित की अपनी परिपक्वता
## ■ विपक्ष के किसी नेता के भाषण की इतनी चर्चा पहले शायद ही हुई हो
## ■ राहुल, अखिलेश जैसे खानदानी नेताओं को रास्ता दिखा गये लालू के लाल

आजाद सिपाही विशेष

**तीन दिन पहले 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने विश्वास मत हासिल किया, लेकिन चर्चा इस बड़ी राजनीतिक परिघटना की उतनी नहीं हो रही, जितनी कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के भाषण की। भारतीय राजनीति में ऐसे बहुत ही कम क्षण आये हैं, जब किसी युवा नेता ने विधानसभा या संसद में इतना परिपक्व भाषण दिया हो। विधानसभा में उस भाषण से तेजस्वी यादव ने यही साबित किया कि वह राजनीति में अपनी उम्र से भी बड़े हैं। उनकी सूझबूझ और उनकी राजनीतिक समझ उनकी उम्र से कई गुना अधिक है। 12 फरवरी को विधानसभा में तेजस्वी का व्यवहार, शालीनता और बड़ों के लिए सम्मान, भविष्य की चिंता और राजनीतिक विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता ऐसी थी कि हर कोई, यहां तक कि उनके विरोधी भी उनकी तारीफ कर रहे हैं। तेजस्वी ने तमाम आरापों और सदन के बाहर की घटनाओं के बारे में न कुछ कहा और न ही नीतीश कुमार के प्रति अपना सम्मान कम किया। यहां तक कि उन्होंने पाला बदलनेवाले राजद विधायकों के लिए भी कड़वा नहीं बोला। तेजस्वी के भाषण में साफ झलक रहा था कि वह नीतीश कुमार से आहत हैं और प्रहार भी लगातार कर रहे हैं, लेकिन उनकी भाषा बेहद ही संयमित रही। खास बात यह भी रही कि वह यह संदेश देते नजर आये कि तेजस्वी यादव के पास सारे विकल्प खुले हुए हैं। लेकिन सवाल उठता है कि आखिर तेजस्वी यादव ऐसा क्यों कर रहे हैं और क्या होगा इसका राजनीतिक असर। इन सवालों का जवाब दे रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

अंग्रेजी साहित्य के पुरोधा और नाटककार विलियम शेक्सपियर ने अपनी मशहूर रचना 'ट्वेल्थ नाइट' में लिखा है : कुछ लोग जन्म से महान होते हैं, कुछ लोग महानता हासिल करते हैं और कुछ लोगों पर महानता लाद दी जाती है। तीन दिन पहले 12 फरवरी को विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के भाषण के बाद आसानी से कहा जा सकता है कि वह दूसरी श्रेणी में आते हैं, यानी वह ऐसे लोगों में हैं, जो महानता हासिल करते हैं। अपने भाषण से तेजस्वी ने वह सब कुछ साबित किया, जिसकी कल्पना सियासत में अक्सर होती है। लालू यादव के राजनीतिक उत्तराधिकारी ने अपने भाषण के जरिये साबित किया कि वह सामाजिक के साथ आर्थिक न्याय और क्लाइमेट जस्टिस के आयाम को जोड़ कर एक चिर टिकाऊ मुकम्मल मॉडल पेश करनेवाले और नये बिहार की रचना के लिए गंभीरता से प्रयास करनेवाले नेता हैं।

आज सियासत से लेकर बौद्धिक जगत में तेजस्वी यादव के भाषण की चर्चा हो रही है। यह सही समय है कि राहुल गांधी, अखिलेश यादव और एमके स्टालिन जैसे राजनीतिक उत्तराधिकारी और सत्ता, संपत्ति या आभिजात्य के अहंकार में डूबे तमाम लोग आत्ममंथन करें कि आखिर अपनी शक्ति और सामर्थ्य का वह कैसा उपयोग कर रहे हैं और देखें कि किस तरह तेजस्वी यादव लोकतंत्र के दरिया को नया मोड़ देने में जुटे हुए हैं।

बिहार विधानसभा में विश्वासमत में जीत तो नीतीश कुमार ने हासिल की, लेकिन तेजस्वी यादव ने दिल जीत लिया। इस वक्त जब नफरत और बदले की भावना को राजनीति का पर्याय बना दिया गया है, जब विरोधियों के लिए सम्मान का कोई भाव नहीं बचा है, विपक्षियों पर हर तरह का आक्रमण करनेवाले को ताकतवर माना जाने लगा है, तब तेजस्वी यादव के भाषण को सुनना एक सुखद अहसास जगा गया। नयी उम्मीदें जाग गयीं कि अगर तेजस्वी यादव जैसे कुछ और युवा नेता पूरे देश में बिना डरे, पूरी शालीनता के साथ तथ्यों सहित अपनी बात रखने लगें, तो लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है।

लालू यादव की तरह ठेठ अंदाज में तेजस्वी यादव ने भरी सभा में एलान कर दिया कि सांप्रदायिक शक्तियों को हटाने की मुहिम से नीतीश कुमार भले पीछे हट गये हैं, लेकिन उनके भतीजे यानी तेजस्वी इसके खिलाफ झंडा बुलंद करते रहेंगे। राजा दशरथ, राम का वनवास और कैकेयी के उदाहरण भी उन्होंने बखूबी दिये कि बुरी शक्तियां हर युग में मौजूद रहती हैं, उन्हें पहचानना जरूरी है। तेजस्वी यादव जितनी देर बोलते रहे, नीतीश कुमार असहज लगे। ऐसा लगा कि तेजस्वी सीधे उनके मर्म पर चोट कर रहे हैं और वह समझ रहे हैं कि तेजस्वी गलत नहीं हैं। नीतीश कुमार की पलटी और उनकी राजनीतिक मजबूरियों पर व्यंग्यकारों की तरह तेजस्वी ने चोट की।



यह भाषण इसलिए भी चर्चित हो गया, क्योंकि दो साल पहले बिहार विधानसभा के शताब्दी समारोह में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर तेजस्वी यादव ने चार मिनट का भाषण दिया था, और तब उनके कुछ जगहों पर अटकने की खबरों को मजाक बनाते हुए परोसा गया था। उसे बिहार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया था। कहा गया था कि तेजस्वी यादव की राजनीति अनुकंपा के आधार पर है, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह उलट गयी है।

विश्वास प्रस्ताव पर तेजस्वी यादव ने जिस शालीनता से विरोध का परचम लहराया, उसने यूपी के सीएम रहे मुलायम सिंह यादव की याद ताजा करा दी। दरअसल मुलायम सिंह कभी भी तीखा हमला नहीं करते थे। इस वजह से उनके राजनीतिक संबंध हमेशा सामान्य रहे। मुलायम सिंह ना केवल राजनेताओं से अच्छे रिश्ते रखते थे, बल्कि अगर कोई पत्रकार उनके खिलाफ लिख देता तो वह उसे अपने घर खाने पर बुला लेते थे। यही वजह है कि मुलायम सिंह यादव ने अपने पोते तेजप्रताप की शादी लालू की बेटी से करायी, तो उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे थे।

### विरोधियों के प्रति शालीन बने रहे तेजस्वी

बिना किसी लिखित सामग्री के तेजस्वी ने सदन में आधे घंटे से भी अधिक समय तक जो कुछ कहा, उससे साबित हो गया कि राजनीतिक रूप से वह बेहद परिपक्व हो गये हैं। उन्होंने जब नीतीश कुमार को राजा दशरथ बताया, तो बहुत से लोगों को लगा कि तेजस्वी ने खूब तैयारी की है। उन्होंने नीतीश कुमार को एक बार भी कटु शब्द नहीं कहा। अंतिम समय में पाला बदलनेवाले तीन विधायकों को भी उन्होंने जम कर सुनाया, लेकिन कोई ओछी बात नहीं की। नीलम सिंह को तो उन्होंने यहां तक कहा कि यदि उन्हें कभी कोई दिक्कत हो, तो वह बेझिझक राजद नेताओं से कह देंगी। चेतन आनंद और प्रहलाद यादव को भी उन्होंने शुभकामनाएं दीं। इतना ही नहीं, नयी सरकार में उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी पर भी खूब तंज कसा, लेकिन उनकी भाषा हमेशा संयमित रही। तेजस्वी ने कभी मर्यादा की सीमा नहीं लांघी। बिहार विधानसभा में तेजस्वी 40 मिनट बोले थे। इस दौरान तेजस्वी के संबोधन में नाराजगी थी, तल्खी थी, लेकिन गुस्से का भाव चेहरे पर नहीं था। जो लोगों को दिख रहा था, वह अनुशासन और संयम और आगामी राजनीति के लिए प्लॉट तैयार करने का भरोसा। यह तब भी दिखा, जब राजद के प्रहलाद यादव, नीलम देवी और चेतन आनंद पर उन्होंने अपनी बात रखी। उन्होंने सबको यह संदेश दिया कि जरूरत के वक्त तेजस्वी उनके लिए खड़े हैं।

### उदाहरण बन गये तेजस्वी

सत्ता हाथ से जाने के बाद भी तेजस्वी यादव ने आपा नहीं खोया। नेताओं को सम्मानजनक भाषा के साथ संबोधित किया, पर वे बात अपनी पूरी कह गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी बड़े ही नम्र भाव से संतुलित भाषा के जरिये यह अहसास करा डाला कि आपने गलत किया। भाजपा को भी एहसास कराया कि आप जिसके साथ सत्ता संभाल रहे हैं, उनके बारे में क्या-क्या नहीं कहा। सब ऑन रेकॉर्ड है। और अंत में भाजपा को सावधान रहने का इशारा करते हुए कहा कि मोदी के नाम पर गारंटी देनेवाले क्या इस बात की गारंटी देंगे कि नीतीश अब पलटी नहीं मारेंगे।

तेजस्वी के भाषण में वह सब कुछ था, जो एक नेता को नेता बनाता है। विरोधियों के प्रति सम्मान, लेकिन अपनी विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता और भविष्य की चिंता के साथ बिहार के विकास का विजन भी तेजस्वी के भाषण को चर्चित बना गया। उनके भाषण को लंबे समय तक याद रखा जायेगा और यह राजनीतिक उत्तराधिकारियों के लिए नजीर बन जाये, तो आश्चर्य नहीं होगा।

---

# आवास निर्माण के लिए 27 हजार और शौचालय के लिए 12 हजार मिलेंगे

**अबुआ आवास योजनाः 30,86,002 आवेदन में 29,93,311 का सत्यापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना से स्वीकृत आवास के लिए राशि के अलावा अकुशल मजदूरी-शौचालय निर्माण के लिए भी अलग से राशि दी जायेगी। ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा योजना से अभिषरण कर 27 हजार रुपये प्रत्येक इकाई निर्माण के लिए अकुशल मजदूरी के लिए प्रावधान कर दिया है।



वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 हजार रुपये शौचालय के लिए भी सहयोग राशि दी जायेगी। बता दें कि राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के अंतर्गत आवास विहिन, कच्चा घर में रहनेवाले गरीब परिवारों को तीन कमरे का पक्का आवास देने के लिए 30,86,002 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 29,93,311 आवेदन का अब तक सत्यापन कर लिया गया है। इनमें 29,97,183 आवेदन की इंट्री पोर्टल में कर दी गयी है। बता दें कि इस योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में दो लाख लाभुकों को आवास योजना स्वीकृत की गयी है। सभी जिलों में लाभुकों का चयन कर आवास निर्माण की पहली किस्त 30-30 हजार रुपये वितरित की गयी है। चार किस्तों में दो लाख रुपये दिये जाने हैं। ग्रामीण विकास विभाग ने पहली किस्त में 550 करोड़ रुपये आवंटित किया है।

# गीता कोड़ा ने किया सरेंडर, मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी केके मिश्रा की अदालत में आयकर रिटर्न नहीं भरने से जुड़े एक मामले में सांसद गीता कोड़ा ने गुरुवार को कोर्ट में सरेंडर किया। साथ ही जमानत अर्जी दाखिल की। अदालत ने 10 हजार के दो निजी मुचलकों पर जमानत की सुविधा प्रदान की।

**अपर न्यायायुक्त ने दी थी अग्रिम जमानत की सुविधा :** गीता कोड़ा को पिछले महीने अपर न्यायायुक्त की अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। इसके साथ ही निर्देश दिया था कि एक महीने के अंदर संबंधित कोर्ट में सरेंडर कर जमानत प्राप्त करें। उसी दिशा-निर्देश पर गीता कोड़ा ने कोर्ट में सरेंडर कर जमानत प्राप्त की।



**4 जनवरी 2012 को केस दर्ज हुआ था :** आयकर विभाग की ओर से आर्थिक अपराध के तहत गीता कोड़ा के खिलाफ 2009-10 में आयकर रिटर्न नहीं भरने को लेकर और उसकी सही जानकारी नहीं देने के आरोप में 4 जनवरी 2012 में केस दर्ज किया गया था।

### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के समीप विस्थापितों ने धरना दिया

# मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं, तो उग्र आंदोलन : सुबोधकांत सहाय

**विस्थापन से पहले हो पुनर्वास : अजय शाहदेव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा के बैनर तले एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के समक्ष गुरुवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। इसमें दो टूक कहा गया कि अगर विस्थापितों की मांग पूरी नहीं हुई, तो आर-पार का संघर्ष होगा। इसका नेतृत्व अध्यक्ष अजीत उरांव ने किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट क्षेत्र के विस्थापितों की सभी मांगें जायज हैं। विस्थापितों को हटाने से पहले पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण के बदले में पर्याप्त मुआवजा राशि का भुगतान किया जाना चाहिए। इस दिशा में केंद्र की मोदी सरकार हमेशा लापरवाही बरतती रही है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण वर्तमान मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ गोलबंद हो रहे हैं।



इसका खामियाजा केंद्र सरकार को भुगतना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कभी सेना द्वारा ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित कर ली जाती है, तो कभी एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया की ओर से ग्रामीणों को विस्थापित होने के लिए विवश किया जाता है। ऐसे में ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं।

कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया और भारतीय सेना द्वारा ग्रामीणों की अधिग्रहित की गयी जमीन का उचित मुआवजा यथाशीघ्र केंद्र सरकार दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाये। विस्थापितों को उनकी भूमि से बेदखल करने के पूर्व ग्रामीणों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाये, अन्यथा केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा कभी भी उग्र आंदोलन का रूप ले सकता है। धरना को एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष अजीत उरांव, पूर्व पार्षद सुधीर गोप समेत अन्य ने संबोधित किया।

# महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को गति देने के लिए रांची में विशेषज्ञों का जमावड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहरी आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार से रांची के होटल बीएनआर में शुरू हुआ। इस कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और शहरों में रहनेवाले गरीबों के जीवन स्तर में सुधार और गति लाने के तरीकों को गति देने की योजनाओं पर विशेषज्ञों ने सुझाव दिये। कार्यशाला की शुरुआत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की निदेशक शालिनी पांडेय ने की। इस दौरान उन्होंने शहरी आजीविका क्षेत्र में दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के




योगदान के बारे में बताया। आनेवाले समय में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में भी बताया। यूएनडीपी की प्रतिनिधि इसाबेले टिशान ने शहरी क्षेत्र में रहनेवाली कमजोर तबके (आर्थिक तौर पर) की महिलाओं की स्थिति और उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों के अलावा सशक्त बनाने के प्रयासों और समाज की मुख्यधारा में जोड़े जाने पर चर्चा करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**एसएचजी महिलाओं ने साझा किये अनुभव :** कार्यशाला में रांची नगर निगम के स्तर से संचालित तीन एसएचजी समूह की महिलाओं ने अपने आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे प्रयासों से जुड़े अनुभव को साझा किया। जयपुर, राजस्थान में पिंक सिटी में महिलाओं के द्वारा संचालित इ-रिक्शा सेवा और इससे महिलाओं के सशक्तिकरण के अनुभव को भी बताया गया। चर्चा के दौरान गरीबी के बहुआयामी कारणों और निदान पर चर्चा की गयी। इस दौरान देश भर के अलग-अलग राज्यों से आये एक्सपर्ट्स ने शहरी गरीबी के कारणों को समझने और उसने निदाने के लिए बेहतर योजना बनाये जाने पर विचार शेयर किया।

### आज कार्यशाला का होगा समापन

रांची में आयोजित इस कार्यशाला का आयोजन आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय केंद्र सरकार के दीनदयाल राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास विभाग झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। इसमें झारखंड के सभी नगर निकायों के अलावा देश भर के करीब सभी राज्यों से प्रतिनिधियों को आमंत्रित शामिल हो रहे हैं। 16 फरवरी को इसका समापन होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.2 °c | 13.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.43 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.21 बजे |



# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ झामुमो ने रखा उपवास

## मोरहाबादी में गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष बैठ कर इडी और भाजपा पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ झामुमो ने गुरुवार को उपवास रखा। राजधानी के मोरहाबादी मैदान में गांधी प्रतिमा के समक्ष बैठ कर इडी और भाजपा को कोसा, हमला बोला। जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में उपवास दिन के 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला।

मौके पर सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि झामुमो के सभी कार्यकर्ता हेमंत सोरेन को जल्द अपने बीच चाहते हैं। उनके साथ जो भी अन्याय हो रहा है, उसके खिलाफ सभी एकजुट होकर लड़ रहे हैं। हम सभी अनुशासित होकर उपवास कार्यक्रम में शामिल हुए। जिस प्रकार देश में गैर भाजपा शासित राज्यों के नेताओं को परेशान किया जा रहा है, वह जनता के सामने है। भाजपा के इशारे पर केंद्रीय एजेंसी इडी काम कर रही है।




जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार ने हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा है। इसी के खिलाफ झामुमो के कार्यकर्ता बापू प्रतिमा के समक्ष बैठ कर संकल्प लेते हैं कि वर्तमान के अंग्रेजों को भगाने का काम करेंगे और भाजपा का सूपड़ा साफ करेंगे।

उपवास में इनकी रही मौजूदगी

केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, सुशीला एक्का, चिंतामणी सांगा, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरु साहू, रामानंद बेदिया, रामशरण तिर्की, अरुण वर्मा, तालकेश्वर महतो, अफरोज आलम, आफताब आलम, महावीर विश्वकर्मा, मंटू लाला, संजय राय, विश्वजीत भट्टाचार्य, अरविंद सिंह देवल, जीत गुप्ता, कैथरीना तिर्की, जुल्फिकार खान, आदिल इमाम, नसीम गद्दी, सुजीत उपाध्याय, नयनतारा उरांव, मंजू महतो, उषा उरांव, राखी देवी, संध्या देवी, सुषमा बरदेवा, फरीद खान, शमीम मंसूरी, सुजीत कुजूर, विलियम रिचर्ड लकड़ा, धर्मेंद्र सिंह, सोनू मुंडा, आशुतोष वर्मा, अजीत नायक, सज्जाद अंसारी, माइकल रुंडा समेत अन्य मौजूद रहे।

### हेमंत की रिहाई के लिए सरनास्थल पर पूजा



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची के करमटोली चौक स्थित धुमकुड़िया भवन के समीप सरनास्थल पर पारंपरिक विधि-विधान से आदिवासी समाज की महिलाओं ने गुरुवार को पूजा-अर्चना की और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जल्द से जल्द रिहाई की मन्नत मांगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जांच एजेंसियों की मदद से झूठे और बेबुनियाद केस में फंसा कर हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया है। बता दें कि 31 जनवरी को जमीन खरीद-बिक्री मामले में पूछताछ के बाद इडी की टीम ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था।

# सदान मोर्चा की अधिकार मार्च रैली 27 फरवरी को

**ओबीसी को 36 प्रतिशत मिले आरक्षणः राजेंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा की रांची में 27 फरवरी को होने वाली मार्च अधिकार रैली की तैयारी को लेकर गुरुवार को चतरा परिसदन में तैयारियों पर चर्चा हुई। बताया गया कि रैली के बाद विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जायेगा। मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में बननेवाली सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया। कहा कि सदानों को अधिकार लेना है, तो मूलवासी सदान मोर्चा के आह्वान पर लोकसभा-विधानसभा चुनाव में वोट करें। राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बना कर सदानों के अधिकार को छीनने का काम कर रहे हैं। सदान पहले से ही बहुत सारे जिलों में सांसद-विधायक नहीं बन पाते हैं। इसके बाद सदानों को प्रमुख, मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने




कहा कि इतना ही नहीं, राज्य में 55 प्रतिशत आबादी होने के बाद 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान आयोग का गठन करने, जातीय जनगणना कराने, सदान से आने वाले सवर्णों का भी सर्वेक्षण कराने और पिछड़ी जातियों का गुमला सहित सात जिलों में आरक्षण शून्य है, उसमें सुधार करने को लेकर यह रैली हो रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा सीटों को संख्या 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केंद्र सरकार से की है, जिससे सदानों को भी विधानसभा और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके।

**इनकी रही मौजूदगी :** धुलेश्वर साव, मनोज कुमार चंद्रा, दुलारचंद साहू, संजय स्नेही, मुरारी गुप्ता, तन्हाई प्रसाद, राकेश प्रसाद, भारत साहू, सरिता देवी, मुरारी साहू, प्रभु दयाल, कमलेश कुमार, मुकेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार में अवरोध, विविध उलझनों का सामना होगा। परिश्रम-प्रयत्न से विघ्न-बाधाएं नष्ट होकर आर्थिक सफलता मिलेगी।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण, धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** रोजी-रोजगार में अनुकूल वातावरण, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**सिंह** कई लाभप्रद योजनाओं में रूचि बढ़ेगी, रूका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** नौकरी में उन्नति,बेरोजगारों को रोजगार के साधन उपलब्ध होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** परीक्षा-प्रतियोगिता,उच्चशिक्षा से सम्बद्ध युवाओं को अनुकूल परिणाम मिलेंगे।

**वृश्चिक** नये उत्साह और उमंग की वृद्धि होगी,भूमि-भवन,वाहनादि के क्रय-विक्रय से लाभ होगा।

**धनु** बुद्धि-चतुरता-वाकपटुता से कठिन काम भी सहज ढंग से पूरे हो जाएंगे, विरोधियों गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

**मकर** रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में अच्छे समय का उपयोग करें,वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कुंभ** किसी काम को उतावली से न करें,अनावश्यक उलझनों से कष्ट होने की संभावना।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

### पूर्व सांसद घूरन राम फिर लौटे भाजपा में

# बालू, कोयला, जमीन से पेट नहीं भराः बाबूलाल

**अब बेरोजगारों की नौकरी तक बेच दी**

**झामुमो, राजद, कांग्रेस के कइयों ने भाजपा का दामन थामा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सांसद घूरन राम समेत कांग्रेस, झामुमो और राजद के कइयों ने भाजपा का दामन गुरुवार को थामा। प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अन्य दलों से आये लोगों का स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 2024 में देश की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित है। हमें जन-जन के बीच में जाकर मोदी के संदेश को पहुंचाना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो 400 पार का लक्ष्य दिया है, उसे पूरा करना है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को परिणाम भुगतना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अगर लीक नहीं बदली, तो उन्हें भी ऐसे ही परिणाम के लिए तैयार रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के खान, खनिज, बालू, पत्थर सब को लूटा। बिचौलिये, दलाल को खुली छूट दी। जब इससे भी पेट नहीं भरा, तो नौकरी बेच दी। उन्होंने कहा कि दलाल, बिचौलिये के व्हाट्सएप चैट ने पूरा इतिहास-भूगोल बता दिया है।

**मौके पर इनकी रही उपस्थिति :** ज्वाइनिंग कमेटी के प्रदेश संयोजक डॉ रवींद्र कुमार राय, माधव चंद्र महतो, ब्रजेंद हेंब्रम, राजेंद्र मुंडा, शिवपूजन पाठक, आरती कुजूर, बालमुकुंद सहाय, अशोक बड़ाइक, विनोद चंद्रवंशी, उमेश सिंह, मनदीप राम, उमेश सिंह, विजय मेहता, सुरेश कुमार, मुकेश गौड़, सन्नी चंद्रवंशी, बृज बिहारी सिंह, विनोद चंद्रवंशी, जसमुद्दीन अंसारी, ननी गोपाल गोराई समेत अन्य उपस्थित थे।



**देश तेजी से विकास कर रहा : घूरन**

पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि भाजपा ही सभी समाज का सम्मान करती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आज तेजी से विकास कर रहा है। तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### सीएम ने जिलिंगगोड़ा में लोगों की सुनी परेशानी

# समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार का हमेशा से प्रयास रहा है कि जनता की परेशानियों का निदान कर सकें। मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसांवा जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैत्रिक गांव जिलिंगगोड़ा में मुलाकात करने आये लोगों से उक्त बातें कहीं। मौके पर लोगों ने अपनी समस्याओं और परेशानियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का त्वरित और यथोचित निराकरण होगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि उनके सुख-दुःख में सरकार हमेशा खड़ी है। यही वजह है कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अधिकारियों का दल आपके दरवाजे पर पहुंचा और समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका समाधान किया। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा, क्योंकि यह आपकी सरकार है। हम सभी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। क्योंकि जन भागीदारी से ही राज्य का विकास संभव है।



# अब युवाओं की नौकरी भी बेच रही है सरकारः सुदेश

**सैकडों युवाओं ने थामा आजसू का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि गठबंधन की सरकार को भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय चाहिए। सत्तारूढ़ दल अन्याय करने के लिए न्याय यात्रा पर है। इन्होंने पूरे देश में राज्य के परिचय को बदल कर साख को खराब किया है। कोयला, पत्थर, बालू को बेचने वाली यह सरकार अब युवाओं की नौकरी भी बेच रही है। आज युवाओं को अपने सामने अंधेरा है। सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव निकेश कुमार लाल और अभिरंजन तिवारी के नेतृत्व में कई युवाओं और बुद्धिजीवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही एप्सेंसिस ग्रुप के निदेशक मनीष पांडेय ने पार्टी का दामन थामा।

सुदेश महतो ने कहा कि सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए राजनीतिक दायित्व और जवाबदेही को निभाना होगा। अलग-अलग पेशे के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं। युवाओं की राजनीति में आने से अच्छा माहौल पूरे प्रदेश में विकसित हो रहा है। यह एक बड़े विचार को खड़ा करेगा। आने वाले समय में आजसू पार्टी का दायित्व बढ़ने वाला है। हमने हर विचार को जगह देने का काम किया है। राजनीति थोपी हुई विचारों से नहीं चलती है। आम विचारों को नेतृत्व करने वाली पार्टी है आजसू।

सदयस्ता ग्रहण करनेवाले निकेश लाल ने कहा कि सुदेश महतो के विचारों से पिछले कई सालों से जुड़ा हुआ हूं। राज्य की परिस्थिति और जनता की सेवा के लिए आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं। अधिवक्ता प्राची नारायण, मनीष कुमार सिन्हा, प्रो दीपक कुमार गुप्ता, रेखा सिन्हा और मनीष कुमार पांडेय ने भी संबोधित किया।

**समारोह में रही उपस्थिति :** डोमन सिंह मुंडा, मुकुंद चंद्र मेहता, हसन अंसारी, डॉ देवशरण भगत, रीना गोडसरा, डॉ सुधीर यादव, मनोज सिंह, पंकज श्रीवास्तव उपस्थित थे।



**इन्होंने ली सदस्यता**

उद्यमी देवाशीष चटर्जी, विक्रम साबू, निकेश कुमार लाल, राहुल जयसवाल, अभिषेक कुमार, नवीन सिंह, अभिषेक कुमार, रवि कुमार, मंटू कुमार, कुंदन सिंह, विकास अग्रवाल, आकाश देव, नितिन भास्कर समेत अन्य पार्टी का दामन थामा।

# सीएम से मिले बीएयू के वीसी-एनसीसी के एडीजी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इनके अलावा मुख्यमंत्री से एनसीसी बिहार-झारखंड के एडीजी मेजर जनरल एएस बजाज ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर एनसीसी ग्रुप कमांडर रांची, ब्रिगेडियर वीएस यादव और ग्रुप कमांडर हजारीबाग ब्रिगेडियर राजेश कारेल उपस्थित रहे।

# सीएम से मिले प्रशासनिक सेवा संघ के पदाधिकारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से झारखंड मंत्रालय में झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेंब्रम और महासचिव राहुल कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। संघ ने शिष्टाचार मुलाकात में प्रशासनिक मुद्दों पर भी विमर्श किया। मुख्यमंत्री को प्रशासनिक सेवा संघ की ओर से हर संभव सहयोग करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने संघ की बातों को ध्यान से सुना और आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय चौबे भी उपस्थित थे।

# सुप्रीम कोर्ट का इलेक्टोरल बांड रद्द करने का फैसला ऐतिहासिकः सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से इलेक्टोरल बांड पर लगायी गयी रोक के फैसले का झामुमो ने स्वागत किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 13 मार्च का दिन ऐतिहासिक दिन होगा। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बांड के जरिये मिले पैसे की जानकारी को आरंभ से आरटीआइ के दायरे से बाहर रखा गया। ये केंद्र की बीजेपी सरकार का गलत निर्णय था। कहा कि देश की जनता को ये जानने का अधिकार है कि कौन से लोग या कौन सी कंपनी ने किस दल को चंदे के रूप में कितना पैसा दिया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को 13 मार्च तक विभिन्न राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल बांड के जरिये मिली राशि का ब्योरा अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने का आदेश दिया है। इलेक्टोरल बांड पर रोक के फैसले को सही ठहराते हुए सुप्रियो ने आगे कहा कि इससे ये पता चल सकेगा कि देश को बेचने और खरीदने वाले कौन हैं।

**फैसले को रोकने के लिए अध्यादेश जारी कर सकती है :** उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने इससे संबंधित जानकारी को सार्वजनिक नहीं करने का नियम बनाया है। इससे कोई भी जान सकता है कि सीनाजोरी क्या होती है। किसी को सीनाजोरी करना सीखना हो, तो वो बीजेपी से सीखे। सुप्रियो ने आगे कहा कि बीजेपी सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रोकने के लिए अध्यादेश जारी कर सकती है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2014 के बाद पूंजीपति लोगों की कैसे रक्षा की जाये, इसके लिए चुनावी बांड की शुरुआत की गयी। 2014 से पहले नरेंद्र मोदी पूरे देश का भ्रमण कर रहे थे और एक विशेष विमान मिला था। वह विमान एक विशेष समूह ने दिया था। उस समूह का नाम अडानी था।




**देश बेचने-खरीदनेवालों के चेहरे होंगे बेनकाब**

सुप्रियो ने कहा कि 13 मार्च को जब चुनाव आयोग अपनी वेबसाइट पर राजनीतिक दलों को मिली राशि का ब्योरा प्रकाशित करेगा, तो इससे कई चेहरे बेनकाब होंगे। जिन लोगों ने इलेक्टोरल बांड के जरिये सरकार को खरीदने और नीतियों को प्रभावित करने का काम किया है, उनके बारे में 13 मार्च को देश को पता चल जायेगा। साथ ही कहा कि इससे अंबानी और अडानी जैसे लोगों के चेहरे पर नकाब हट सकेगा। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बांड से संबंधित सारी जानकारी देने के लिए सेबी को 6 मार्च तक का समय दिया है। सेबी ये जानकारी चुनाव आयोग को देगा इसके बाद आयोग को इसे 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। उन्होंने कहा कि क्या इडी सूची जारी होने के बाद प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और जेपी नड्डा को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। देश बेचनेवाले और खरीदने वालों को सभी जानते हैं। भाजपा अदालत से बच सकती है, लेकिन मई में जनता की अदालत से कैसे बच पायेगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय ने साबित कर दिया कि इस देश में देर जरूर है मगर अंधेर नहीं।

# हाइकोर्टः न्यूक्लियस मॉल मामले में फैसला सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ यूनियन ऑफ इंडिया की ओर से कैप्टन सुष्मिता बनर्जी की अपील की सुनवाई गुरुवार को हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रतिवादी चैलिश रियल स्टेट की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया, अधिवक्ता इंद्रजीत सिंह और अधिवक्ता अर्पण मिश्रा ने पक्ष रखा। हाइकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता सेना के अधिकारियों की याचिका को 5 अप्रैल 2023 को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ सेना की ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गयी थी। खंडपीठ ने बीते नवंबर माह में जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल के कंस्ट्रक्शन पर रोक लगा दी थी।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
04

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शारदा विद्या मंदिर योगियाटिल्हा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन जिप सदस्य मध्य प्रीति कुमारी, मुखिया सविता देवी, पूर्व मुखिया श्यामसुंदर यादव, पंसस बबीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर अतिथियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कराया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनाया। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन विधायक अमित कुमार यादव, जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रमुख अंजु देवी, जिप सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया राजकुमार यादव, सुरेश यादव सहित कई लोगों ने किया। विज्ञान प्रदर्शनी को सफल बनाने में प्राचार्य विजय कुमार यादव, निदेशक वासुदेव गोप, विज्ञान के शिक्षक के दिशा-निर्देश में संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सचिन यादव, सिकंदर सिंह, सुजीत रजक, रंजीत रजक, महेश बर्णवाल, सत्यदेव यादव, आजाद अंसारी और शिक्षकेतर कर्मी, अतिथि और सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

## मां शारदे की पूजा भक्ति-भाव के साथ हुई



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर्श शिशु +2 उच्च विद्यालय बाघमारा, डीएवी + 2 हाई स्कूल आल्हो में बसंत पंचमी को ज्ञान बुद्धि कला और विद्या की देवी मां शारदे की पूजा अर्चना भक्ति भाव के साथ हुई। पूजा पण्डालों में या देवी सर्वभूतेषु विद्या रूपेण संस्थिता, नमस्ते नमस्ते नमस्ते नमो नमः सहित अन्य सरस्वती संगीत गूंजता रहा। हालाकि रुक-रुक कर हो रही वर्षा की वजह से कुछ घंटे के लिए पूजा में व्यवधान उत्पन्न हुई। वहीं जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, पूर्व जिप सदस्य पवन सिंह, उप प्रमुख राज नारायण सिंह, समाजसेवी अरमान खान, पूर्व मुखिया भीम कुमार यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, उप मुखिया उमाशंकर यादव, प्रदीप साव, विजय यादव, कृष्णदेव यादव सहित कई लोगों ने पूजा पंडाल का भ्रमण किया। आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, प्राचार्य प्रो.दशरथ प्रसाद राणा, लक्ष्मण चंद्र यादव, महेश्वर पांडेय, वहीं डीएवी प्लस टू हाई स्कूल के प्राचार्य राजकुमार यादव उप प्राचार्य राजेश यादव सहित कई शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## भाकपा ने आम हड़ताल का किया समर्थन


**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संयुक्त किसान मोर्चा और सभी ट्रेड यूनियनों के द्वारा देशव्यापी भारतबंदी और आम हड़ताल को समर्थन दिया है। कहा कि भाकपा जिला परिषद सड़क पर उतरकर समर्थन करेगी 16 फरवरी को ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया से जुलूस निकालकर महाराणा प्रताप चौक के पास सभा की जायेगी। सभा को भाकपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य और जिप सदस्य महादेव राम, भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, एटक नेत्री सोनिया देवी, महेश प्रसाद सिंह, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन आदि लोग भी संबोधित करेंगे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल के छह छात्रों ने जेइइ मेंस परीक्षा में पायी सफलता



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के 6 छात्रों ने जेइइ मेंस परीक्षा में सफलता पायी है। इन छात्रों में युग बड़गवे, दिव्या कुमारी, शुभम कुमार, शशिकान्त मोदी, सुहानी कुमारी और पियूष कुमार मोदी के नाम शामिल हैं। प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि इन छात्रों ने आइआइटी जेइइ मेन 2024 के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने बताया कि जिसमे युग बडगवे ने एनटीए 2024 में सर्वाधिक स्कोर 99.62 परसेंटाइल के साथ जिले का टॉपर बना है। जबकि दिव्या कुमारी काएनटीए स्कोर 88.58 और शुभम कुमार का एनटीए स्कोर 82.83 रहा है। छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, पूर्व प्राचार्य नवीन कुमार, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, जेपी सिंह, संजय तिवारी, विक्रम कुमार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, शंकर कुमार, फैयाज कैसर, रणजीत सिंह, पायल सिंह, अभिलाषा सिंह, पवन ठाकुर, राकेश पांडेय, कुंदन राणा समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जिले के नये एसपी से मिले कांग्रेस नेता



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** जिले के नये पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह से केरेडारी प्रखंड के कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने गुरुवार को हजारीबाग स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में औपचारिक भेंट किया है हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए प्रेमरंजन पासवान, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बिस सूत्री उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि प्रशासनिक चंदन गुप्ता और कंडाबेर मुखिया दिनेश साव ने नये पुलिस कप्तान अरविन्द कुमार सिंह को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत भी किया। मुलाकात के दौरान नेताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को विस्तार पूर्वक रखा है। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में कई कोल कंपनियां कार्य कर रही है इसमें सुरक्षा के दृस्टिकोण से पुलिस प्रशासन की भूमिका अहम हो जाती है।

# आठ साल के बच्चे का अपहरण, पांच लाख फिरौती की मांग, चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चलकुशा/हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले से एक आठ साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया है। चलकुशा प्रखंड के चांदनी चौक स्थित उसकी दुकान से अपराधियों ने बुधवार की शाम में उसका अपहरण किया। अपहर्ताओं ने छोड़ने के एवज में फोन पर पांच लाख फिरौती मांगी। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। अभी तक बच्चे की बरामदगी नहीं हुई है।



### दुकान से बच्चे का अपहरण

हजारीबाग जिले के चलकुशा प्रखंड के चांदनी चौक से दिनेश साव का आठ वर्षीय पुत्र दीपक साव बुधवार की शाम को अपनी दुकान से लापता हो गया। परेशान परिजनों ने कई जगहों पर उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका सुराग नहीं मिला। आखिरकार परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस रेस हो गयी और मोबाइल लोकेशन के आधार पर चार लोगों को अरेस्ट कर लिया और पूछताछ कर रही है, लेकिन अब तक बच्चा बरामद नहीं हो सका है।

### आरोपी गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि बुधवार की रात करीब 8:30 बजे अपहर्ता की ओर से 7739661579 से दिनेश साव को फोन आया और पांच लाख की फिरौती की मांग की गयी। फिरौती की रकम इसी नंबर के फोनपे पर भेजने को कहा गया। लड़के की मां चमेली देवी ने रात लगभग 9:30 बजे चलकुशा थाने को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर चलकुशा थाने की पुलिस हरकत में आ गयी और मोबाइल लोकेशन के आधार पर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# छबेलवा वन में जंगल को बचाने का लिया संकल्प

1 मार्च 2009 में छबेलवा वन में रक्षा बंधन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** जन जंगल और जल बचाव समिति मोक्तमा के तत्वावधान में प्रखंड के मोकतमा गांव के छबेलवा वन में वृक्षो का रक्षा बंधन कर वृक्षों को बचाने का संकल्प किया गया। सर्व प्रथम सुबह करीब साढ़े आठ बजे समिति के लोगों द्वारा वृक्ष के नीचे वन देवी और प्रकृति की पूजा की गयी। उसके बाद यूपी से आये स्वंय सेवी संस्था स्यामला के अमित कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, खातियानी परिवार के नागेश्वर मेहता, समाजसेवी रामलखन मेहता, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, समिति के मुख्य संरक्षक जेपी मेहता, संरक्षक महेश कुमार मेहता, अध्यक्ष बद्री मेहता, सचिव रितन प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष शिव कुमार मेहता, संगठन मंत्री प्रमोद कुमार, मीडिया प्रभारी रामावतार स्वर्णकार, रंजीत कुमार, भुनेश्वर प्रसाद मेहता, प्रो राजेन्द्र यादव ने अपने अपने विचारों को रखा और वृक्षों को रक्षा बंधन का उद्देश्य को बताया। 1 मार्च 2009 में छबेलवा वन में रक्षा बंधन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था। इसके लिए प्रारंभ में जेपी मेहता, महेश कुमार मेहता, हृदयाशु कुमार, राम प्रकाश मेहता, रामावतार स्वर्णकार और प्रमोद कुमार ने इसकी शुरूआत की। इसके बाद यह कार्यक्रम धीरे-धीरे बढ़ता गया और लोगों का जुड़ाव होता गया। मोक्तमा में 79 हेक्टेयर भूमि वन क्षेत्र में फैला हुआ है। जो जागरूकता के अभाव में आस पास के लोग उसे हमेशा उजाड़ते रहते थे। वन भूमि का अतिक्रमण होता रहा था। परंतु मोक्तमा के ग्रामीणों के सहयोग से और जन जंगल और जल बचाव समिति के सक्रियता से आज यह वन अपने आप मे अनोखा वन के रूप में है। जहां एक ओर ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं, दुकानदारों ने इसके लिए सहयोग करते हैं वहीं दूसरी ओर वन विभाग द्वारा कभी किसी तरह का कोई सहयोग नहीं मिल पाता है।



# सरस्वती पूजा पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम

विद्यालय और शिक्षा के विकास में ग्रामीणों और अभिभावकों का सहयोग जरुरीः अमित यादव

शिक्षा से होता है मानव का विकास है : जानकी यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदगढ़ के प्रांगण में सरस्वती पूजा के अवसर पर संध्याकालीन वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, बेडोक ला मुखिया रिंकी देवी, 20सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, प्रधानाध्यापक मो रियाजउद्दीन उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने क्षेत्र वासियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सर्वांगीण विकास होता है। जानकी यादव ने कहा कि ज्ञान ही शक्ति है, जानकारी स्वतंत्रता है, प्रत्येक परिवार और समाज में शिक्षा प्रगति का आधार है। कार्यक्रम का संचालन हैदर अली, लाडली प्रवीन और तबस्सुम खातुन ने किया। इस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में ईश्वर वंदना, स्वागत गीत, वन और पर्यावरण संरक्षण पर अभिभाषण, आदिवासी नृत्य देश भक्ति, पंजाबी तड़का और स्वच्छता क्यों जरूरी है, जैसे कार्यक्रम लोगों का मन मोह लिया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पांडेय अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड में अध्यक्ष शशिभूषण प्रसाद, सचिव रामकिशुन महतो, चलकुशा प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार, यमुना साव, रामचंद्र प्रसाद, सहायक अध्यापक शिक्षक संघ के सचिव सुकर ठाकुर, कोषाध्यक्ष बहादुर ठाकुर, रेयाज अंसारी, मनोज राणा रियासत अंसारी, वरीय शिक्षक लक्ष्मण मिर्धा, कुमार राहुल देव, चांद अंसारी और नागेश्वर हजाम मुख रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक अध्यापक छोटेलाल राम, वीणा कुमारी, सिकंदर कुमार राज, सुनीता यादव और मुबारक अंसारी अपनी महती भूमिका निभाई। जबकि सहयोग दिव्या कुमारी, साहीन खातुन, पिंकी कुमारी और गुलाम अंसारी ने किया।



# दिशा की बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं की हुई समीक्षा, दिये गये आवश्यक निर्देश

केंद्र प्रयोजित योजनाओं खासकर जलापूर्ति, विद्युत, आपूर्ति, शिक्षा आदि जनहित की योजनाओं की अद्यतन प्रगति पर समीक्षा की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला विकास समन्वय और मूल्यांकन समिति की समीक्षात्मक बैठक सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। दिशा की बैठक में केंद्र प्रयोजित योजनाओं खासकर जलापूर्ति, विद्युत, आपूर्ति, शिक्षा आदि जनहित की योजनाओं की अद्यतन प्रगति पर गहन समीक्षा की गयी। मौके पर जिले में जलापूर्ति से संबधित योजनाओं की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में छड़वा और कोनार जलापूर्ति के धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सांसद ने कहा कि परियोजना अपने निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही है। स्थानीय लोगों को घरों तक पेयजल सुनिश्चित कराने के लिए उन्होंने उपायुक्त को निदेशित किया कि परियोजना पूरा करने में आ रही समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के साथ साप्ताहिक मॉनिटरिंग कर आ रही अड़चनों को दूर करने और यथाशीघ्र परियोजना को पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

इस क्रम में जन जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए निर्मित किये जा रहे जलमीनार, पाईपलाईन, डीप बोरिंग, वाटर कनेक्शन आदि की समीक्षा के क्रम में जनप्रतिनिधियों के द्वारा खराब गुणवत्ता की शिकायतों पर जिला और प्रखंड स्तर पर मॉनिटरिंग कमिटी गठन करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीबों को मिलने वाले अनाज की सही मात्रा सुनिश्चित कराने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उपभोक्ताओं के बीच अनाज की मात्रा और शिकायत निवारण के लिए जारी टोल फ्री न. को सभी पीडीएस दुकानों में प्रदर्शित करने, व्यापक प्रचार-प्रसार करने और प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन सहित पंचायत स्तर पर गठित निगरानी समिती की मौजूदगी में राशन वितरण हो यह सुनिश्चित करें। बिजली बिल में त्रुटि के समाधान के लिए एकल खिड़की को सभी डिवीजन और प्रखंड के विद्युत केन्द्रों में नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बरही, बरकट्ठा और सदर विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत संचालित योजनाओं की समस्याओं से अवगत कराया। जिसपर संज्ञान लेते हुए सांसद ने जिला प्रशासन के विभागीय अधिकारियों को योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

बैठक में सांसद सहित बरही विधायक उमा शंकर अकेला, बरकट्टा विधायक अमित यादव, सदर विधायक मनीष जायसवाल, 20 सूत्री सदस्य, प्रखंड प्रमुख सहित यांत्रिकी विभाग के अभियंता, जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।



## टेकलाल महतो की मनी 81वीं जयंती



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** मांडू पूर्व विधायक सह गिरिडीह पूर्व सांसद टेकलाल महतो की 81वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय परिसर में टेकलाल महतो की आदम कद प्रतिमा के समक्ष मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने पूजा अर्चना कर, माल्यार्पण करते हुए नमन किया। मांडू विधायक की धर्मपत्नी ललिता देवी, चन्द्रनाथ भाई पटेल, नीलम पटेल, पूर्व जिला परिषद सरस्वती देवी, नीतू राज पटेल समेत परिवार के सदस्यो ने भी आदमकद प्रतिमा के समक्ष नमन करते हुए माल्यार्पण किया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आज बड़ा सुखद संयोग है, पिता जी के जयंती के साथ मां सरस्वती का भी महाविद्यालय में दर्शन किया, इसे संयोग ही कहा जा सकता है कि मेरे पिताजी का भी शिक्षा के प्रति बहुत झुकाव था। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल महामंत्री गुरु प्रसाद साव, अनिल कुमार राय, सोमर महतो, गिरिजा शंकर, हिरामन महतो, राजेश सोनी, हरि यादव, जीवन सोनी, दिनेश मंडल, महेंद्र महतो, किशोर यादव, मनोज यादव, प्राचार्य रामचंद्र राम, मोती राम, रवि कुमार, जयनंदन महतो, आकाशदीप महतो, ललित कुमार महतो, किशन राज, कृष्णा बैठा, राहुल गुप्ता, सुमंती कुमारी, सुशीला कुमारी, जयराम महतो, पारसनाथ सिंह, रामप्रसाद महतो, पवन प्रताप सिंह, कुंदन ठाकुर, रीतलाल महतो प्रेमचंद महतो, किस्टु महतो आदि शामिल थे।

## सरस्वती माता को श्रद्धापूर्वक दी विदाई



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। साथ ही बसंत ऋतु का आगमन भी हो गया विद्यार्थियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर ज्ञान, विद्या के लिए प्रार्थना किया और हवन आरती कर माता के गीत पर झूमे श्रद्धालु एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर विद्यालय और काल्बो से माता की जयकारे लगाते हुए प्रतिमा को तालाब में विसर्जन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो, खैरा, टाटीझरिया, खंभवा, अमनारी, डहरभंगा, डूमर, धरमपुर, बेड़म, सहित अन्य गांवों में माता सरस्वती की पूजा कर विसर्जन किया गया। प्रखंड क्षेत्र में बहुत ही पूजा पंडाल में प्रतिमा का विसर्जन आज किया जायेगा। टाटीझरिया थाना के प्रशिक्षु उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी अनुभव भारद्वाज दल बल के साथ पंडाल और विद्यालय में पूजा स्थल का निरीक्षण देते नजर आये और गाड़ी में बंधे डीजे को खोलवाने में व्यस्त दिखा। प्रत्येक वर्ष विद्यालय के बच्चों ने डीजे के धुन में झुमते नजर आता था लेकिन इस वर्ष प्रशासन द्वारा अनुमति नही मिलने के कारण विद्यालय में ही नृत्य कर शांतिपुर्ण मूर्ति का विसर्जन किया गया प्रखंड के सभी विद्यालयों का मुर्ति विसर्जन किया गया।

## झारखंड श्रमिक संघ जिला समिति की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिला परिषदन भवन में झारखंड श्रमिक संघ जिला समिति की अहम बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजा मोहम्मद और संचालन बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह के द्वारा किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी बिस्तार करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय कोषाध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा की मजदूरों को संगठित करने और उनकी समस्याओं को समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। तथा मजदूरों का उन्हें अपने हक व अधिकार दिलाने का काम किया जायेगा। वही संजय सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत करने को लेकर जल्द ही जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी का विस्तार किया जायेगा। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष लखन लाल महतो, जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू, मोहम्मद ताहिर, नइम राही के अलावा अन्य कई उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने लाभुकों के बीच बांटे कंबल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के द्वारा बड़कागांव प्रखंड के सिंदुवारी पंचायत के सोनबरसा गांव में जरूरत मंद 100 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वितरण के मौके पर सिंदुवारी पंचायत के मुखिया करम राम, एनटीपीसी पकरी बरवाडीह की ओर से कार्यपालक सिद्धि गुप्ता, रजनीश और सतीश कुमार मौजूद थें। मौके पर सिद्धि गुप्ता ने कहा कि पोषक क्षेत्र में इस वर्ष हजार ऑन जरूरतमंद लोगों के बीच परियोजना द्वारा कंबल का वितरण किया गया। ठंड को देखते हुए आगे भी जारी है। कंबल पाने के बाद लोगों में खुशी देखा गया। ग्रामीणों ने एनटीपीसी पकरी बरवाडीह को धन्यवाद और आभार प्रकट किया है।

## ढिबरा मजदूरों का अनिश्चितकालीन धरना जारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय में ढिबरा मजदूरों का धरना जारी रहा। चौथे दिन धरणा को इंदरवा बस्ती और तिलैया बस्ती के ढिबरा मजदूरों ने कमान संभाली। बता चले की ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने आंदोलन को लंबे दिनों तक चलाने को लेकर 100 गांव के ढिबरा मजदूरों को एक-एक दिन धरना की कमान संभालने की जिम्मेवारी दी है। संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा घटवार ने बताया कि प्रशासन आंदोलनकारियों से फिलहाल दूरी बना कर रखी है। धरना लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि ढिबरा का मुद्दा इसबार सामाजिक, राजनीतिक स्तर पर बदलाव लायेगी। जो लोग ढिबरा मुद्दा पर 5 साल खामोश रहे, उन्हें जनता जबाब देगी। मौके पर मसोमात गायत्री, सावित्री देवी, मुंदरी देवी, रधिया, चमेलवा देवी, देवन्ती देवी, प्रमिला देवी, बसंती देवी, कारी देवी, मो गीता, बलिया देवी, चिंता देवी, बिशनी देवी, गुड़िया देवी, पार्वती देवी, मंजु देवी, सुनीता देवी, प्रमिला देवी, मुन्नी देवी, लीला देवी, कुलवा देवी, लीला देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## कुजू में जिप सदस्य दयामंति ने किया डेली मार्केट कांप्लेक्स का निरीक्षण



कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू प्रखंड जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी ने गुरुवार को करीब चार करोड़ रुपये की लागत डीएमएफटी फंड से नया बाजार टांड़, कुजू स्थित डेली मार्केट कॉम्प्लेक्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 4 साल से बने डेली मार्केट में अब तक योग्य लाभुकों को दुकान आवंटित नहीं किया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मार्केट में बने सभी दुकान अब खुलने के लायक हो चुके है। इस मामले को लेकर जिप सदस्य तत्काल डीडीसी से मुलाकात कर मार्केट खोलने का आग्रह करते हुए आवेदन सौंपा। साथ ही, जल्द से जल्द से योग्य लाभुकों को दुकान देने की मांग की। उन्होंने कहा है कि जिला परिषद की बैठक चर्चा में डेली मार्केट में ड्राफ्ट के माध्यम से 5 माह पूर्व ही दुकान आवांटन होने के बावजूद भी अभी तक दुकान न मिलने लाभुको में मायुसी है। पूर्व में भी दुकान आवांटन को लेकर 4 जुलाई 2023 को भी मेरे द्वारा आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक इस पर पहल नहीं हुआ है। वही, डीडीसी ने जिप सदस्य को जल्द से जल्द लाभुकों को दुकान एलाटमेंट करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान जिप प्रतिनिधि ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, पंसस प्रतिनिधि सुरेश केशरी, समाजसेवी कुलेश्वर प्रसाद शामिल रहे।

## भंडारे के साथ श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन गुरुवार को पूजा अर्चना और हवन के बाद भव्य भंडारे के साथ किया गया। अयोध्या से आये यज्ञ स्वामी रामाणचार्य वेदांनती की देख रेख में प्राण प्रतिष्ठा का समापन किया गया। उनके द्वारा प्रत्येक दिन प्रवचन दी जा रही है और लोगों को भगवान के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। वहीं प्रत्येक दिन काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु के द्वारा यज्ञ मंडप में फेरी दी जा रही है भंडारे में दर्जनों गांव के काफी संख्या में महिला श्रद्धालु पहुंचे थे और प्रसाद ग्रहण किये कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिरुद्ध सिंह मनोज सिंह, संतोष सिंह, वरुण सिंह, नवल सिंह, गौरव सिंह, कारू सिंह, सरजू मिस्त्री रविंद्र यादव, जनार्दन सिंह, मुन्ना सिंह, पारसनाथ सिंह के अलावा कमेटी के सभी सदस्य ने अहम भूमिका निभाई।

## हिंदुस्तान स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम




हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बिहिया हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल में गुरुवार को सरस्वती पूजा के मौके पर बच्चों द्वारा शिक्षा, दहेज प्रथा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी जयहिंद पासवान, अर्जुन यादव सहित अन्य लोग शामिल हुए। संचालन स्कूल के प्रिंसिपल विमलेश यादव के द्वारा किया। मौके पर उपस्थित छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। दहेज -प्रथा और शराब उन्मूलन पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। गीत संगीत के अलावा वाद-विवाद और भाषण भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष प्रताप यादव, मनोज सिंह, बेचन पासवान सहित काफी संख्या में बच्चे और ग्रामीण उपस्थित थें।

## विधायक ने की मां सरस्वती की पूजा अर्चना



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। विभिन्न पूजा पंडालों में विधायक सुनीता चौधरी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। साथ ही क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मौके पर विधायक सुनिता चौधरी ने सभी उपास्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने से मानसिक और बौद्धिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। मौके पर केंद्रीय कोषाध्यक्ष विमल बुधिया, केंद्रीय सदस्य रीना साह, एकल अभियान राष्ट्रीय संरक्षक श्री मान ज्ञान ब्रह्म पाठक, एबीभीपी की स्मृति सौरभ, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, जिला उपाध्यक्ष सिंधु मेहता, नगर सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, महिला मोर्चा सचिव मीरा देवी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रोहित सोनी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, वार्ड नं 5 प्रभारी अनिल श्रीवास्तव, पायल, प्रीति, प्रियंका, खुशबू, अमृता, बबिता जी, मैघनाथ जी, अभिराज, रंजित, अभिषेक, मन्नू, शिवम, आयुष, बंदना, मिशा सहित कई छात्राएं मौजूद थे।

## रस्काटोला में सीसीएल प्रबंधन से नौकरी और मुआवजा की मांग पर अड़े ग्रामीण



उरीमारी (आजाद सिपाही)। पोटंगा पंचायत क्षेत्र के रस्काटोला में रस्काटोला के ग्रामीणों की बैठक जुरा सोरेन की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक का संचालन विजय सोरेन ने किया। इस बैठक में जुरा सोरेन ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा रस्काटोला के पांच घरों को पोटंगा पारगढ़ा में शिफ्ट करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसका विरोध करते हुए ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि किसी भी कीमत पर पांच घर पोटंगा पारगढा में शिफ्ट नही होगा। जब तक रस्काटोला के ग्रामीणों को नौकरी और मुआवजा नहीं मिलता है तब तक न तो घर का मापी होगा और न ही पांच घर का शिफ्ट होगा। ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन से मांग किया कि नौकरी और मुआवजा मिलने के बाद ग्राम रस्काटोला को जरजरा में पुनर्वास किया जाय। इस बैठक में मोहन सोरेन, मनीराम मरांडी, राजू सोरेन, रवि सोरेन, मद्दु टुडू, लुदवा टुडू, गुप्ता सोरेन, तालू टुडू, राजेश मुर्मू, नरेश टुडू, राहुल सोरेन, जयपाल सोरेन, सूरज हेंब्रम, महेश टुडू, कमलेश सोरेन, जतरू सोरेन, राजेश टुडू, बुटन टुडू, राजू टुडू, विजय टुडू, सुनीता देवी, बिरसी देवी, तेमने देवी, मिलु देवी, रेखा देवी, मानती देवी, संगीता देवी, योमी देवी, कर्मी देवी, सुष्मिता देवी, सुगी देवी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में आजसू छात्र संघ ने सौंपा ज्ञापन

# साजिश की सीबीआइ जांच जरूरी: देवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आजसू छात्र संघ ने जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में गुरुवार को राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि छात्र हित से जुड़े जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक एक संवेदनशील और गंभीर मामला है। झारखंड सरकार जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले की जांच सीबीआइ से कारण इस गंभीर मामले में राज्य सरकार ने जांच के लिए एसआइटी बैठाई है, लेकिन अखिल झारखंड छात्र संघ की समझ है कि यह जांच एक गंभीर मामले के लिए पर्याप्त नहीं है। पेपर लीक को लेकर जिस तरह के तथ्य सामने आ रहे हैं, उसके संकेत साफ है कि इसके तार कई जगह और कथित तौर पर खास लोगों से जुड़े हैं। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की यह एक सुनियोजित साजिश भी है, इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस मामले में अंतरराज्यीय किसी बड़े गिरोह का हाथ है और उसे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।

**तत्काल परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डाल दिया जाये:** आजसू छात्र संघ ने यह मांग किया है कि तत्काल परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डाल दिया जाए और झारखंड नकल कानून के तहत मुकम्मल कार्रवाई हो। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने 5 फरवरी को विधानसभा में इसी कानून को सामने रखते हुए सरकार और आयोग की जवाबदेही पर सवाल खड़े किये थे।

**पेपर लीक मामले में राजकीय उच्च अधिकारियों की संलिप्तता आयी है सामने:** सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि पेपर लीक मामले में राज्य के उच्च अधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आयी है। इसलिए एसआइटी द्वारा की जा रही जांच प्रभावित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है, यह काफी संवेदनशील मामला है। इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई द्वारा होनी जरूरी है।




### दोषियों पर कार्रवाई जरूरी

सौंपे गये आवेदन में कहा गया है कि पेपर लीक को लेकर लाखों युवाओं में हताश और निराशा का भाव है। अभ्यर्थियों का मानना है कि जेएसएससी के अधिकारियों की भूमिका और गतिविधियों की जांच के लिए पुलिस की एसआईटी सक्षम नहीं है, इस तरह के मामले आने वाले दिनों में ना हो इसके लिए दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई अति आवश्यक है। भविष्य में यदि ऐसे अनैतिक माध्यम से कोई व्यक्ति अधिकारी बन जाता है तो उसे जनता की सेवा और वह अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करें ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती है।

### ज्ञापन सौंपनेवालों में ये थे शामिल

ज्ञापन सौंपने वालों में आजसू छात्र संघ के जिलाध्यक्ष देवा महतो, जिला कोषाध्यक्ष नीतीश निराला, जिला वरीय उपाध्यक्ष कुंदन कुशवाहा, जिला सह सचिव रवि कुमार, जिला उपाध्यक्ष नीतीश कुमार, गोला प्रखंड महासचिव राहुल कुशवाहा आदि शामिल थे।

## पूर्व विधायक टेकलाल की मनी जयंती



कुजू (आजाद सिपाही)। झामुमो मांडू प्रखंड समिति ने नयामोड़ फोरलेन चौराहे पर मांडू पूर्व विधायक टेकलाल महतो जयंती धूमधाम से मनाया। जयन्ती कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो शामिल रहे। जयंती कार्यक्रम में राजकुमार महतो और मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से स्व टेकलाल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर राजकुमार महतो ने कहा कि स्व टेकलाल महतो एक महान पुरूष थे। वह झारखंड राज्य निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाया है, जो कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वह हमेशा क्षेत्र के विकास और जनता के समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते थे। जरूरत है आज हम सभी को उनके बताये मार्गों पर चलने की। मौके पर केंद्रीय सदस्य संतोष कुमार, प्रखंड सचिव सुरेशचंद्र पटेल, मोगलचंद पटेल, राजनाथ महतो, मंगू मांझी, प्रदीप कुमार, अभय सिंह, डॉ सुरेश, बासुदेव गंझू, रूपलाल महतो, फिरंगी, निर्मल महतो, पोखलाल मुंडा, सुरेशचंद्र पटेल, घनश्याम महतो, राजदीप कुमार, रामनाथ महतो, सुखदेव राम मुंडा, दीपक टुडू मौजूद रहे।

## सरस्वती पूजन धूमधाम से संपन्न



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र बरकाकाना, घुटुवा, हेहल, पोचरा सहित बंजारी नगर में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजन समारोह। घुटुवा के तारा संघ, निराला संघ, बाबा संघ सहित क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा अर्चना की गयी। वही बंजारी मंदिर के समीप बंजारी नगर में श्री श्री सरस्वती पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कर पूजा अर्चना की गयी। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनीता चौधरी बंजारी नगर के पूजा पंडाल में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं का मनोबल बढ़ाया। मानवाधिकार के पदाधिकारी अनुज कुमार शर्मा की अगुआई में स्थानीय लोगों ने विधायक सुनीता चौधरी का स्वागत किया गया। मौके पर उमेश, लालचंद, प्रमोद, राजू, पवन, विश्वास, चिंटू, मनीष पोद्दार, राजू, राजकुमार, अखिलेश्वर सिंह, जितेंद्र कुमार, विकास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# माता वैष्णो देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव अनुष्ठान जारी

**सात दिवसीय वार्षिकोत्सव अनुष्ठान में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बीते 14 फरवरी से कलश यात्रा के साथ शुरू हुए सात दिवसीय वार्षिकोत्सव अनुष्ठान में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सोने के गुंबद से सुशोभित शहर के प्रसिद्ध मंदिर में सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रमों के दूसरे दिन गुरुवार को गणेश पूजन, नवग्रह और मंत्र पूजा कर यज्ञ मंडप में मां वैष्णवी, महालक्ष्मी और भगवान विष्णु की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित किया गया। इसके पूर्व गणेश पूजा, निशान पूजा, मंडप प्रवेश, वेदी पूजा आदि धार्मिक अनुष्ठान आचार्य गोविंद बल्लभ शर्मा व मुरारी मोहन शर्मा सहित आठ पंडितों के दल द्वारा संपन्न कराये गये। सभी अनुष्ठानों के मुख्य यजमान मनीष मारवाह और उनकी पत्नी नमिता मारवाह से पूजन कराया गया। सात दिवसीय इस वार्षिकोत्सव अनुष्ठान के अवसर पर माता वैष्णों देवी मंदिर सहित पूरे मंदिर परिसर को पुष्प व विद्युत सज्जा कर आकर्षक बनाया गया है। गुरुवार की अहले सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा मंदिर परिसर भक्तों के जयकारे से गुंजायमान होता रहा। इस अवसर पर मंदिर की संचालक संस्था पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, सहसचिव हेमेंद्र सौंधी, कोषाध्यक्ष सुशील खोसला, रमण मेहरा, विश्वनाथ अरोड़ा, सुभाष चन्द्र मारवाह, नरेश चन्द्र मारवाह, जेके शर्मा, सुरेन्द्र सोबती, राजीव चड्डा, कैलाश शर्मा, ओमकार मल्होत्रा, बलवंत राय मारवाह, संजीव चड्डा, विशाल वासुदेव, पवन मारवाह, संजीव धमीजा सहित बिरादरी के सभी सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

### सर्वजन पेंशन और अबुआ आवास योजना को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग

# 20 से 22 फरवरी तक सभी पंचायतों में शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सर्वजन पेंशन योजना और अबुआ आवास योजना के तहत रामगढ़ जिले में हो रहे कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग में उपायुक्त ने जानकारी देते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन योजना के तहत जारी नये दिशा निर्देशों के अनुसार जिले में 50 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं और अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति में 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों को सर्वजन पेंशन योजना के तहत पेंशन के लाभ से लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया है।

नये दिशा निर्देशों के अनुसार जिले के शत प्रतिशत लाभुकों को योजना का लाभ देने के उद्देश्य से 20, 21 और 22 फरवरी को जिले के सभी पंचायतो में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

इस संबंध में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों को तीनों दिन प्रत्येक पंचायत के पंचायत भवन में शिविर आयोजित कर लाभुकों का आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया।

वही उपायुक्त ने इसका व्यापक प्रचार भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### अबुआ आवास योजना की प्रखंडवार समीक्षा




अबुआ आवास योजना के तहत जिले के अलग-अलग प्रखंडों में हो रहे कार्यों की प्रखंडवार समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सरकार आपके द्वार सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों के तहत अब तक किये गये कार्यों की जानकारी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी से लेने के बाद उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकरियों को कार्यों को गंभीरता से लेते हुए तीव्र गति से अबुवा आवास योजना के लाभकों को आवास की स्वीकृति देने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के विभिन्न चरणों के तहत जियो टैगिंग, पंजीकरण और स्वीकृति कार्यों की विस्तृत रूप से प्रखंडवार समीक्षा की। मौके पर उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अबुआ आवास योजना के लाभ को लेकर लोगों के बीच किसी भी प्रकार की भ्रांति को त्वरित रूप से दूर करने और ग्रामीणों को योजना के लाभ हेतु किसी भी प्रकार के बिचौलियों अथवा गलत तरीके से किसी व्यक्ति के द्वारा योजना का लाभ दिलाने को लेकर पैसे की मांग करने से सावधान रहने के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने किसी भी क्षेत्र से इस तरह की कोई भी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल रूप से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## महिला और बच्चों के साथ हुई मारपीट

हंटरगंज/ चतरा(आजाद सिपाही)। प्रखंड के मायापुर खुर्द गांव के मल्लिकडीह टोला में एक महिला और उसके बच्चों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट दौलती देवी और उसकी बेटी पिंकी कुमारी, बेटा आकाश कुमार और बड़ी गोतनी दुलारी देवी के साथ किया गया। मारपीट का आरोप दौलती देवी ने अपने गांव के आशीष यादव, उसके पिता रामदेव यादव, चाचा लोहड़ी यादव और भाई गौतम यादव पर लगायी है। महिला दौलती देवी ने बताई की वह अपने घर के पास आये पंचायत के मुखिया के समक्ष अपनी समस्या रख रही थी। इसी दौरान आशीष यादव आया और दौलती देवी के साथ अभद्र व्यवहार करने लगा। अभद्र व्यवहार का विरोध करने पर आशीष यादव अपने पिता रामदेव यादव, चाचा लोहड़ी यादव और भाई गौतम यादव को बुलाया और उनके साथ मिलकर दौलती देवी के साथ मारपीट करने गया। दौलती देवी को बचाने आई उसकी बेटी पिंकी कुमारी, बेटा आकाश कुमार और बड़ी गोतनी दुलारी देवी के साथ भी उपरोक्त लोगों ने मारपीट की। इस संबंध में महिला ने हंटरगंज थाने में आवेदन दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-एनआईटी सं.: एसटी-आरएनसी-एस09-पीएच-30वर्क्स, दिनांक:13.02.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के संबंध में एस एंड टी कार्यों का निष्पादन (1) हटिया-ओड़गा खंड में रोड अंडरब्रिज (आरयूबी)/सीमित ऊंचाई के सबवे (एलएचएस) का निर्माण कर प्रहरीवाले एलसी सं. एचबी-8 (एलओएम), एचबी-44 (एमसीजेड), एचबी-50 (ओआरजी) को हटाना। इसमें मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम यानी लोधमा (एलओएम) में सीमेंस ईआई, महाबुआंग (एमसीजेड) में हिताची ईआई एवं ओड़गा (ओआरजी) स्टेशनों पर हिताची ईआई में परिवर्तन/संशोधन भी शामिल है। (2) रांची-मुरी (डीएल) खंड में नामकुम-रांची स्टेशनों के बीच किमी. 415/10-12 पर अनधिकृत प्रवेश के बदले किमी. 415/8-10 पर सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) का प्रावधान; (3) हटिया-ओड़गा खंड में बानो-महाबुआंग स्टेशनों के बीच किमी 512/7-8 पर सामान्य ऊंचाई के सबवे (एनएचएस) का प्रावधान; (4) हटिया-ओड़गा खंड में कनारोन (केएनआरएन)-टाटी (टीएएक्स) स्टेशनों के बीच किमी 530/23-531/1 पर अनधिकृत प्रवेश के बदले किमी 531/2-3 पर सामान्य ऊंचाई सबवे (एनएचएस) का प्रावधान; (5) मुरी-सीएनआई खंड में जीडीबीआर-जेएचएमआर के बीच किमी 296/3-4 पर मौजूदा रोड ओवरब्रिज (आरओबी) सं. 6ए तथा जेएचएमआर-एलटीएमडी के बीच किमी 311/3-4 पर 26ए के बदले में 2 रोड ओवरब्रिज (आरओबी) का प्रावधान। (6) मौजूदा रोड ओवरब्रिज (आरओबी) सं. 18ए के बदले जेएचएमआर रेलवे स्टेशन पर रोड ओवरब्रिज (आरओबी) का प्रावधान। **विज्ञापित मूल्य:** ₹ 1,97,03,620.60। **ईएमडी:** ₹ 2,48,500/-। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **ई-निविदा बंद करने की तारीख एवं समय:** 11.03.2024 को सुबह 11.00 बजे। **बोली शुरू होने की तारीख:** 26.02.2024। **वेबसाइट का विवरण एवं वर्णन:** www.ireps.gov.in (कार्य निविदा)। (PR-1134)


## श्री अग्रसेन स्कूल में विदाई समारोह



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पटेल नगर स्थित श्री अग्रसेन स्कूल में गुरुवार को आशीर्वचन सह और विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुष्प वर्षा के बीच सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हवन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अवसर पर निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जीवन में सफलता का संकल्प लें और उसके लिए खुद को तैयार करें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि विद्यालय ने विद्यार्थियों में जो मूल्य गढ़े हैं, वह आनेवाले समय में उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी बनेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय के अनुभवों को साझा किया। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के संबंध में सीबीएसई द्वारा जारी गाइडलाइंस की भी जानकारी भी दी गयी। सभी को विद्यालय परिवार की ओर से उपहार भेंट किया गया।

## एला एंग्लाइज स्कूल में छात्रों को दी विदाई



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गय। इस दौरान 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 12वीं के छात्र-छात्राओं को तीलक लगाकर व उपहार देकर भावभीनी विदाई दी गई। इसके पूर्व 12वीं के छात्रों का स्वागत संगीतमय तरीके से किया गया। समारोह में प्राचार्य विजयंत कुमार व तमाम शिक्षक- शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लक्ष्य का निर्धारण कर तैयारी करने की बात कही। मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा की परिश्रम के बल पर हर मुकाम को पाया जा सकता है। प्राचार्य बिजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय शुरू से ही शत प्रतिशत परिणाम देता रहा है। उन्होंने कहा की हमसबों को पूरा उम्मीद है कि परीक्षा में आपके परिणाम से न सिर्फ विद्यालय में बल्कि आपका नाम राज्य स्तर में अंकित होगा। वहीं 12वीं के शिक्षक निरंजन दुबे और शंभू प्रसाद ने अपने आशीर्वचन दिए कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक निरंजन दुबे, शंभू प्रसाद, वैभव कुमार, धर्मेश सोनी, पूनम सिन्हा, रुचि सिंह, अनुराग मद्धेशिया, कंचन सोनी, गौरव साहू, 11वीं के छात्र वैभव गुप्ता, रिचा कुशवाहा, कुदसिया ईरम, अनन्या, सागर केसरी, आकांक्षा, दिया कुमारी, जिया कुमारी, लक्ष्मी, सुष्मिता, आंसू, अर्पण, शाहनवाज, रश्मि, श्वेता, नायरा, फरहान, सहित विद्यालय के सभी-शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। मौके पर 12वीं कक्षा के सोनू, मोनू, विद्या, कनक, दानिश, विभूति, अमन, मानसी, टिया, स्नेहा महतो आदि मौजूद थें।

## हजारों के जेवरात और नगद ले उड़े चोर

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के केदली गांव निवासी सरवर खान के घर पर बुधवार की रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा एक चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। जिसमें अज्ञात चोर पीछे के रास्ते से घर में घूसे और घर में रखें बक्से को उठाकर घर से कुछ दूर पर ले गये और बक्से को तोड़कर बक्से में रखें लगभग 50 हजार का जेवरात कपड़ा और नगद ले गये। सुबह उठने पर बक्सा गायब पाया गया। इसके बाद बक्सा की खोजबीन की जाने लगी घर से कुछ दूर पर बक्सा फेंका हुआ मिला और उसमें रखे सामान इधर-उधर फेंका हुआ था इसकी जानकारी गुरुवार की सुबह पुलिस को दी गयी। थाना प्रभारी सनोज चौधरी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना से संबंधित जानकारी ली। पुलिस अज्ञात चोरों की खोजबीन में लगी हुई है।

## कार्डधारियों को नहीं मिला दो माह का राशन

टंडवा। प्रखंड के सराढू में दो माह का राशन घोटाला का मामला सामने आया हैं। इस बावत कार्डधारियों ने उपायुक्त को पत्र लिखकर दो माह का राशन नही मिलने की शिकायत की है। कार्डधारियों ने उपायुक्त को लिखे पत्र में कहा है कि जनवितरण प्रणाली दुकान मां गायत्री समूह द्वारा दो माह का अंगूठा लगाकर राशन नही दिया गया। डीलर द्वारा अगले महीने राशन देने की बात कहकर टालमटोल करने लगा। कार्डधारियों द्वारा दबाव बनाने के बाद डीलर द्वारा राशन वितरण का कार्य दूसरे डीलर को आवंटित कर दिया। कार्डधारियों ने बताया कि दूसरे डीलर द्वारा भी दो माह का राशन नही दिया गया बल्कि तीसरे माह का दिया जा रहा है। जिसमे भी पांच किलो की जगह मात्र तीन किलो दिया जा रहा है। जिससे कार्डधारियों के समक्ष भूखमरी की स्थिति हो गयी है। ग्रामीणों ने इस मामले को जांच राज्यस्तरीय टीम द्वारा कराने की मांग किया है।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 710 Date: 09.02.2024 I. MD. JUMAUDDIN ANSARI, S/O KHAJMUDDIN MIYAN, aged about 33 years, by faith- Islam by Nationality- Indian, R/o Mishrainmorha, Chulhabera, P.S.-Barkagaon, Dist- Hazaribagh, at Present R/o Ara, Near CCL Office, P.O.-Sarubera, P.S.-Mandu, Distt- Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows: 1. That my actual and correct name is MD. JUMAUDDIN ANSARI which has been mentioned in my Aadhar Card and PAN Card. 2. That my name has been mentioned as JUMAUDDIN ANSARI in my bank passbook of Bank of India, Sarubera Branch bearing A/c No.- 486910510000074. 3. That MD. JUMAUDDIN ANSARI and JUMAUDDIN ANSARI both names are of same and single person i.e. myself. 4. That I want to rectify my correct name as MD. JUMAUDDIN ANSARI in place of JUMAUDDIN ANSARI in aforesaid bank passbook. 5. That this affidavit is required for knowledge of related authority concern for needful purpose which is true and correct.

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# नया साल नयी ऊंचाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को शुरू हुई संयुक्त अरब अमीरात (यूएइ) और कतर की तीन दिवसीय यात्रा अगर सबका ध्यान खींच रही है तो यह बेवजह नहीं है। बेशक प्रधानमंत्री ने दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट में वैश्विक नेताओं को संबोधित किया, लेकिन इस यात्रा से जुड़े कुछ और अहम बिंदु भी हैं, जो इसे खास बनाते हैं। वअए और भारत के रिश्तों में बीते दस साल काफी अहमियत रखते हैं। 2014 में पीएम बनने के बाद जब नरेंद्र मोदी वहां गये तो वह 34 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। लेकिन उसके बाद के नौ सालों में यह सातवां मौका है, जब भारत के प्रधानमंत्री यूएइ की यात्रा पर गये हैं। दोनों देशों के बीच 85 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार होता है। यही नहीं यूएइ में करीब 35 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं, जो वहां की कुल आबादी की करीब 35 फीसदी है। दोनों देशों के बीच करीबी रिश्तों का सांस्कृतिक पक्ष इस यात्रा के दौरान मजबूती से उभरा, जब पीएम मोदी ने अबू धाबी में भव्य हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। ध्यान रहे, इस मंदिर का प्रस्ताव भी पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से 2015 में यूएइ के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद को दिया गया था और इसके लिए जमीन भी वहां की सरकार ने मुहैया करायी है। अयोध्या में राममंदिर की ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम मोदी द्वारा अबू धाबी में इस मंदिर के उद्घाटन को कूटनीतिक हलकों में भी दिलचस्पी से देखा जा रहा है। यह सही है कि प्रधानमंत्री जब भी विदेश यात्रा पर जाते हैं, तो प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने-जुलने या उन्हें सार्वजनिक रूप से संबोधित करने पर उनका जोर रहता है। फिर भी यूएइ जैसे देश में किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष के लिए ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाना सामान्य बात नहीं है। आहलान मोदी यानी स्वागत मोदी कार्यक्रम भी दोनों देशों की बढ़ती करीबी का एक उदाहरण बन कर सामने आया है। पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह दूसरी कतर यात्रा है। इसकी घोषणा उस समय हुई, जब कतर ने वहां कैद आठ भारतीय पूर्व नौसेनाकर्मियों को रिहा कर दिया और उनमें से सात भारतीय स्वदेश पहुंच गये। यह कतर सरकार का बड़ा कदम इसलिए भी था कि इन भारतीयों पर ऐसा गंभीर आरोप था, जिसमें इन्हें निचली अदालत ने मौत की सजा सुनायी थी। इनकी रिहाई ने दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व के स्तर पर बने गुडविल को रेखांकित किया। उम्मीद की जा रही है कि कतर के इस दोस्ताना रुख का परिणाम पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान रिश्तों को नयी ऊंचाई देने वाले समझौतों के रूप में सामने आ सकता है।

**पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह दूसरी कतर यात्रा है। इसकी घोषणा उस समय हुई, जब कतर ने वहां कैद आठ भारतीय पूर्व नौसेनाकर्मियों को रिहा कर दिया और उनमें से सात भारतीय स्वदेश पहुंच गये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कहा जा रहा है कि एमएसपी को कानूनी जामा पहनाया गया, तो भारत सरकार पर 10 लाख करोड़ का सालाना भार पड़ेगा। उधर कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह भार 3 लाख करोड़ सालाना से ज्यादा नहीं होगा, जिसे सरकार वहन करने की क्षमता रखती है। तर्क दिया जा रहा है कि अगर सरकार कार्पोरेट घराने को 4 लाख करोड़ की सब्सिडी और रियायतें दे सकती है, तो अन्नदाता का भला क्यों नहीं कर सकती।**

# एमएसपी कानून का खर्च 10 लाख करोड़ या 3 लाख करोड़

विजय विद्रोही

राहुल गांधी ने किसानों की एक बड़ी मांग सत्ता में आने पर पूरा करने का वादा कर के क्या तीर चला दिया है। राहुल गांधी का कहना है कि उनका गठबंधन सत्ता में आया तो एमएसपी को कानून बनाया जायेगा। मोदी ने सत्ता में आने पर स्वामीनाथन आयोग की उस सिफारिश को लागू करने का वादा किया था, जिसमें किसानों को कुल लागत पर 50 फीसदी मुनाफा देने की बात कही गयी थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दे डाला कि वह इस सिफारिश को पूरा नहीं कर सकेगी, क्योंकि ऐसा करने पर गेहूं, धान आदि का एमएसपी 20 से 25 फीसदी बढ़ाना होगा और ऐसा होने पर बाजार में इन जिंसों के दाम इस कदर बढ़ जायेंगे कि महंगाई दर 20 फीसदी पार हो जायेगी। क्या राहुल गांधी का एमएसपी को कानून बनाने का वादा भी महंगाई दर में इजाफा करेगा?



कहा जा रहा है कि एमएसपी को कानूनी जामा पहनाया गया, तो भारत सरकार पर 10 लाख करोड़ का सालाना भार पड़ेगा। उधर कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह भार 3 लाख करोड़ सालाना से ज्यादा नहीं होगा, जिसे सरकार वहन करने की क्षमता रखती है। तर्क दिया जा रहा है कि अगर सरकार कार्पोरेट घराने को 4 लाख करोड़ की सब्सिडी और रियायतें दे सकती है, तो अन्नदाता का भला क्यों नहीं कर सकती।

**अगर 2020-21 को देखा जाये, तो भारत सरकार ने गेहूं और धान की ही ढाई लाख करोड़ रुपये की सरकारी खरीद की थी।**

आप सवाल उठा सकते हैं कि आखिर यह 10 लाख करोड़ का आंकड़ा कहां से आया? दरअसल भारत में हर साल एमएसपी के तहत आने वाली 22 जिंसों का जितना भी उत्पादन होता है, उसका बाजार में मूल्य 10 लाख करोड़ रुपये का है। इसमें गेहूं , धान, मोटा अनाज, दलहन (उड़द, मूंग, चना, मसूर, मोठ, राजमा आदि) और तिलहन (मूंगफली, सोयाबीन, सरसों, सूरजमुखी) शामिल हैं।

वैसे इसमें अगर फल-सब्जियां और दूध-अंडे को जोड़ दिया जाये, तो यह आंकड़ा 40 लाख करोड़ रुपए सालाना से ज्यादा का बैठता है, लेकिन फल-सब्जी की एमएसपी पर सरकारी खरीद नहीं की जाती, लिहाजा उन्हें अलग रखा जा रहा है। तो कहा जा रहा है कि अगर एमएसपी को कानून के दायरे में लाया गया, तो भारत सरकार को किसानों से हर साल 10 लाख करोड़ रुपये की सरकारी खरीद करनी ही होगी। ऐसा हुआ तो आर्थिक कमर टूट जायेगी। कुछ लोग आधारभूत ढांचे के लिए रखे गये 11 लाख करोड़ के बजटीय प्रावधान से इसकी तुलना कर रहे हैं। अब देखते हैं कि आखिर सच्चाई क्या है। क्या वास्तव में 10 लाख करोड़ की सरकारी खरीद करनी होगी या 3 लाख करोड़ रुपये में ही सरकार का काम चल जायेगा।

अगर 2020-21 को देखा जाये, तो भारत सरकार ने गेहूं और धान की ही ढाई लाख करोड़ रुपये की सरकारी खरीद की थी। स्वाभाविक है कि एमएसपी को कानून बनाने या न बनाने से इसका कोई लेना देना नहीं है। 82 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, मिड डे मील, आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए सरकार को ढाई लाख करोड़ रुपये का अनाज खरीदना ही पड़ता है। इसमें अगर दलहन और तिलहन की एमएसपी पर सरकारी खरीद को जोड़ दिया जाये, तो यह आंकड़ा 3 लाख करोड़ के आसपास पहुंचता है।

एक अनुमान के अनुसार किसान जितनी फसल उगाता है, उसका 25 फीसदी अपनी खपत के लिए अपने पास रखता है, यानि उसे बेचने के लिए न तो सरकार के पास जाता है और न ही मंडियों की शरण लेता है। दाल के मामले में तो किसान 40 फीसदी तक अपने पास घरेलू खपत के लिए रखता है। सरकारी खरीद के 3 लाख करोड़ और बाजार में नहीं आने वाले ढाई लाख करोड़ का हिसाब साढ़े 5 लाख करोड़ बैठता है, तो क्या भारत सरकार को 10 लाख करोड़ की जगह साढ़े 4 लाख करोड़ का अतिरिक्त भार भुगतना होगा? नहीं। ऐसा भी नहीं है। आटा मिल मालिक, धान मिल मालिक, बिस्कुट आदि बनाने वाले गेहूं, धान, बाजरा, मक्का, दाल खरीदते हैं।

यह आंकड़ा डेढ़ लाख करोड़ रुपये के लगभग बैठता है, तो इस तरह 7 लाख करोड़ रुपये का हिसाब आपके सामने है। फिर सरकार जो कृषि उत्पाद खरीदेगी, उसका एक हिस्सा अपने पास रखने के बाद बाकी का बाजार में बेचेगी भी, तो इस प्रकार से अगर एमएसपी को कानून बनाया जाता है, तो सरकार पर 3 लाख करोड़ से ज्यादा का सालाना भार नहीं पड़ेगा। उल्टे इससे खेती छोड़ कर शहर जा कर मजदूरी करने वाले फिर से खेतों से जुड़ सकेंगे। उन्हें लगेगा कि खेती करना मुनाफे का काम है, तो गांव छोड़ कर धक्के खाने शहर क्यों जायेंगे।

कुछ जानकार तर्क देते हैं कि एमएसपी को कानून बनाने के बाद सरकार ऐसी जिंसों पर एमएसपी बढ़ा कर किसानों को उन जिंसों को उगाने के लिए प्रेरित कर सकती है, जिन्हें वह बदलते वक्त के साथ जरूरी समझती है। दाल के मामले में हम आत्मनिर्भर हो सकते हैं। हर साल मलेशिया से तेल मंगाने की जरूरत से बचा जा सकता है, तो क्या राहुल गांधी की गारंटी सचमुच महत्वपूर्ण है? देश में खेतिहर मजदूरों को जोड़ दिया जाये, तो सीधे तौर पर खेती से करीब 20 करोड़ लोग जुड़े हुए हैं।

अगर एक घर में तीन वोटर भी हुए तो यह आंकड़ा 50 करोड़ पार जाता है। लेकिन किसान आंदोलन तो किसान के रूप में करता है, लेकिन वोट देता है, तो जाति में बंध जाता है। कुछ जानकारों का कहना है कि एमएसपी को कानून बनाने की बजाय किसानों को तेलंगाना की रायतु बंधु योजना या ओड़िशा की कालिया योजना जैसा लाभ दिया जाना चाहिए। इन योजनाओं में मोटे तौर पर किसानों को प्रति एकड़ के हिसाब से 5,000 रुपये की सब्सिडी साल में दो बार (रबी और खरीफ ) मिल जाती है। अगर औसत जमीन चार एकड़ है, तो साल में 40 हजार रुपये की नकद साब्सिडी।

कुछ जानकारों का कहना है कि मध्य प्रदेश और हरियाणा का भावांतर योजना एमएसपी का अच्छा विकल्प साबित हो सकती है। इन योजनाओं में किसी जिंस के भाव तयशुदा भाव से कम होने पर सरकार उस नुकसान की भरपाई करती है। वैसे दिलचस्प बात है कि इस समय सिर्फ भारत में ही किसान गुस्से में नहीं हैं, यूरोप के कम से कम 10 देशों में इस समय किसानों के आंदोलन चल रहे हैं। सभी जगह किसान ट्रैक्टर लेकर धरने दे रहे हैं, वहां की संसद का घेराव कर रहे हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि भारत में जिस तरह किसानों को राजधानी दिल्ली जाने से रोकने की जबरन कोशिश की जा रही है, वैसी कहीं और नहीं हो रही, लेकिन किसानों का दर्द एक जैसा ही है।

यूरोप में ही बैल्जियम का किसान लागत बढ़ने से दुखी है, तो फ्रांस का किसान सब्सिडी बढ़ाने की मांग कर रहा है। जर्मनी में किसानों का दर्द है कि कृषि डीजल के दाम बढ़ाये जाने की तैयारी हो रही है। स्पेन का किसान नये पर्यावरण नियमों से परेशान है, तो इटली का किसान नौकरशाही के दखल से दुखी है। यही हाल पोलैंड, ग्रीस, रोमानिया के किसानों का है। वहां पुलिस किसानों को प्रदर्शन करने दे रही है। संसद का घेराव भी किया जा रहा है। तनाव बढ़ने पर पुलिस किसानों को गिरफ्तार जरूर कर रही है, लेकिन राह में कंटीली कीलें नहीं रोप रही। सीमेंट के भारी-भरकम अवरोधक खड़े नहीं कर रही और न ही हाइवे पर खाइयां खोद रही है।

## जमशेदपुर की खबरें

### स्वर्गीय भागीरथ प्रसाद की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा के पी फ्लैट क्लब हाउस में स्वर्गीय भागीरथ प्रसाद की स्मृति में 17 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को जमशेदपुर ब्लड बैंक और रेडक्रॉस सोसाइटी और फ्लेट के सभी मेंबरो के सहयोग से आयोजित शिविर में सैकड़ो लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि रक्तदान महादान है। समाज के जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने बृहत ही जरूरी है। उन्होंने कहा बीते 17 वर्षों से क्लब के सदस्यों के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस बार शिविर में युवाओं का काफी उत्साह देखने को मिला। फ्लेट के आलावे दूर दराज से भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए। लगभग 300 बोतल रक्त संग्रह का अनुमान लगाया जारहा है।उन्होंने कहा प्रत्येक वर्ष रक्त संग्रह के बाद जानकारी के अनुसार जरूरतमंद लोगों के बीच रक्त उपलब्ध कराई जाती है। ताकि किसी को रक्त के लिए किसी तरह की कोई परेशानी न हो सके। उन्होंने बताया यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ऐतिहासिक अवसर को विशेष बनाने में जुटी भाजपा

# टाटानगर से अयोध्याधाम के लिए रवाना होगी आस्था स्पेशल ट्रेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अयोध्या राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में प्रभु श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामभक्तों का दर्शनार्थ अयोध्या जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। टाटानगर रेलवे स्टेशन से 19 फरवरी को आस्था स्पेशल ट्रेन में हजारों रामभक्त अयोध्याधाम के लिए रवाना होंगे। ट्रेन में लगभग 1300 रामभक्त अयोध्या जाएंगे। गुरुवार को भाजपा महानगर के द्वारा इसकी जानकारी दी गयी। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया 19 फरवरी को आस्था स्पेशल ट्रेन टाटानगर के प्लेटफार्म संख्या 1 से सुबह 11:50 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 3:20 में दर्शन नगर पहुंचेगी। 20 बोगियों वाली आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के सुगम दर्शन के लिए भाजपा कार्यकताओं को इसकी जिम्मेदारी दी गयी। इसके लिए पहले श्रद्धाजलुओं का आधार कार्ड व अन्य जरूरी कागजात के साथ पंजीयन किया गया। अयोध्या जाने वाले सभी यात्रियों को परिचय पत्र दिया जाएगा। यात्रियों को ट्रेन खुलने से ढाई घंटे पहले स्टेशन आने व गर्म कपड़े एवं बिछावन साथ लाने को कहा गया है। उन्होंने बताया श्री राम जन्मभूमि अयोध्या दर्शन के लिए आने-जाने का किराया 1300/- रखी गयी थी। इस किराया शुल्क में राम भक्तों के लिए ट्रेन पर चढ़ने से लेकर अयोध्या दर्शन कर वापसी तक भोजन-पानी, ठहरने का प्रबंध किया गया है। उनके रहने-खाने व सभी व्यवस्थाओं का इंतजाम भाजपा की तरफ से की गई। सभी बोगियों में पार्टी की ओर से एक बोगी प्रमुख की नियुक्ति की गई। जो व्यवस्था संबंधित कार्यों को देखेंगे। सुधांशु ओझा ने बताया 1291 रामभक्तों की पूरी सूची पार्टी की ओर से रेलवे को भेज दी गयी।




### ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार



आदित्यपुर(आजाद सिपाही )। सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ब्राउन शुगर के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जारहा है आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती न्यू मस्जिद रेलवे लाइन किनारे दो युवक के द्वारा ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी के संज्ञान में आते पुलिस बल के साथ छापेमारी की। जहां दो युवकों को रंगे हाथों ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मुस्लिम बस्ती का रहने वाला इस्माइल अली और जुगसलाई के देबू कालिंदी शामिल है। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी नितिन कुमार सिंह, रघुनाथ बिरुआ, शमा सुसारी लकड़ा व टाइगर मोबाइल के साथ सशस्त्र बल मौजूद रहे।

### हाइड्रा में टकराने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र के निर्मल पथ के समीप सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। गुरुवार को दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल सवार दो युवक चौका स्थित माधुरी पेट्रोल पंप में ड्यूटी करने जारहा था। गम्हरिया निर्मल पथ के समीप मुख्य सड़क पर खड़े हाइड्रा में पीछे से टक्कर मार दी। गनीमत रहा युवकों के सर में हेलमेट था अन्यथा स्थिति काफी दयनीय होती। फिलहाल आदित्यपुर के रहने वाले घायल विजेंद्र सिंह और जसवीर सिंह का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। वैसे सरायकेला खरसावां जिला के मुख्य सड़कों पर अवैध रूप से भारी वाहनों का पार्किंग जानलेवा बनते जारही हैं। आए दिन पार्किंग की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। उसके बावजूत ट्रैफिक पुलिस व परिवहन विभाग मामले को लेकर गंभीर नहीं है।

# हरदीप सिंह 78 वोट प्राप्त कर विजयी घोषित, अध्यक्ष और महामंत्री ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पूर्व घोषित उपचुनाव गुप्त मतदान कर टाटा मोटर्स ओल्ड कैंटीन में सम्पन्न कराया गया। चुनाव में दो उम्मीदवार अमित कुमार सिन्हा और हरदीप सिंह के लिए कुल 135 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया, जिसमे 134 वैध वोट और 1 अवैध वोट पड़े। वही अमित कुमार सिन्हा को 56 वोट और हरदीप सिंह 78 वोट प्राप्त कर विजयी घोषित हुए। चुनाव संचालन समिति में शामिल इंटक प्रतिनिधि ई सतीश कुमार,चुनाव अधिकारी विजय कुमार शर्मा, चिदानंद खंडई, दुर्गेश कुमार, सत्यप्रकाश और गौरव के द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया। अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह ने विजयी उम्मीदवार हरदीप सिंह को जीत के लिए ढेर सारी बधाई और शुभकामनायें दी।



### छात्र संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

चाइबासा(आजाद सिपाही )। छात्र हित से जुड़े एक संवेदनशील और गंभीर मामले, जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग को लेकर आजसू छात्र संघ ने गुरुवार को उपायुक्त के जरिये राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि राज्य सरकार ने जांच के लिए एक एसआइटी गठित की है, किन्तु अखिल झारखंड छात्र संघ का कहना है कि यह जांच इस गंभीर मामले के लिए पर्याप्त नहीं है।

# दो बाइक की टक्कर चार घायल, दो रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप मुख्य पथ में ललकी माटी मोड़ पर दो मोटरसाइकिल की आपसी टक्कर में चार लोग घायल हो गये, जिसमें दो को गंभीर अवस्था में रेफर किया गया। घायलों में रेहला मोरमा खुर्द निवासी सुदेश्वर यादव, विकाऊ यादव भवनाथपुर अधौरा निवासी बादल सिंह पिता बिनोद सिंह, अरविंद सिंह पिता राजेंद्र सिंह और छत्तरपुर थाना निवासी विकास सिंह का नाम शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल सुदेश्वर यादव, विकास सिंह को गढ़वा रेफर कर दिया गया है। समाचार के अनुसार सुदेश्वर यादव कैलन की ओर जा रहा था कि विपरीत दिशा से एक ही मोटरसाइकिल से उनकी ललकि माटी मोड़ पर जोरदार टक्कर हो गयी। उक्त बाइक पर बादल सिंह, अरविंद सिंह तथा रिश्तेदार विकास सिंह सवार थे। टक्कर इतना जोरदार था कि सुदेश्वर यादव के मोटरसाइकिल का अगला चक्का क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय घटना स्थल पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजवाया। पुलिस मामले की पंचनामा कर घटनास्थल से दोनों मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है।



सड़क दुघर्टना में घायल

# भवनाथपुर में सामूहिक विवाह समारोह 28 को

## 51 कन्याओं की करायी जायेगी शादी, तैयारी तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** आगामी 28 फरवरी को भवनाथपुर में होने वाले सामूहिक विवाह को लेकर सगमा मंडल के द्वारा धन संग्रह का कार्यक्रम युद्ध स्तर पर चल रहा है।

गौरतलब है कि आनेवाले 28 फरवरी को टाउनशिप मैदान भवनाथपुर में विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानुप्रताप साही के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह होना निश्चित हुआ है। इस क्रम में विधायक भानुप्रताप शाही के निर्देशन में सगमा प्रखंड सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में बूथ स्तर पर धन संग्रह किया जा रहा है। इसे लेकर सगमा प्रखंड में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में गांव में घूम-घूम कर स्वेक्षा से मिलने वाले धन का संग्रह किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में पार्टी कार्यकतोओं द्वारा प्रत्येक घरों में जाकर स्वेक्षा पूर्वक मिल रहे चावल, गेहूं के साथ पैसा इकठ्ठा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त विवाह में सभी चिन्हित कन्याओं का कन्यादान हमारे लोकप्रिय विधायक भानुप्रताप शाही के द्वारा किया जायेगा। विवाह समारोह को आकर्षक बनाने के लिए बाहर से आ रहे मेहमानों के साथ भोजपुरी के स्टार कलाकार खेसारी लाल यादव के द्वारा प्रस्तुति दिया जायेगा। इसको लेकर मंडल के सभी गांव में धन संग्रह के साथ साथ विवाह में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र के माध्यम से न्योता दिया जा रहा है। उक्त धनसंग्रह का कार्यक्रम मंडल में 20 जनवरी तक अनवरत रूप से चलाया जायेगा।

इसमें भाग लेने वाले सभी कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यरूप से विधायक प्रतिनिधि राजेस बैठा धर्मजीत यादव बबलू ठाकुर सखिचंद प्रजापति, राजेश जयसवाल युवामोर्चा के मंडल अध्यक्ष धनंजय यादव, राजू गुप्ता, राम असीस यादव, लालू कुशवाहा, संतोसि कुशवाहा रविरंजन यादव, धर्मेंद्र यादव निर्जय रजक, दिनेश ठाकुर, प्रदीप, सुनील, बलराम, उदय प्रेमचंद भुइंहार का नाम शामिल है।



# उपमुखिया के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव फेल

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत चुतरू पंचायत के उपमुखिया ज्याउद्दीन अंसारी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव फेल हो गया है। कुल 14 सदस्यों में से 12 उपस्थित हुए, जिसमें 4 गिराने के पक्ष में और 5 बचाने के पक्ष में वोट पड़ा तथा 2 गलत वोटिंग पड़ने से निरस्त कर दिया गया। इस प्रकार उपमुखिया ज्याउद्दीन अंसारी अपने पद पर बने रहेंगे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानन्द राम, बीपीआरओ दिनेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell

Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)

Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 17 /2023-24

Date:: -13-02-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Renovation work of S.T. Boys Hostel in Aadivasi Vikas High School Shiladih ,Block- Barkhta, Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 6308118/- |
| 3. | Time of Completion | 5 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 17-02-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 23-02-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR.NO.319068 Building(23-24):D

# प्रेमिका 20 दिनों से प्रेमी के घर का लगा रही चक्कर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** खरौंधी प्रखंड के मझिगावां में अपने प्रेमी के घर मासूम बच्ची के साथ महिला प्रेमिका लगभग 20 दिनों से उसके घर का चक्कर लगा रही है। बुधवार यानी प्रेम दिवस को महिला रेणु देवी ने प्रेमी रुपेश कुमार चंद्रवंशी के घर पर पूरे गांव समाज को लेकर उसके घर में रहने के लिए पहुंची। इसके बाद रुपेश के घर वाले घर में ताला लगाकर भाग खड़े हुए। इस बीच महिला प्रेमिका ने प्रेमी के घर पर दर्जनों गांव वालों के सामने जमकर हंगामा किया, और न्याय की मांग करने लगी। इस बीच रेणु देवी ने बताया कि 2019 में रूपेश चंद्रवंशी के पास मेरा रॉन्ग नंबर चला गया था, इसके बाद हमदोनों में लगातार फोन पर बात होते रहा। इसी बीच उनसे एक बच्ची का भी जन्म हुआ। रेणु देवी ने बताया कि रुपेश के द्वारा पहले से ही बार-बार शादी करने का आश्वासन दिया जा रहा था, लेकिन नवंबर 2023 में जब उनके घर वाले के पास हमने फोन किया तो उनके द्वारा गाली गलौज किया गया। इसके बाद रुपेश के द्वारा हमसे शादी करने और हमको घर में रखने से इनकार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जब भी शादी करेंगे तो रुपेश के साथ ही करेंगे। इसके लिए समाज के बीच में न्याय के लिए आयी थी, लेकिन यहां न्याय नहीं मिला तो कोर्ट की दरवाजा खटखटाऊंगी। इधर रूपेश चंद्रवंशी की मां चिंता देवी ने बताया कि मारपीट का आरोप गलत है हमने अपने बेटे को पहले ही घर से निकाल दिया है। उक्त महिला जबरन हमारे घर में घुसना चाहती है। इसका पहले से ही आचरण खराब है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, सत्येंद्र बैठा, राम-लखन राम, सत्येंद्र यादव, कृष्णा साह, मानिक साह, सतीश भूईयां, कृष्णा राम आदि लोग मौजूद थे।



# विद्यादायिनी मां शारदे की प्रतिमा का विसर्जन नम आंखों से की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** विद्यादायिनी मां शारदे की प्रतिमा की प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय नदी, झरना, तालाब व सरोवरों में विद्यार्थीयों ने नम आंखों से किया। विसर्जन के पूर्व विधि-विधान पूर्वक मां सरस्वती की पूजा अर्चना व हवन वंदना की गयी। प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर अबीर व गुलाल उड़ाये। साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा वीणा और पुस्तक धारिणी के लगाये जा रहे जयकारों से क्षेत्र गूंजता रहा। स्कूली छात्र-छात्राओं ने जहां सादगी पूर्वक मां शारदे को अश्रुपूर्ण नेत्र से विदाई दी। जबकि सगमा प्रखंड के बीरबल गांव में चल रहे ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के द्वारा विसर्जन के मौके पर सभी स्कूली बच्चे व स्कूल के सभी शिक्षक डीजे के धुन पर लोग थिरकते नजर आये। प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया। जलाशय के समीप मां शारदे की आरती उतारी गई और क्षमा प्रार्थना की गयी। इसके बाद मूर्ति का विसर्जन किया गया। बता दे की खबर लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिला है।



# बारिश से घर गिरा और चार बकरियों की मौत

रंका। रंका प्रखंड अंतर्गत खरडिहा पंचायत के ग्राम तेनूडीह निवासी लालती देवी का घर आंधी-तूफान से जर्जर खपरैल का घर गिर गया, जिसमें दब कर चार बकरियों की मौत हो गयी। इस प्रकार गरीब भूमिहीन दलित महिला लालती देवी एक ओर बेघर हो गयी, वहीं चार बकरियों की मौत ने जिविका की साधन को भी छीन लिया है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो रंका युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव ने सरकारी मुआवजा सहायता राशि और आवास मुहैया करवाने की आश्वासन दिया है। इस मौके पर ग्रामीण उपस्थित थे।

# गिरिनाथ सिंह ने गांव चलो अभियान के तहत मेराल में रात्रि प्रवास किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा नेता सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य गिरिनाथ सिंह ने गांव चलो अभियान के तहत रात्रि प्रवास गढ़वा जिला के मेराल प्रखंड उत्तरी भाग, बूथ संख्या-147,148 गोंदा पंचायत में की। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर मोदी सरकार कार्यक्रम के तहत दिवार लेखन और प्रधान मंत्री मोदी के 10 साल विकास के कार्यों की चर्चा की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय परिषद के सदस्य गिरिनाथ सिंह ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया। कार्यक्रम में गढ़वा भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, गिरेंद्र पाण्डेय पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला मंत्री महेंद्र सिंह , भाजपा नेता सुरेश केशरी, जिला कार्यसमिति सदस्य राजकुमार मधेशिया, वरिष्ठ नेता गंगालाल अग्रवाल, अवध किशोर सिंह, संजय, पपलू सोनी, विजय, मनोज सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**

**Short Notice Inviting Tender**

**Reference No. - UDD/HMC/HZB/27/2023-24 (4th Call)**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | Construction of R.C.C. Drain from the H/o Biltu Singh to Yugal Prasad to via H/o Late Krishna Ballabh in Krishna Puri in Ward No. 07 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 14,42,592/- | 30,000/- | 5,900/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | **15.02.2024 at 11:00 A.M.** |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | **23.02.2024 up to 5:00 P.M.** |
| 4 | Bid Opening date | **26.02.2024 at 11:00 A.M.** |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

**NOTE :**

- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु0) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 319094 (Urban Development and Housing)23-24*D

# एमके इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** स्थानीय जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल का दूसरा वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां उपस्थित लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल न्यायालय के सीनियर जज मनोज कुमार त्रिपाठी, वाराणसी बीएचयू विश्वविद्यालय के प्रो डॉ बीएन राय, विशिष्ट अतिथि सिविल जज रवि चौधरी, एसडीजएम बंकिम चंद्र चटर्जी, जज इंचार्ज अमित खन्ना, डॉ मनीष सिंह और आलोक प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात कक्षा नवम के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह सोनू ने अतिथियों को बुके एवं मोमेंटो देकर शानदार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया। मुख्य अतिथि मनोज त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थाओं का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। बीएचयू विश्वविद्यालय के प्रो० डॉ बीएन राय ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां समय-समय पर होते रहना चाहिए। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के संस्थापक मुनेश्वर सिंह गुरुजी, डायरेक्टर मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर जर्नलिस्ट प्रीति सिंह, प्रिंसिपल डॉ राय रॉस, कोऑर्डिनेटर कृषाणु, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन नम आंखों से की गयी



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सभी क्षेत्रों में गुरुवार को मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय नदी, झरणा, तालाब और सरोवरों में विद्यार्थीओं ने नम आंखों से किया। बुधवार को प्रखंड के कई शिक्षण संस्थान, कोचिंग संस्थान, गांव और टोलों पर मां शारदे की प्रतिमा को स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया था। गुरुवार को हवन के साथ पूजा संपन्न हुआ। दोपहर बाद मझिगावां बस्ती के भास्कर युवा क्लब मझिगावां बस्ती के प्रतिमा का विसर्जन किया गया उसके साथ सभी जगहों के प्रतिमा का विसर्जन शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। अधिकांश मूर्ति का विसर्जन डीजे के साथ नाचते गाते किया गया। चटनियां डैम, पंडी नदी, सतबहिनी झरणा तीर्थ स्थल, कोयल नदी, सोन नदी सहित जलाशयों में मूर्ति विसर्जन संपन्न हुआ। मूर्ति विसर्जन के दौरान युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। डीजे के धुन पर नाचते गाते, अबीर गुलाल लगाते व आतिशबाजी करते युवा चल रहे थे। समाचार लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नही मिली थी।

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल, धुर्वा, रॉंची।

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 92/23–24.

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 26/02/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 27/02/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 27/02/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धुर्वा, रॉंची स्थित विधाय आवास, गेस्ट हाउस एवं विभिन्न एम0 एल0 ए0, मंत्री आवास में अधिष्ठापित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 9,70,193=00 | 1250=00 | 20,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | नामकुम, रॉंची स्थित राज्य औषधि जॉच प्रयोगशाला, में वायरिंग, यू0पी0एस0 वायरिंग एवं कम्प्युटर बोर्ड वायरिंग का कार्य। | 8,32,664=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 14 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।

PR 319091 (Energy) 23-24 (D)

# व्यवसायियों को पूरी सुरक्षा प्रदान करे पुलिस प्रशासन: गिरिनाथ सिंह

## भाजपा नेता ने केसरी ऑटो मोटर नामक प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य गिरिनाथ सिंह ने कचहरी रोड स्थित राज किरण केसरी के नये प्रतिष्ठान केसरी ऑटो मोटर नामक प्रतिष्ठान में फीता काटकर उद्घघाटन किया। मौके पर बोलते हुए गिरिनाथ सिंह ने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठा के खुलने से शहर के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी लोगों को दूसरे बड़े शहरों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा। ऑटो पार्ट्स के लिए गढ़वा के लोगों को दूसरे बाहर बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। ऐसे प्रतिष्ठान का खुलना गढ़वा के व्यवसायिक सुदृढ़ता को दशार्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यवसाईयों को निर्भीक होकर निर्भीक होकर व्यवसाय करने के लिए प्रशासन पूरा सहयोग करें सर के व्यवसाईयों को पूरी सुरक्षा प्रदान करें।

उन्होंने गत दिन गढ़वा शहर के में रोड में में रोड के एक ज्वेलरी दुकान में हुई डकैती घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को अति शीघ्र गिरफ्तार करें और शहर में ऐसा माहौल बनाएं की व्यवसाय निर्भीक होकर अपना व्यवसाय कर सकें। उन्होंने कहा जम्मू की सरकार में व्यवसायी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसे माहौल से शहर के व्यवसाईयों को निकालने के लिए पुलिस प्रशासन को निर्भीक वातावरण तैयार करना होगा। मौके पर कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# रूप अलंकार ज्वेलर्स के मालिक जय सोनी से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गत दिनों शहर के मेन रोड स्थित आभूषण की दुकान में लूट की घटना सुन रूप अलंकार ज्वेलर्स के मालिक जय सोनी से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो। दुकान के मालिक के आवास पर जिलाध्यक्ष आश्वासन देते हुए गढ़वा पुलिस अधीक्षक से बात कर अपराधियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार करवाने की बात कही। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस सरकार में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से फेल हो गया है। पूरे राज्य में लूट हत्या बलत्कार हावी है। जिला प्रशासन जल्द मुजरिम को पकड़ कर माल को बरामद कराये और शहर में व्यवसायियों को सुरक्षा प्रदान कराये। मौके पर उपस्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, विनय चौबे, कैलाश कश्यप, भूषण सिंह, पुष्प रंजन, संतोष कश्यप आदि लोग उपस्थित थे।

**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा** (जिला विकास शाखा)

इच्छा की अभिव्यक्ति

(Expression of Interest)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत SHG की महिलाओं के आजिविका संवर्द्धन हेतु **DMFT** मद से **दोना पत्तल प्रसंस्करण ईकाई क्रय एवं अधिष्ठापन** किया जाना है। उक्त कार्य के दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला विकास शाखा, कोडरमा में किया जायेगा। **दोना पत्तल प्रसंस्करण ईकाई क्रय एवं अधिष्ठापन** निमित आवयक कार्य/ **Specification** सूची संलग्न।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति **(Expression of Interest)** का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में **उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए** स्थान– जिला विकास शाखा, कोडरमा में दिनांक–**23**/02/2024 **को** अपराह्न **12:00** बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक–**23**/02/2024 को **02:00** बजे अपराह्न में खोला जायेगा।

**नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट** www.koderma.nic.in **पर देखा जा सकता है।**

**PR 319048 District (23-24)_D**

उपायुक्त, कोडरमा

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# पेपर लीक मामले को लेकर आजसू ने सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** जेएसएससी (सीजीएल) पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर आज उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम आजसू पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की सीबीआइ जांच कराने, जेएसएससी के अध्यक्ष सहित अधिकारियों को अविलंब हटाने, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे अभ्यार्थियों सहित प्रतिनिधि पर की गयी प्राथमिकी वापस लेने जैसे मांग शामिल है। इस अवसर पर आजसू जिलाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड सरकार आज हमारे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उनके साथ लगातार छल किया जा रहा है। उपायुक्त गरिमा सिंह से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से आजसू जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय, केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह, छात्र संघ अध्यक्ष अभिजीत सोनू, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र दास, प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव, सचिव श्याम कुमार विकाश कुमार, नगर अध्यक्ष नितेश जयसवाल, रोहित बर्मन, विकाश साहू शामिल रहे।

# हेमंत के समर्थन में जेएमएम का न्याय मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहारदगा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरु पंचायत के कल्हेपाट गांव से जेएमएम नेत्री सह जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की के अगुवाई में जेएमएम के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा न्याय मार्च निकाला गया। न्याय मार्च की शुरूवात देवी मंडप और सरना स्थल पर प्रार्थना कर शुभारंभ किया गया। मौके पर जेएमएम जिलाध्यक्ष मोज्जमिल अहमद में कहा की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता के लोकप्रिय नेता थे। जिन्हें केंद्र सरकार के एजेंसी के इशारे पर इडी द्वारा परेशान कर जेल में डाला गया है। हमारे नेता शीघ्र ही जेल से रिहा होंगे।

हमलोग न्याय मार्च की शुरूवात लोहरदगा जिला के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट ग्राम से किये है। जिसमें जनता का समर्थन मिल रहा है, और हमलोग सभी धार्मिक स्थलों में भी प्रार्थना कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की रिहायी की कामना करेंगे। वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा झारखंड के मूलवासी और आदिवासी को बीजेपी की सरकार परेशान कर रही है। इसी को लेकर एक आदिवासी सरकार को 5 साल से पहले गिरायी गयी है। ताकि इतिहास न बन पाये आने वाला समय में झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता भाजपा के नेताओं को जवाब देगी और 2024 में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जेएमएम की सरकार बनेगी।

मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा हमारे लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री को ईडी के माध्यम से साजिश के तहत फंसाया गया है। इसी को लेकर हम सभी जेएमएम के नेता कार्यकर्ता पूरे जिला क्षेत्र में गांव गांव भ्रमण कर धार्मिक स्थलों में पूर्व मुख्यमंत्री के रिहायी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं, और न्याय मार्च के माध्यम से जनता के बिच जा रहे हैं। मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता भगत, अफरोज आलम, राजकिशोर राम, अशोक उरांव, नईम अंसारी, पूनम उरांव, कृष्णा भगत सहित सैकड़ों जेएमएम कार्यकर्ता महिला पुरुष शामिल थे।

# भारतीय सेना भर्ती, राष्ट्र की सेवा करने का सुनहरा अवसर, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय सेना में भर्ती हेतु सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीइइ) के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गया है। रजिस्ट्रेशन 13 फरवरी 2024 से प्रारंभ है जो 22 मार्च 2024 तक चलेगी। ऑनलाईन परीक्षा 22 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होंगी। जिसमें अग्निवीर जेनरल ड्यूटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/ स्टोरकीपर (एसकेटी), अग्निवीर ट्रेड्समैन (8वीं पास), अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास), अग्निवीर वुमेन मिलिट्री पुलिस (डब्ल्यूएमपी) और सोल्जर टेक्निकल (नर्सिंग असिस्टेंट) के अभ्यर्थी शामिल होंगे। सेना भर्ती कार्यालय, रांची द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस सेना भर्ती में लोहरदगा जिला के अधिक से अधिक अभ्यर्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लोहरदगा जिला के जिला नियोजनालय कार्यालय, लोहरदगा के परिसर में रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष कैंप 17 व 18 फरवरी 2024 को आयोजित किया जायेगा। इसमें सेना भर्ती कार्यालय, रांची की एक टीम मौजूद रहेगी। रजिस्ट्रेशन के समय आवेदक के पास उसका आधार कार्ड, मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण से संबंधिक प्रमाण-पत्र, हस्ताक्षर का स्कैन कॉपी (साइज 5-10 केबी), नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो का स्कैन कॉपी (साइज 5-20 केबी), आधार कार्ड से लिंक किया हुआ मोबाईल नंबर (ओटीपी के लिए), आवेदक का ई-मेला आईडी (ओटीपी प्राप्त करने के लिए), जिस कोर्स के लिए योग्य हैं उसकी शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण-पत्र (मार्कशीट), रजिस्ट्रेशन फीस (यूपीआइ/डेबिट/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग) और पता होना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन संबंधी अधिक जानकारी के www.joinindianarmy.nic.in पर विजिट करें।

# समाज में फैली बुराइयों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता होगी : आफताब आलम





**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के भंडरा प्रखंड के नव निर्वाचित सदर जनाब आफताब आलम व सेकेट्री अब्दुल रउफ को प्रखंड वासीयों के द्वारा नयी जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मतदाताओं और प्रखंड वासियों का आभार जताया है। उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे भंडरा प्रखंड के लोगों ने जिस उम्मीद और भरोसा के साथ हमें जिम्मेदारी सौंपी है इसपर शत-प्रतिशत खरा उतरते हुए समाज की तरक्की और बेदारी हेतु कृतसंकल्पित रहेंगे। नव निर्वाचित सदर जनाब आफताब आलम ने कहा कि शपथ ग्रहण के बाद प्रखंड में एक समीक्षा बैठक आहूत की जाएगी जिसमें प्रखंड के सभी गांवों को आमंत्रित किया जाएगा, जहां पर सक्रिय सदस्य का चुनाव किया जाएगा और समाज में जो भी बुराइयां फैली हुई है उन तमाम तरह की बुराईयों पर अंकुश लगाए जाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों में शिक्षा के महत्वों को बढ़ावा दिए जाने और दहेज प्रथा, नशाखोरी जैसे बुराइयों को रोकने की पूरी कोशिश किया जाएगा। आफताब आलम ने कहा कि मुस्लिम समाज की तरक्की और विकास हेतु हमेशा कटिबद्ध रहेंगे। सेकेट्री अब्दुल रउफ ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेवारी दी है उसे पूरा करने में पूरी इमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# आजसू का डीसी को ज्ञापन, जेएसएससी परीक्षा में धांधली की जांच की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के द्वारा आज लोहरदगा के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा। महामहिम राज्यपाल से यह मांग की गयी है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई धांधली एवं पेपर लीक मामले की जांच सीबीआइ से करायी जाये क्योंकि यह छात्र हित से जुड़ा हुआ बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है, और सरकार के द्वारा एसआइटी जांच की जो घोषणा की गयी है वह पर्याप्त नहीं है। इस पेपर लीक मामले में विभिन्न अधिकारी सहित कुछ बड़े लोगों के भी शामिल होने के अंदेशा है।

चूंकि यह मामला छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है, ऐसा प्रतीत होता है कि एक सुनियोजित तरीके से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया गया है और अंतराज्यीय गिरोह को कुछ राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। तत्काल परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डाला जाये एवं झारखंड नकल कानून के तहत कानूनी कार्रवाई की जाये। 5 फरवरी को आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के द्वारा विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाते हुए इस कानून और एजेंसी पर सवाल उठाए गये थे। इस पेपर लीक घोटाले में कई उच्च अधिकारियों की भी संलिप्त सामने आयी है। जिससे लाखों छात्रों और युवाओं में निराशा और हताशा का भाव है। इसलिए अविलंब सीबीआइ जांच की घोषणा की मांग अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) करती है। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से अखिल झारखंड छात्र संघ लोहरदगा के अध्यक्ष आयुष कुमार महतो महाविद्यालय प्रभारी आशीष साहू, छात्र संघ प्रभारी विजय महतो और राजा साहू अंकित उपाध्याय दीनदयाल गोप, राजकुमार साहू सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, तीन घायल

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत में बुधवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सलगी आनन्दपुर में जलमीनार के कार्य मे लगी एक ट्रैक्टर पलट गयी। इस हादसे में एक कि मौत हो गयी जबकि तीन लोग घायल हो गये। हादसे की जानकारी लगने पर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार देर शाम हो रही तेज बारिश और ओलवरिष्टि के दौरान धुंध के कारण चालक को सामने दिखायी नहीं देने के कारण ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर 10 फिट नीचे गड्ढे में जा गिरा जिससे ये हादसा हुआ। मृतक की पहचान बंटी कुमार सिंह के रूप में जबकि घायलों में रमण कुमार एवं सोहन कुमार में रूप में हुई है। फिलहाल घायलों का इलाज लोहरदगा सदर अस्पताल में चल रहा है।

# लातेहार के डेमू में घर के पास मिला युवक का शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र के डेमू पंचायत अन्तर्गत केन टोला के रहने वाले 25 वर्षीय उपेंद्र सिंह की कुछ दिनों बाद शादी होने वाली थी। डेट भी फिक्स हो गया था। घर में खुशी का माहौल था पर खुशी मातम में बदल गया। परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। मामला यह है उपेंद्र सिंह का शव उसके ही घर से कुछ दूर स्थित खेत से पुलिस ने बरामद किया है। जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान 25 वर्षीय उपेंद्र सिंह के रूप में हुई हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने जानकारी दी की उपेंद्र केदारी टोला में रखे गये सरस्वती पूजा में शामिल होकर घर के लिए निकल गया था। पर वह घर नहीं पहुंचा। दूसरे दिन जब परिजन उसे खोजने निकले तो उसका शव घर से सौ मीटर दूर नाला के पास मिला। परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या धारदार हथियार से की गयी है। मृतक के मां ने उसके दोस्तों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके दोस्तों ने ही उसे शराब पीलकार हत्या कर दी है। घटना के बाद परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अरविंद कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

# नियम से होगा अबुआ आवास वितरण: बीडीओ



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा व सेरेंगहातु पंचायत के ग्रामीणों ने योग्य लाभुकों को अबुवा आवास नही मिलने और वरीयता सूची में नाम नही रहने की बात बोलकर आपत्ति जताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा से शिकायत किया। कहा कि झालजमीरा और सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत में जनसेवक अबुआ आवास का जियो टेग कर सत्यापन करने किस आधार से जा रहें हैं। जिसे गांव के ग्रामीण अबुवा आवास सूची में नाम नहीं मिलने के कारण गांव में हल्ला मचा रहें हैं। जिसे जनसेवक द्वारा अबुवा आवास की सूची नहीं दिखाने पर ग्रामीणो ने सूची में नाम नही मिलने पर प्रखंड कार्यालय पहुच कर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा से मिलकर शिकायत किया गया। बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की सरकार के निदेर्शानुसार जिन व्यक्तियों का पक्का मकान, चार पहिया वाहन, सरकरी नौकरी करने वाले तथा जनप्रतिनिधियों को अबुआ आवास नही मिलेगा। साथ ही बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में 7500 अबुआ आवास का पंजीयन हुआ है। जिसे सभी का जियो टेग करना है जो कि प्रथम चरण में 557 आवास मिला है। जो नियम अनुसार ही योग्य लाभुकों को मिलेगा संकल्प पत्र अनुसार ग्राम सभा में ही अयोग्य लाभुकों का नाम को हटाना चाहिए था। परन्तु फिर से एक बार लाभुकों का सत्यापन किया जायेगा। बीडीओ से मिलने वालों में सुदेश्वर साहु, माना उरांव, बरतु महतो, सुरेंद्र उरांव, नवलकिशोर सिंह, राजेंद्र उरांव, मुस्ताक अंसारी, मोतीलाल उरांव, कौशल उरांव, दीपक महली, तेतरी देवी, बानो देवी, देवंती उरांव, अमृत टोप्पो, विष्णु उरांव, सतन उरांव सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय कमेटी बनाने को लेकर केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट की बैठक संपन्न

# उपाध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा में बृहस्पतिवार को लातेहार केमिस्ट एवं ड्रजिस्ट एसोसिएशन के दिशा निर्देश में प्रखंड स्तरीय एक बैठक जीएस फार्मा कंचन नगरी रोड चंदवा में बुलायी गयी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी गुप्ता ने की। बैठक का मूल उद्देश्य चंदवा के सभी केमिस्टों को संगठित करने एवं प्रखंड में चुनाव करने को लेकर किया गया था। इस चुनाव में उपाध्यक्ष के रूप में विश्वनाथ प्रसाद (वीणा मेडिकल हॉल), एवं सहसचिव के रूप में उमाशंकर चैतन्य (शिवम दवाखाना) तथा उपकोषाध्यक्ष के पद पर नीलकमल दुबे का नाम सर्वसम्मति से चयन किया गया। नवनिर्मित पदाधिकारी ने अपने कर्तव्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की जिम्मेवारी ली। जिला सचिव विजय कुमार (जीएस फार्मा) ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम दवा व्यवसाईयों का व्यवसाय काफी संकट के दौर से गुजर रहा है। व्यवसाय संबंधित जितने भी कानून हैं वह 1942 में निर्मित है। हमे इसी कानून के तहत ही हमें व्यवसाय करने को मजबूर है।जबकि अब का परिवेश तब के परिवेश से काफी भिन्न है। इसीलिए हम सभी केमिस्ट को संगठित होकर केमिस्ट विरोधी कानून को बदलने के लिए आंदोलन करना होगा।

सभा की समाप्ति की घोषणा जिला सचिव विजय कुमार के द्वारा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से जिला संगठन सचिव राजीव कुमार, रामनाथ प्रसाद, डॉक्टर संतोष, मुरारी साहू, सुदामा प्रसाद,अजीत कुमार, उमेश प्रसाद, मोहम्मद नेसार श्याम कुमार, सुरेश कुमार, नीरज गुप्ता, संतोष कुमार, मोहम्मद दिलशाद, अब्दुल सलाम, मोहम्मद रिजवान, सुमंत कुमार के साथ केमिस्ट शामिल थे।

# गांव चलो अभियान के तहत सांसद पहुंचे मुर्मू गांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के गांव चले अभियान के तहत लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने पेसरार प्रखंड अंतर्गत मुर्मू गांव का दौरा कर ग्रामीणों से की मुलाकात एवं विकास से कार्य सहित जनकल्याणकारी केंद्र सरकार की योजनाओं पर चर्चा किया। कार्यक्रम के दौरान मुर्मू गांव के लोगों के साथ लोकसभा सांसद ने योजनाओं की चर्चा की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ऐसी योजनाओं की शुरूआत की जो सीधे लाभुकों को लाभांवित करती है और योजनाओं को समरसता से लागू की। केवल एक विशेष वर्ग के लोगों को लाभांवित नहीं किया गया है। पेशरार का कायाकल्प भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है। यहां आवास, बिजली, शौचालय, उज्जवला योजना, किसान समृद्धि योजना, किसान सम्मान निधि का लाभ सीधे बिना बिचौलियों के प्राप्त हो रहे हैं। इसका एक ही मूल कारण है कि मोदी के द्वारा अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ उनके अंश का भुगतान जन धन खाते के माध्यम से उनके बैंक अकाउंट में किया। भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र लक्ष्य है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास शहर हो या गांव सभी को मौलिक अधिकार प्राप्त हो रहे हैं। गुमराह की नीतियों को नहीं भाजपा घोषणाओं को पूरा करती है। जिला मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा की सरकार में पेसरार का उत्थान हुआ यह जन-जन जानती है। आज पेसरार पुनः कई कमियों और भ्रष्टाचार के कारण बड़ी संख्या में लोग योजनाओं का लाभ से वंचित हो रहे हैं। आए दिन गरीब पहाड़ी क्षेत्र के लोग दफ्तर के चक्कर काटते नजर आते हैं बिचौलिया हावी इतना है की योजनाओं का पैसा लाभूक से निकलवा कर स्वयं अधिकारी के नाम पर खाये जा रहे हैं परंतु उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है।

# भगवान भोलेनाथ का तिलक उत्सव कार्यक्रम आयोजित



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्राचीन पहाड़ी मंदिर में बुधवार की रात महाशिवरात्रि के पूर्व बसंत पंचमी के मौके पर भगवान भोलेनाथ के तिलक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । तिलक उत्सव कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी बबलू मिश्रा के द्वारा पूरे विधि विधान से भगवान भोलेनाथ के सिंगर करने के साथ तिलक की विधि को पूरी करायी गयी। साथ ही साथ तिलक उत्सव कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं के द्वारा तिलक उत्सव के गीत और भजन को गाते हुए खुशी जाहिर की गई। वहीं इसके साथ-साथ तिलक उत्सव कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मौजूद महिला पुरुष और श्रद्धालुओं के द्वारा एक दूसरे को अभी गुलाल लगाकर भी पारंपरिक तरीके से खुशी जाहिर की गयी। मौके पर जिला परिषद के सदस्य सन्तोषी शेखर , स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी , मुख्य जजमान निरंजन सिंह छोटे सिंह , अरविंद मिश्रा , रेखा पाठक सुधा दुबे , प्रीति सिंह , कंचन कुमारी , अशोक प्रसाद , मुरारी अग्रवाल , करुण चंद्रवंशी समेत काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद थे।

# योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता : डीसी

मुकेश कुमार सिंह/ रूपेश अग्रवाल



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के 25वें उपायुक्त के रूप में गरिमा सिंह ने अपना योगदान दे दिया है। साथ ही वे लातेहार के पत्रकारों से भी आज हर विषय पर खुलकर अपनी बातें रखीं। उनकी बातों से यह साफ हो गया है कि वह पदभार ग्रहण करने के साथ ही लातेहार जिले के विकास का एक अच्छा प्रिंट बना ली है। पत्रकार वार्ता में उनके द्वारा कही गई बात की विकास होगा और वह भी तीव्र गति से होगा। यह दशार्ता है कि वह लातेहार जिले को राज्य के श्रेष्ठ जिले की श्रेणी में लाना उनकी प्राथमिकता में है।

**विकास तो होगा पर संतुलन बनाकर :** पत्रकारों द्वारा पुछे गए एक सवाल के जवाब में उपायुक्त ने कहा कि आने वाले समय में आधुनिकीकरण ऐसे होगा जो जनता के हित में और पर्यावरण के अनुकूल होगा। इसके लिए हम विशेष ध्यान देंगे। ताकि जो भी विकास को लेकर प्रोजेक्ट बनें उसमें इन सभी बातों को विशेष ध्यान रखा जाए। हमारा लातेहार जिला वनों से समृद्ध है ऐसे में विकास तो होगा पर पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचे उसका विशेष ख्याल रहा जायेगा। साथ ही पर्यावरण को हुए नुकसान को कैसे भरपाई किया जाए इस पर भी जिला प्रशासन विशेष रूप से कार्य करेगी।

**अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिलेगा योजनाओं का लाभ :** इस दौरान उपायुक्त ने कहा की लातेहार जिले में विकास योजनाओं में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर सफल रूप प्रदान करना पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है।

लातेहार के नये उपायुक्त गरिमा सिंह आईएएस बनने से पहले भारतीय पुलिस सेवा में अपनी सेवा दे चुकी हैं और उन्हें कानून व्यवस्था का अच्छे तरीके से जानकारी है। इस पर भी उन्होंने कहा की अतिम व्यक्ति को कैसे और जल्दी से जल्दी न्याय मिले उनकी कोशिश रहेगी। जिले में विधि व्यवस्था दुरूस्त करने पर भी उनका विशेष फोकस रहेगा। आपको ज्ञात हो की लातेहार जिला एक नक्सल प्रभावित जिले में पहचाना जाता रहा है।

# अफीम की खेती में एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए थाना क्षेत्र में अवैध पोस्ते की खेती में शामिल एक तस्कर रघुनंदन सिंह पिता स्व चौठ सिंह को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया, वही अन्य दो तस्कर फरार हैं। इस बाबत थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया की कुछ दिन पूर्व एसपी को मिली गुप्त सूचना पर सीआरपीएफ पुलिस के सहयोग से अभियान चलाते हुए थाना क्षेत्र के तनवाई से डेढ़ एकड़ जमीन में लगी अवैध पोस्ते की खेती को विनष्ट किया था। इस मामले में पुलिस ने 3 अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था जिसमे कारवाई करते हुए थाना क्षेत्र के तनवाई से रघुनंदन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं अन्य दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

# चंदवा थाना प्रभारी बने रणधीर कुमार

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के नये थाना प्रभारी के रूप में रणधीर कुमार ने पद भार ग्रहण किया इसके साथ ही श्री कुमार ने कहा कि चंदवा में अमन चैन और अपराध मुक्त बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। चंदवा जैसी जगह पर किसी तरह की कोई अप्रिय घटना करने वाले लोग सावधान हो जाये, नहीं तो कानून से ऊपर कोई भी नहीं है। बताते चलें कि लातेहार जिला के सभी इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर का जिला ट्रांसफर होने के कारण रणधीर कुमार को चंदवा थाना का थाना प्रभारी बनाये गया है।

# सिमडेगा में निकाली गयी न्याय यात्रा




आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इंसाफ दिलाने के लिए गुरूवार से जेएमएम ने न्याय यात्रा की शुरूआत की। जिले के सभी पंचायतों में जेएमएम कार्यकर्ता घर -घर जाकर हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी की एकतरफा कार्रवाई को जनता के सामने भंडाफोड़ करेंगे।

जेएमएम की ओर से गुरूवार को जेएमएम सिमडेगा जिला इकाई के द्वारा कोलेबिरा के नवा टोली पंचायत से न्याय यात्रा की शुरूआत की। कहा गया कि जेएमएम कार्यकर्ता हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा और चर्च में जाकर पूजा और प्रार्थना करेंगे।

# हेमंत को नहीं मिला न्याय तो होगा उलगुलान: भूषण

**पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के समर्थन में अन्य आदिवासी संगठनों ने निकाला भव्य यात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले क्षेत्र के कई आदिवासी संगठनों ने शहर में न्याय यात्रा निकाली। इस न्याय यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के नारे लगाये गये। इस यात्रा का नेतृत्व स्थानीय विधायक भूषण तिर्की कर रहे थे। न्याय यात्रा में 'मोदी जब-जब डरता है एड करता है' केंद्र सरकार मुदार्बाद' सरकारी तंत्र का दुरुपयोग बंद करो, हेमंत सोरेन को न्याय दो , जैसे नारे लगाये जा रहे थे।

इस यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया और एक विशाल रैली की शक्ल में शहर के प्रमुख मार्गों पर भ्रमण किया गया। यह न्याय यात्रा करमडीपा से निकल कर टावर चौक में समाप्त हुई। भारी बारिश के बावजूद यात्रा में शामिल लोग इस न्याय यात्रा में डटे रहे। बारिश जितनी तेज हुई उतनी जोरदार नारेबाजी होती रही। टावर चौक में लोगों को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब-जब संकट में आती है तो अपने विपक्षियों को परेशान करने के लिए इडी सीबीआइ और झूठे केस मुकदमे आदि का सहारा लेती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाले अगर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो जाते हैं तो उन पर भ्रष्टाचार का दाग मिट जाता है और पाक साफ हो जाते हैं। वहीं जब कोई साफ सुथरा व्यक्तित्व वाला नेता इनके झांसे में नहीं आता है या उनकी शर्तों को नहीं मानता है तब यह उसके खिलाफ इडी और सीबीआइ जैसे हथकंडे अपनाये जाते है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता की मांग है हेमंत सोरेन को बा इज्जत बरी करना पड़ेगा अन्यथा झारखंड में फिर उलगुलान होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केंद्र की सरकार सबसे भ्रष्ट सरकार है जो जाति पाती की राजनीति करती है और आपस में एक दूसरे को लड़ाती है। इसका बेरोजगारी, गरीबी, नौकरी, महंगाई से कोई लेना-देना नहीं। केवल फूट डालो शासन करो की तर्ज पर यह काम करती है। हमें ऐसे कर्महीन पार्टी को जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा तभी हमारा देश व राज्य सुरक्षित हो सकता है।

मौके पर जेएमएम के नगर अध्यक्ष मोहम्मद लड्डन, निसार खान मुन्ना, मोहम्मद आरिफ, रणजीत सिंह, आरिफ अंसारी अलीम राटा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर तीन दिवसीय शिविर का होगा आयोजन




**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने बतलाया कि मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के सभी पंचायतों में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस योजना से सभी वर्ग की महिलाएं एवं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के सभी महिला एवं पुरुष वर्ग लाभान्वित हो सकती हैं जिनकी आयु 50 से 59 वर्ष है, वहीं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के पुरुष आवेदक को योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा लेकिन महिला आवेदक को जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के आवेदन हेतु आधार कार्ड का छाया प्रति,वोटर कार्ड का छाया प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक खाता की छाया प्रति,देना आवश्यक होगा। इसकी जानकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने दी। आगे उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित पिछड़े एवं असहाय तबके के व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु राज्य सरकार का एक सराहनीय प्रयास है। साथ ही प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया मौके रूप से प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर,स्थानीय मुखिया शोभा देवी, अंचल निरीक्षक मुनेश्वर सिंह के साथ प्रखंड और अंचल के कर्मी उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बैठक संपन्न



**बसिया (आजाद सिपाही)।** निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी जयवंती देवगम के अध्यक्षता में 67- सिसई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निर्मित संबंधित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की गयी। बैठक में सभी सेक्टर पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव 2024 विषयक समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाओं और अन्य विषयो पर चर्चा व समीक्षा करते हुए सभी को बताया गया कि चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है इस लिए सभी अपने स्तर से इसके लिए तैयार रहे। किसी भी तरह की दिक्कत होने पर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी, बसिया को संसूचित कर विमर्ष करे ताकि चुनाव शांतिपूर्वक व निष्पक्ष सम्पन्न कराया जा सके।

# जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआइ से करायी जाये जांच : एजेसीएस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** छात्र हितों से जुड़े एक संवेदनशील और गंभीर मामले जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने को लेकर आजसू ने राजयपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। इस गंभीर मामले में राज्य सरकार ने जांच के लिए एक एसआईटी बैठायी है। लेकिन अखिल झारखंड छात्र संघ की समझ है कि यह जांच इस गंभीर मामले के लिए पर्याप्त नहीं है। पेपर लीक को लेकर जिस तरह के तथ्य सामने आ रहे हैं, उसके संकेत साफ हैं कि इसके तार कई जगहों और कथित तौर पर खास लोगों से जुड़े हैं। साथ ही छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की यह एक सुनियोजित साजिश भी है। इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि इस मामले में अंतर्राज्यीय किसी बड़े गिरोह का हाथ है और उसे राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। आजसू छात्र संघ की यह भी मांग है कि तत्काल परीक्षा एजेंसी को काली सूची में डाला जाए एवं झारखंड नकल कानून के तहत मुकम्मल कार्रवाई हो। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने पांच फरवरी को विधानसभा में इसी कानून को सामने रखते हुए सरकार और आयोग की जवाबदेही पर सवाल खड़े किये थे।

पेपर लीक को लेकर लाखों युवाओं में हताशा और निराशा का भाव है। अभ्यर्थियों का मानना है कि जेएसएससी के अधिकारियों की भूमिका और गतिविधियों की जांच के लिए पुलिस की एसआईटी सक्षम नहीं है।

इस तरह के मामले आने वाले दिनों में न हो इसके लिए दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई अति आवश्यक है। भविष्य में यदि ऐसे अनैतिक माध्यम से कोई व्यक्ति अधिकारी बन जाता है, तो उससे जनता की सेवा और वह अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करे ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती है।

पेपर लीक मामले में राज्य के उच्च पदाधिकारियों की संलिप्तता भी सामने आई है। इसलिए एसआईटी द्वारा की जा रही जांच प्रभावित होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह काफी संवेदनशील मामला है इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई द्वारा होनी जरूरी है।

अतः श्रीमान से आग्रह है कि इस मामले में सीबीआई जांच के लिए उचित कार्रवाई की जाए।

मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, देवेंद्र खेरवार, बोनीफास कुजूर, गोलु श्रीवास्तव, प्रमोद खलखो, रवि राम, बजरंग गोसाई, मिन्हाज खान, सतीश नायक, पिंकी कुजूर, समेत अनेकों कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# बीडीओ ने सोलर लिफ्ट योजना का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** प्रखंड के लुंगटु पंचायत अंतर्गत जोलो में प्रदान संस्था द्वारा लगाया गया सोलर लिफ्ट का उद्धघाटन फीता काटकर बसिया बीडीओ सुप्रिया भगत द्वारा किया गया।इस मौके पर बीडीओ सुप्रिया भगत ने किसानों को कहा कि आप लोगों को प्रदान संस्था द्वारा मिले तीनों सोलर लिफ्ट का उपयोग सिंचाई के लिए करे और सभी मन लगाकर खेती करें। उत्पादन को शहरों में दूसरे राज्यों में बिक्री करें इससे गाँव एवं प्रखंड का नाम होगा। बीडीओ द्वारा किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए तरबूज का पौधा भी खेतो में लगाया गया।

लुंगटु पंचायत में पांच सोलर लिफ्ट लगे हैं उसमे तीन सोलर लिफ्ट जोलो में ही सिंचाई के लिए लगा इससे 120 किसानों को 70 एकड़ में सिचाई के लिए लाभ होगा।स्थानीय किसान प्रकाश तिर्की ने कहा कि हमलोग साल में एक फसल लेते थे एवं कमाने के लिए दूसरे शहर जाते थे लेकिन अब सोलर लग जाने से साल में हमलोग तीन से चार फसल ले सकेंगे हमलोग सभी किसान बहुत खुश हैं किसान द्वारा सोलर लिफ्ट उपलब्ध कराने हेतु प्रदान संस्था के कार्यकताओं को धन्यवाद भी दिया।मौके पर मुखिया मोनिका लकड़ा, प्रदान के राहुल चौधरी, सुकन्या दत्ता, सूरज साहू, सोनू सिंह, शिवांआनंद गोप, बिभिशन साहू, मनीषा सारंगी, रंथी होरो समेत अनेक लोग थे।

## ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए भानु प्रताप



**बसिया (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल गुमला के द्वारा बसिया एसएच कुलूसेरा तक पार्ट ए और पार्ट बी कुल लगभग 13 किलोमीटर सड़क सुदृढकरण कार्य हेतु निविदा निकाला गया है। इसके साथ ही करमटोली से मंझकेरा तक कुल 2.25 किलोमीटर पथ, तिर्रा से बम्बियारी कुल 4 किलोमीटर, किनिरकेला से तुरबुंगा तक कुल 4.6 किलोमीटर पथ का सुदृढकरण कार्य का निविदा निकाली गयी है। इस संबंध में सिसई विधानसभा के युवा नेता सह कांग्रेस कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन भानु प्रताप बड़ाइक ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और बसिया प्रखंड के कई सड़को को बनवाने के लिए राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गीर आलम से 12 सितंबर को मुलाकात कर ज्ञापन देकर उनसे जनहित में जल्द सड़क बनवाने का आग्रह किया था। जिसपर मंत्री द्वारा संज्ञान में लेते हुए तुरंत बनवाने का आशवासन दिया गया था। कांग्रेस नेता ने कहा कि वे हमेशा जनहित में कार्य करने पर विश्वास करते है और वे लगातार क्षेत्र में लोगो से मिलकर उनके समस्याओं का समाधान करने की कोशिश कर रहे है। मालूम हो कि कांग्रेस नेता भानु प्रताप बड़ाइक द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर उन्हें ज्ञापन देकर बसिया थाना चौक से कुलूसेरा होते हुए लुंगटु तक एवं सूरजपुर मोड़ से सूरजपुर तक पथ निर्माण कराने की मांग किया गया था।

**चुनावी बांड योजना पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत**

# कांग्रेसियों ने फूंका मोदी का पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी गुमला के द्वारा गुरूवार को टावर चौक गुमला में पीएम मोदी का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा की मोदी सरकार चुनावी बांड योजना का विरोध किया। मौके पर चैतु उरॉव ने कहा कि 2017 में, जब चुनावी बांड योजना को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था, तो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सबसे पहले इसकी अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और हानिकारक प्रकृति की स्पष्ट रूप से निंदा की थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भाजपा के इस कुटिल चाल के खिलाफ संसद के भीतर और बाहर अपनी लड़ाई में अटल रही है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मोदी सरकार की इस 'काला धन रूपांतरण' योजना को असंवैधानिक मानते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करती हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के आलोक में चुनावी बांड के माध्यम से भाजपा के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए लेफ्ट ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। बताते चलें कि चुनावी बांड राजनीतिक दलों को दी जाने वाली दान राशि है जो दानदाताओं और प्राप्तकताओं की पहचान को गुमनाम रखती है। वे जानने के अधिकार से समझौता कर सकते हैं। इसके अंतर्गत दान दाता के डेटा तक सरकारी पहुँच के चलते गुमनामी से समझौता किया जा सकता है। मौके पर आशिक अंसारी, खालिद साह, हांदु भगत, विष्णु राम, गुलाम सरवर, बेलसाजर, मो शादाब, बबलु, ललित मिंज, इबरार अंसारी, राजेश बाड़ा समेत काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# बाघ चंडी वार्षिक महोत्सव यज्ञ और अखंड हरी कीर्तन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** कोलेबिरा मां बाघ चंडी वार्षिक महोत्सव यज्ञ सह अखंड हरी कीर्तन धूम धाम से संपन्न हुआ। बता दें कि मां बाघचंडी मंदिर में प्रति वर्ष तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 12 फरवरी से 14 फरवरी तक होती है। मां बाघ चंडी भक्तों की हर मनोकामना पुरी करती है जिससे बिहार, झारखंड ,उडीसा, छतीसगढ, के दूर दराज इलाको से भी मां बाघ चंडी के आस्था के साथ आते हैं और अपनी हर मनोकामना पुरी करते हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रम में कलश यात्रा के दूसरे दिन यज्ञ सह अखंड हरी कीर्तन में कई गावों के कीर्तन मंडली ने हरे कृष्ण हरे कृष्ण हरे राम की महामंत्र का जाप करते हुए झुमते रहे चारो ओर हरे राम हरे कृष्ण की धून गुंजायमान रहा । अष्ट पहरी यज्ञ समाप्ति के बाद नगर भ्रमण का आयोजन किया गया जिसमें राधा कृष्ण की भेष में बाघ चंडी मंदिर से कलहा टोली बजंरबली मंदिर एवं कलहा टोली ग्राम का नगर भ्रमण किया गया। माता बाघ चंडी के भक्त जय माता दी की जयकारे एवं जय श्री राम की जयकारे गुंजायमान रहा! भक्ति गीतों एवं ढोल नगाड़े के थाप एवं ढोल नगाड़े के ताल साथ में डीजे साउड में भी युवक युवती एवं मां बाघ चंडी के सभी भक्त नाचते झुमते नगर भ्रमण करते रहे। नगर भ्रमण के बाद दधि - भंजन कार्यक्रम का आयोजन तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर तारकेश्वर सिंह, पंचम सिंह, भरथू द्विवेदी ,छत्रपति सिंह, सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार, कोलेबिरा एवं लचडागढ. के बंजरंग दल के सदस्य, कोलेबिरा पुलिस प्रशासन एवं लचडागढ., बानो, कोलेबिरा, कलहाटोली, जलडेगा, सहित दूर दराज से आये मां बाघ चंडी के महिला एवं पुरुष भक्त मौजूद थे।

## तीन दिवसीय शिविर का होगा आयोजन

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखण्ड के सामाजिक सुरक्षा विभाग जारी के तरफ से चांदनी कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया की मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत जारी प्रखण्ड के सभी पंचायतों में 20 फरवरी से 22 फरवरी तक तीन दिवसीय मेगा शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस योजना से सभी वर्ग की महिलाएं लाभान्वित हो सकती हैं जिनकी आयु 50 से 59 वर्ष है, वहीं अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के पुरुष आवेदक को योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा लेकिन महिला आवेदक को जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य नहीं होगा। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के आवेदन हेतु आधार कार्ड का छाया प्रति,वोटर कार्ड का छाया प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक खाता की छाया प्रति,देना आवश्यक होगा। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि संदीप सोरेन ने दी। आगे उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित पिछडे एवं असहाय तबके के व्यक्तियों के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु राज्य सरकार का एक सराहनीय प्रयास है।

# चेंबर की नियमावली में सर्वसम्मति से हुआ संशोधन, अगले सत्र में किया जायेगा लागू

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चेंबर के नियामवली संशोधन को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक लायंस क्लब भवन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चेंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा के द्वारा की गई। बैठक में सभी पूर्व अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया। बैठक में नियामवली संशोधन को लेकर सभी ने अपने अपने विचार रखे। सभी के विचार आने के बाद संशोधन की रूप रेखा तैयार की गई। अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि नियमावली संशोधन पर सर्व सहमति बन गयी है। अब आगे की प्रक्रिया यह है कि चेंबर की कार्यसमीति की बैठक मे प्रस्ताव लाकर इसे पास कराना होगा। उसके बाद आम सभा मे पारित करा कर अगले सत्र मे लागू कर दिया जायेगा।धन्यवाद ज्ञापन सरजू साहू ने किया।

मौके पर पूर्व अध्यक्ष अशोक जयसवाल, पवन अग्रवाल, रमेश चीनी, शशिप्रिया बंटी, शहाबुद्दीन, अमित महेश्वरी, सरजू साहू, हिमांशु केशरी दीपक गुप्ता,विनोद केशरी, सचिन बबलू वर्मा उपस्थित थे।

# चेंबर अध्यक्ष ने किया डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन


आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सभी आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से युक्त शहर के मेन रोड़ में डॉ. मनप्रिया अग्रवाल के दंतश्री डेंटल क्लिनिक का विधिवत उदघाटन चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा एवं लालचंद अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।

मौके पर वृज किशोर अग्रवाल, विनोद कुमार, द्वारिका मिश्र, मनोज अग्रवाल, शशिप्रिया बंटी, विजय गोयल, संजय महापात्र, बनवारीलाल अग्रवाल, दुर्गादत्त फोगला, मोहित अग्रवाल, विकास बिट्ठू, उत्तम कुमार गोयल, आदित्य फोगला, कमल अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, डॉ. पंकज साहु, सुरज कुमार, शशिकांत, कुसुम फोगला, नीलम देवी, सुनिता अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## शारदा धाम में धार्मिक सामाजिक अनुष्ठान का भव्य आयोजन



**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** बसंत पंचमी के अवसर पर छत्तीसगढ़ व झारखंड के बॉर्डर पर स्थित जिले का इकलौता मां शारदे धाम में भक्तों का सैलाब बसंत पंचमी पर मां शारदे की पूजा अर्चना व आराधना के लिए उमड पड़ा । चारों ओर से पहाड़ों से घिरा व कल - कल करबहती झरने की गूंज के बीच हरे कृष्णा हरे राम का महामंत्र प्राकृतिक मनोरम छटा में अष्ट प्रहर के लिए गूंजने लगा। प्रसिद्ध तीर्थस्थली शारदा धाम में बसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना पूरे भक्ति भाव व श्रद्धा भक्ति के साथ की गई। बसंत पंचमी के मौके पर शारदा धाम में कबड्डी खो-खो व तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इसके साथ ही धार्मिक व शैक्षणिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष राजकुमार सिंह। सचिव राजकुमार सिदार श्री त्रिलोचन प्रधान बिहार सिंह लाभेश्वर राम दिलेश्वर राम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## दावा : पलामू भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# 2024 में झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर होगी भाजपा की जीत : सांसद

**केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते सांसद, विधायक व अन्य।

**मेदिनीनगर।** भाजपा ते पलामू लोकसभा 2024 चुनाव के प्रधान कार्यालय का गुरुवार को राज्यसभा सांसद प्रदेश महामंत्री सह प्रमंडलीय प्रभारी आदित्य साहू, लोकसभा प्रभारी विनय लाल, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही, विधायक आलोक चौरसिया, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पलामू लोकसभा के संयोजक विपिन बिहारी सिंह, सहसंयोजक अलखनाथ पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दूबे, भाजपा नेता आनंद शंकर, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि झारखंड की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा की सभी 14 सीटों पर विजय का आशीर्वाद देने का मन बना चुकी है। उन्होंने अबकी बार 400 पार, फिर एक बार भाजपा सरकार का नारा भी लगाया। वहीं, पलामू सासंद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपाई केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने के लिए उनके बीच पहुंचेंगे। नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ काम किया है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, धारा 370 खत्म करना, 500 वर्ष की प्रतीक्षा को खत्म कर राम मंदिर निर्माण, कोरोना काल में पालक की तरह देश की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करना जैसी योजनाएं प्रमुख है। वहीं, भवनाथपुर विधायक भानू प्रताप शाही ने मंडल अध्यक्षों को प्रत्येक बूथ से भाजपा के प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया। जबकि विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज्यादा सीट प्राप्त करेगी और पलामू लोकसभा में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। आज मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दूबे ने कहा कि पिछली बार हम पांच लाख मतों से विजय हुए थे। इस बार सात लाख मतों से विजयी होंगे। वहीं, पलामू लोकसभा के संयोजक विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव के लिए तैयार है। कार्यकर्ता अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक है और नतीजे भाजपा के पक्ष में लाने को आतुर है। इस मौके पर प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, मुकेश निरंजन सिन्हा, आंनद शंकर, ठाकुर महतो, शिवधारी राम, विनोद सिंह, विजयानंद पाठक, नरेंद्र पांडे, विभकर नारायण पांडे, अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी, रविंद्र सिंह, रूपा सिंह, विजय ओझा, ईश्वरी पांडे, ममता भुइयां, धर्मेंद्र उपाध्याय, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ज्योति पांडे, अरविंद सिंह, अरविंद गुप्ता, रामचंद्र यादव, धीरेंद्र दूबे, अभिमन्यु तिवारी, जय दूबे, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, कुमार गौरव, अविनाश सिंह छोटू, किशन मखड़िया, दीपक सिंह, रणजीत सिंह, रंजीत चंद्रवंशी, कृष्ण गुप्ता, संजय कुमार, कमल कुमार अंकू, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, राजहंस अग्रवाल, पंकज शर्मा, अनिमेष सिंह, आनंद सिंह, विजय पाठक, शंभू राम, शशि भूषण पांडे, मनीष पांडे, श्याम जी चौधरी, साकेत सिंह, राकेश पांडेय, विजय ठाकुर, मनीष भिवानिया आदि मौजूद थे।

# 2024 तक जिले के सभी घरों में नल से पहुंचेगा गुणवत्तापूर्ण जल : डीसी

**जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीसी शशि रंजन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** जल जीवन मिशन के तहत जिले में पेयजल गुणवत्ता बनाये रखने व पानी के बेहतर रख-रखाव से संबंधित गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ब्लू बर्ड्स होटल में हुआ। जिसका उद्घाटन पलामू डीसी शशि रंजन, सांसद व विधायक प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि आज के दौर में पेयजल का महत्व बताने की आवश्यकता नहीं है। बस सभी को इतनी समझ होनी चाहिए कि शुद्ध पेयजल के बिना जीवन की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य जिले के प्रत्येक घर को नल से जल पहुंचाने का है जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कार्यशाला में आये अन्य पदाधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों से पेयजल से जुड़े अन्य विषयों पर वार्ता किया। इस दौरान नदी के माध्यम से जल को कैसे संरक्षित किया जा सकता है इस विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कार्यशाला में आये सभी लोगों से नदी के आसपास अधिकाधिक पौधारोपण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब तक आप सभी तकनीकी पहलुओं से अवगत नहीं होंगे तब तक पेयजल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करना संभव नहीं है। उन्होंने भविष्य में इस तरह का कार्यशाला पेयजल विभाग द्वारा संचालित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में कराये जाने पर बल दिया। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता रामेश्वर गुप्ताने बताया कि जिले में 3 लाख 64 हजार घर में टैप वाटर के माध्यम से जल पहुंचाने का लक्ष्य है जिसमें से अबतक डेढ़ लाख से अधिक घरों में नल से जल पहुंचाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जल जीवन मिशन के बारे में राज्य स्तर से आये यूनिसेफ के कंसलटेंट ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यशाला में बताया गया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की दूसरी योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 अंतर्गत खुले में शौच मुक्त होने के पश्चात ओडीएफ प्लस के तहत संपूर्ण जिले में ठोस,तरल एवं अपशिष्ट कचरा प्रबंधन, गोबरधन, प्लास्टिक प्रबंधन, महवारी स्वच्छता प्रबंधन के तहत मनरेगा, 15वें वित्त एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के अनुसार अभिसरण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। इसके पूर्व डीसी ने जल जीवन मिशन के तहत जल गुणवत्ता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पलामू व सांसद प्रतिनिधि, विभिन्न विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न बीडीओ, अधीक्षक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के डीपीएम समेत अन्य उपस्थित रहे।

## सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता ने सवारी गाड़ी चलाने की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बीड़ी रेल खंड के बरवाडीह से नबीनगर रोड तक ट्रेन चलाने की मांग को लेकर सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता ने पलामू सांसद बीडी राम को पत्र प्रेषित किया है। जिसमे कहा है कि गाड़ी संख्या 03311-12 व 03363-64 इस रेल खंड की लाइफ लाइन सवारी गाड़ी है। जिसे बंद कर दिया गया है। वर्तमान में शादी-विवाह के साथ जैक द्वारा मैट्रिक व इंटर की परीक्षा हो रही है। ट्रेन बंद होने से लोगों खाशकर विद्यार्थियों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि पलामू सांसद ने इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। बतातें चलें कि इस रेल खंड के अंकोरहा व सोननगर स्टेशन पर रिमॉडलिंग का कार्य होने के कारण बीड़ी सेक्शन की लाइफ लाइन समेत कई अन्य ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। लेकिन बरवाडीह से नबीनगर तक सवारी ट्रेन चलाने से करीब 20 स्टेशनो से जुड़े यात्रियों को सुविधा होगी।

## संजीव कुजूर ने ग्रहण किया पदभार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल के उप जनसंपर्क निदेशक के रूप में गुरुवार को संजीव कुजूर ने पदभार ग्रहण किया। वे इसके पूर्व उप जनसंपर्क निदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग अतिरिक्त प्रभार उप जनसंपर्क निदेशक, कोल्हान प्रमंडल, चाईबासा के पद पर पदस्थापित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा किसरकार की महत्वाकांक्षी एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे लक्षित वर्गों तक पहुंचानाका कार्य करेंगे।

## यादव महासभा ने किया नये थाना प्रभारी का स्वागत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष इंजिनियर संजय कुमार यादव के नेतृत्व में गुरुवार को नये थाना प्रभारी चंदन कुमार को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इस दौरान आशा जताई कि नये थाना प्रभारी के नेतृत्व में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत होगी। वहीं, नये थाना प्रभारी ने लोगों की अपेक्षा पर खरा उतरने के साथ ही क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं आमजनों के जान माल की सुरक्षा की बात कही। मौके पर राजद प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, शिक्षक अशोक कुमार यादव, अजय यादव, उपाध्यक्ष सूरज कुमार यादव,राम जीतन यादव, रामकुमार यादव, रामप्रसाद यादव, ललन यादव आदि शामिल थे।

## किसानों को मुआवजा व गिरे मकानों की जगह मिले अबुआ आवास: कमलेश सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** क्षेत्र में विगत तीन दिनों की बारिश व ओलावृष्टि से रब्बी फसल को भारी क्षति हुई है। साथ ही कई गांव में कच्चे मकान भी गिर गए हैं। इस बाबत विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि आंधी-बारिश व ओलावृष्टि से हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों में भारी क्षति हुई है। किसानों की गेहूं, चना व सरसों के अलावा सब्जी की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। कई कच्चे घरों के भी गिरने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि बारिश के अभाव में विधानसभा क्षेत्र में धान की फसल नहीं हो पाई थी। किसानों ने रब्बी पर उम्मीद लगाई थी। पर वह भी बारिश व ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई। किसान पूरी तरह से टूट गए हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर किसानों की फसलों की जांच कराकर उचित मुआवजा अविलंब देने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि विभिन्न गांव में गिरे कच्चे मकान के मालिकों को चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अबूआ आवास का निर्माण कराकर दिया जाए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों की जगह आवास नहीं बना तो प्रभावित गरीब परिवार के लोग खुले आकाश के नीचे रहने को बाध्य होंगे।

## युवक ने की खुदकुशी

**धनसार (आजाद सिपाही)।** झरिया थाना क्षेत्र के चौथाई कुली धर्मनगर पांडेय मुहल्ला में 25 वर्षिय युवक ने खुदकुशी कर ली। उसकी पहचान राजेश पांडेय के रूप में हुई है। बुधवार की देर रात अपने आवास में ही प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर झूल गया। दे रात चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग पहुंचे तो फंदे से लटका पाया गया। उसे उतार कर स्थानीय हस्पताल ले जाया गया, जहां बिगड़ती हालात देख उसे धनबाद एसएनएमसीएच भेज दिया गया। वहीं इलाज के दौरान मौत हो गई। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पता चला है कि राजेश शादीशुदा था और पत्नी नेहा देवी व दो छोटी बच्चियों कनक (3) व काव्या (2) के साथ रहता था। लोगों की मानें तो राजेश पेशे से ऑटो रिक्शा चालक था।

## बेरमो एसडीपीओ ने चलाया अभियान जब्त किया डेढ़ टन अवैध कोयला

**विजय कुमार सिंह**



**बेरमो (आजाद सिपाही)।** एसडीपीओ बीएन सिंह ने कोयला के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ बुधवार की मध्य रात में छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान एसडीपीओ ने जरीडीह थाना अंतर्गत बालूवाडीह में अवैध रूप से संग्रहित कर रखे गए करीब डेढ़ टन कोयला को जब्त किया। इसके बाद जरीडीह थाना के प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बतातें चलें कि बीएन सिंह जब से एसडीपीओ के रूप में क्षेत्र में पदस्थापित हुए हैं, तब से अवैध कार्य किए जाने की उन्हें जैसे भी कोई सूचना मिलती है वे त्वरित कार्रवाई करते हैं। इसी का परिणाम है कि अवैध रूप से बालू का उठाव हो या कोयला, लोहा का या जुआ का खेल। हर जगह स्थानीय पुलिस पूरी मुस्तैदी से उस पर नकेल कसती नजर आज रही है। एसडीपीओ द्वारा क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारियों के साथ होने वाली समीक्षा बैठक के दौरान भी वे अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते सुने जाते हैं कि कहीं किसी भी प्रकार का अवैध कार्य ना हो।

## झामुमो नेता ने नवपदस्थापित एसडीपीओ का किया स्वागत





**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल में नवपदस्थापित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मुकेश कुमार महतो का झामुमो नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में कई महीनों से एसडीपीओ का पद रिक्त था। जिससे आम लोगों को अपना पक्ष रखने काफी परेशानी होती थी। झामुमो नेता ने एसडीपीओ से हुसैनाबाद की शांति व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने जेपी चौक, हरिहर व अंबेडकर चौक पर पुलिस गस्त की आवश्यकता पर बल दिया।

## कोयला उद्योग में आज हड़ताल

**कतरास (आजाद सिपाही)।** भारत बंद को सफल बनाने के लिए गुरुवार को एके डब्ल्यूएमसी के यूनियन कार्यालय में संयुक्त ट्रेड़ यूनियन के नेताओं की गुरुवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीसीकेयू नेता कंचन महतो व धन्यवाद ज्ञापन रविंद्र प्रसाद ने किया। बैठक में सीटू के झारखंड राज्य सचिव राजेंद्र प्रसाद राजा ने केंद्र सरकार की नीतियों की आचोलना की। पूंजीपतियों की कठपुतली और गरीबों का शोषण का आरोप लगाते हुए शुक्रवार के हड़ताल को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में झाकोमयू नेता शिव प्रसाद महतो, बीसीकेयू नेता निरंजन महतो, कार्तिक महतो, सुनील महतो, पार्थ गांगुली, दिलीप महतो, रोहन महतो, दीनदयाल रवानी, ठाकुर महतो, भीम महतो आदि थे।

**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा की सूचना 2024–25**

निदेशक मत्स्य झारखण्ड, राँची के पत्रांक 219 दिनांक 05/02/2024 के अलोकमेंमत्स्य स्पॉन उत्पादकों/हैचरी संचालकों को सूचित किया जाता है कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) के अन्तर्गत पूर्व वर्षों की भांति जलाशय के छाड़न एवं निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को भारतीय मेजर कार्प (रेहु, कतला, मृगल) का अण्ड बीज (स्पॉन) की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत किया जाना है। खूँटी जिला में मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति हेतु मत्स्य उत्पादक/हैचरी संचालक/स्थानीय हैचरी संचालकों से मुहर बंद निविदा आंमत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नामः–जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी।
2. अग्रधन राशि– 50000/–जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से खूँटी में भुगतेय ड्राफ्ट।
3. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय –दिनांक 01/03/2024 पूर्वाह्न 11.15 बजे तक।
4. निविदा जमा करने का स्थान– जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –दिनांक 01/03/2024 अपराह्न 1.00बजे।
6. निविदा खोलने का स्थान– उप विकास आयुक्त, कार्यालय, खूँटी।
7. निविदा खोलने की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचना पटट् पर एवं खूँटी के NIC बेवसाईट www.khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।

PR.NO.319060 Fish(23-24):D

**झारखण्ड़ सरकार वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,**
**वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

**नीलामी सूचना**

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत बरही प्रक्षेत्र/चौपारण प्रक्षेत्र/बड़कागांव प्रक्षेत्र कार्यालय में जप्त आरामिल, चैम्बर, प्लेट, चक्का, ईजन, सूंढ़ एवं अन्य उपस्कर जहाँ जिस स्थिति में है, के आधार पर नीलामी नीचे अंकित तिथि को 11:30 बजे पूर्वाहन् से 02:30 बजे अपराहन् तक हजारीबाग स्थित प्रमंडलीय कार्यालय में निर्धारित की गई है। नीलामी के दिन 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट (वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल के पदनाम से हजारीबाग स्थित किसी राष्ट्रीकृत बैंक की शाखा में भुगतेय) लाना होगा, जिसे क्रय किये गये लौट के Security Deposit की राशि में समायोजित की जा सकेगी तथा असफल बोलीदाता को शीघ्र वापस कर दी जायेगी। लौट का निरीक्षण नीलामी से पूर्व किया जा सकता है। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बन्दी घोशित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले क्रेता का G.S.T. अधिनियम के तहत् निबंधित/पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। बिक्री मूल्य के अतिरिक्त यथा लागू जी0एस0टी0, आयकर एवं शेषकर भी देय होगा। शर्ते एवं अन्य कोई जानकारी कार्यालय अवधि में प्रमण्डलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्रम संख्या | निर्मित लौट स्थल का नाम | नीलामी की तिथि | लौट का किस्म |
|---|---|---|---|
| 1. | बरही वन प्रक्षेत्र कार्यालय | 27.02.2024 | 7 लौट ( आरामिल चक्का प्लेट, इंजन, आरा पत्ती सूढ इत्यादि) |
| 2. | चौपारण वन प्रक्षेत्र कार्यालय | 27.02.2024 | 8 लौट (आरामिल मषीन, प्लेट, सूढ़ इत्यादि) |
| 3. | बड़कागांव वन प्रक्षेत्र कार्यालय | 27.02.2024 | 11 लौट (आरामिल चक्का, प्लेट, मषीन, पल्ली, सूढ़ इत्यादि) |

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 318992 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D

## संत मरियम स्कूल में गुरु चरण पूजा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# संत मरियम नाम के अनुकूल बच्चों में अद्भुत प्रतिभा : कुंदन कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** संत मरियम छात्रावास परिसर प्रांगण में बुधवार को बसंत पंचमी पर संध्या गुरु चरण पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पलामू अपर समाहर्ता कुंदन कुमार के अलावा एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, एसडीपीओ के रीडर सुहैल खान, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, सेवानिवृत्त सैनिक ब्रिजेश शुक्ला, भाजपा नेता अविनाश वर्मा, लिलिपुट विद्यालय के निदेशक राजीव गोयल, सेवानिवृत्त शिक्षक जटाधारी गुरुजी, डॉ राजीव, एडवोकेट ओंकारनाथ तिवारी, कवि एमजे अजहर, संत मरियम किड्स स्कूल चैनपुर के निदेशक आनंद कुमार, पिंकी कुमारी आदि शामिल हुए, जिन्हें विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्कृति व सभ्यता में सुसज्जित छात्रों का नृत्य, संगीत, शिव तांडव कर रहे बच्चों के विकराल रूप देख अतिथि रोमांचित हो उठे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने कहा कि संत मरियम स्कूल के नाम के अनुकूल ही इस विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा भी निहित है। मैं खुद गौरवांवित महसूस कर रहा हूं कि आज मैं आप सबों के बीच मौजूद हूं। उन्होंने कहा कि उम्मीद करूंगा कि आप जब इस विद्यालय से पढ़कर निकलेंगे तो निःसंदेह ही इस विद्यालय के नाम सहित पूरे देश का नाम विश्व भर में रोशन करेंगे। वहीं, चेयरमैन अविनाश देने कहा कि जब भी विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है तो उसका उद्देश्य सिर्फ यह नहीं होता है कि बच्चों को या अतिथियों का मनोरंजन हो सके, बल्कि उसका मुख्य उद्देश्य होता है कि छात्रावास में अध्ययन कर रहे बच्चों का तनाव व अपने परिवार से दूर रहने की मायूसी कम हो सके। बच्चे देश की संस्कृति व सभ्यता से भी रूबरू हो सकें। मौके पर प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं आदि मौजूद थे।

# मामूली विवाद के बाद दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प, चले ईंट-पत्थर, कई घायल

## घायलों में स्कूली बच्चे भी शामिल, निरसा पुलिस ने स्थिति पर काबू पाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** थाना क्षेत्र के खुसरी मोड़ पर मामूली विवाद को लेकर दो समुदाओं के बीच हिंसक झड़प होने का मामला प्रकाश में आया है। इस दौरान दोनों ओर से एक-दूसरे पर ईंट-पत्थरबाजी की गई जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों में स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि इसकी सूचना पाकर समय रहते निरसा पुलिस पहुंच गई और स्थानीय प्रबुद्ध लोगों की मदद से मामले को शांत कराया। जानकर के अनुसार गुरुवार को खुसरि मोड़ पर खुशरी गांव जाने के क्रम में दो बाइक के बीच मामूली टक्कर हो गई। दोनों बाइक (हिंदू-मुस्लिम) युवकों की थी। हालांकि दोनों बाइक सवारों ने आपस में ही मामले को सुलझा लिया। पर कुछ लोगों द्वारा मामले को लेकर तूल दे दिया गया। फिर क्या था। दोनों ओर से सैकड़ों लोग लाठी-डंडा लेकर आ गए। देखते ही देखते दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर की बारिश शुरू हो गई। जिसमें कई लोगों को चोट आई है। जिसमें कई बच्चे भी शामिल है। सभी का निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार चल रहा है। वहीं, निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मंजीत कुमार भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को स्थानीय प्रबुद्ध लोगों के सहयोग से नियंत्रित किया। घटनास्थल पर पुलिस कैंप कर रही है। सूत्र के अनुसार घटनास्थल के निकट लगे सीसीटीवी फुटेज को भी पुलिस खंगाल रही है। इस संबंध में निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने कहा कि फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी लोग निरसा अशांत करने का कुत्सित प्रयास किया है उन लोगों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जांच कर सभी को जेल भेजा जाएगा।


हंगामा कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करती पुलिस।

## विनोद पांडेय से धनबाद जिला समिति के पदाधिकारियों से किया संवाद



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से झामुमो धनबाद जिला के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसकी अगुवाई जिलाध्यक्ष लखी सोरेन कर रहे थे। इश दौरान संगठन की विस्तृत जानकारी लेने के साथ ही आगामी कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारियां भी दी। इस बाबत जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने बताया कि केंद्र सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों के माध्यम से राज्य सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड की जनता के लिए चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं को रोकने का भी प्रयास किया गया। हर दिन हेमंत सोरेन को बदनाम करने के मकसद से नए हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पार्टी के केंद्रीय निर्देश पर झामुमो धनबाद का हर कार्यकर्ता अब पंचायत, वार्ड स्तर पर घर-घर जाएगा और आम जनता के बीच उपस्थित होकर न्याय कि मांग करेगा। उक्त कार्यक्रम को न्याय मार्च का नाम दिया गया हैं। साथ ही एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम राजधानी रांची में किया जाएगा। साथ ही हर कार्यकर्ता अपने धर्म अनुसार ईश्वर से न्याय के लिए प्रार्थना करेगा एवं धार्मिक अनुष्ठान करेगा। मौके पर सुखलाल मरांडी, अशोक मंडल, डॉ निलम मिश्रा, अलाउद्दीन अंसारी, धरनीधर मंडल, मुकेश सिंह, जिला प्रवक्ता समीर रवानी, किशोर मुर्मू, मदन महतो, तपन तिवारी, एजाज अहमद आदि मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी**

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा सं०– 23/RI/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक– 15.02.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. योजना का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-16/ 2023-24 | मुरहू | 1. T013 खूँटी तोरपा मुख्य पथ से कुँजला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.150 कि०मी०)। | 11,28,92,100.00 (ग्यारह करोड़ अठाईस लाख बानबे हजार एक सौ रू० मात्र।) | 22,58,000.00 (बाईस लाख अठावन हजार रू० मात्र।) | 15 माह। |
| | | मुरहू | 2. घाघरा से दारला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.600 कि०मी०)। | | | |
| | | मुरहू | 3. L049 दारला से बिरमकेल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 1.300 कि०मी०)। | | | |
| | | मुरहू | 4. L024 अनीडीह से उदबुरू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 1.390 कि०मी०)। | | | |
| | | मुरहू | 5. L021 अनीडीह से रोंगो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.300 कि०मी०)। | | | |
| | | मुरहू | 6. बिचना गम्हरिया मेन रोड जलटण्डा से खूँटी तोरपा मुख्य पथ तक भाया पाण्डु पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.500 कि०मी०)। | | | |
| | | मुरहू | 7. खूँटी तोरपा मुख्य पथ से खूँटी चाईबासा मुख्य पथ तक भाया कुँजला, दुलवा टोंगरी, इट्ठे, बरटोली पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–9.600 कि०मी०)। | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 16.02.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 23.02.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 06.03.2024 अपराहन 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०ः– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 319044 Rural Work Department(23-24)#D


## महत्वपूर्ण न्यूज

### अबुआ आवास को लेकर बीडीओ ने किया मुखियाओं के साथ समीक्षात्मक बैठक



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** ससबेड़ा पश्चिमी पंचायत भवन में गुरुवार को अबुआ आवास को लेकर मुखिया और पंचायत सचिव के साथ बीडीओ ने समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें गोमिया प्रखंड के 36 पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव शामिल हुए। बैठक में गोमिया बीडीओ महादेव कुमार महतो ने कहा कि सरकार द्वारा अबुआ आवास के लिए प्राप्त पंचायतवार लाभुकों के लिए निर्धारित मापदंडों को पूर्ण करने वाले लाभुकों का चयन कर जल्द स्वीकृत करने में आ रही समस्याओं का समाधान करने के लिए ही सभी पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिवों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई है। इस दौरान उन्होंने कार्य में तेजी लाने को कहा। बैठक में तेजलाल महतो, शांति देवी, तारामणि देवी, अंशु कुमारी, विनोद विश्वकर्मा, ममता देवी, सावित्री देवी, वीणा देवी, पार्वती देवी, रीना सिंह, अनारकली, बिंदू देवी, मुरली देवी, बलराम रजक, आदित्य महतो, नीतू कुमारी, अन्नु कुमारी, सोनम कुमारी, प्रिति कुमारी, अजय कुमार, चंदन कुमार, पंकज कुमार, विवेक कुमार आदि मौजूद थे।

### सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पुटकी श्रमिक क्लब में गुरुवार को जदयू के पूर्व प्रदेश सचिव अरविंद राय की तृतीय पुण्यतिथि पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सर्वप्रथम उनके पुत्र शेखर कुमार राय, जदयू जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह, युवा अध्यक्ष रुपेश पासवान ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर पिंटू सिंह ने कहा कि अरविंद राय पार्टी के सच्चे, ईमानदार और कर्मठ सिपाही थे। इस मौके पर जदयू नगर अध्यक्ष धनलाल दूबे, प्रखंड अध्यक्ष बबलू मोदक, अक्षयवर प्रसाद, अवधेश पासवान, पुष्पा पांडे, राजू कुमार सिंह, गोपाल गोराई, गोपीनाथ पासवान और आदित्य पासवान आदि थे।

### हैवी ब्लास्टिंग को लेकर झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की जीएम से वार्ता



**कतरास (आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बाघमारा विधानसभा प्रभारी फैयाज अंसारी ने गुरुवार को गोविंदपुर एरिया 3 के जीएम के साथ हैवी ब्लास्टिंग को लेकर वार्ता की। फैयाज अंसारी ने बताया कि हैवी ब्लास्टिंग के कारण वार्ड नंबर-1 के कतरास पोस्ट ऑफिस गली, वार्ड नंबर 2 के छाताबाद, वार्ड नंबर 3 के गुहीबांध क्षेत्र में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हहो गया है। आए दिन हैवी ब्लास्टिंग से उनके घरों में दरार पड़ रही है। कहा कि डीजीएमएस के गाइड लाइन के विपरीत हैवी ब्लास्टिंग कर उनके मकानों को क्षति पहुंचायी जा रही है। समय रहते हैवी ब्लास्टिंग नहीं रोका गया तो उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगें। इस पर गोविंदपुर के महाप्रबंधक जीसी साहा ने हैवी ब्लास्टिंग मामले में शीघ्र ही सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वार्ता में प्रदीप महतो, मो जियाउल हक, असलम सिद्दीकी, सुरेंद्र गोस्वामी आदि थे।

### पेपर लीक मामले में आजसू छात्र संघ ने राज्यपाल के नाम गिरिडीह के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड छात्र संघ गिरिडीह इकाई की एक टीम ने गुरुवार को को अखिल झारखंड छात्र संघ के बैनर तले गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा को झारखंड के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष अमित यादव ने बताया कि वो लोग झारखंड सरकार से जेएसएससी- सीजीएल पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर गिरिडीह डीसी कार्यालय आए थे। बताया कि अभी चरणबद्ध तरीके से पूरे राज्य में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। आज राज्य के सभी जिलों में डीसी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। इसके बाद 17 फरवरी को राजभवन का घेराव भी किया जाएगा। कहा कि हमें झारखंड सरकार द्वारा कराई जा रही जांच पर विश्वास नहीं है। मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष अमित यादव, जिला प्रभारी विनोद रजक, अक्षय यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष तनवीर हसन, अनिल यादव, मो नोशाद, पंकज यादव, दानिश आदि थे।

# बेरमो एसडीओ ने किया स्वांग हवाई अड्डा में बनाये जाने वाले इको पार्क का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** स्वांग दक्षिणी पंचायत स्थित हवाई अड्डा में सीसीएल द्वारा इको पार्क बनाये जाने के लिए पिछले तीन साल पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था। अब तीन साल बाद गुरुवार को बेरमो एसडीओ शैलेश कुमार ने स्वांग हवाई अड्डा में बनने वाले पार्क स्थल का निरीक्षण किया। एसडीओ ने इस स्थल पर पार्क बनने के नक्शे का भी अवलोकन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग भी चाहते हैं कि स्वांग में पार्क बने, लेकिन यह पार्क हवाई अड्डा में न बनाकर इस्क्यूटिव हॉस्टल के बगल या डीएवी के पास से एक्सक्यूटिव होस्टल के बीच सीसीएल के खाली जमीन पर बनाया जाए। कहा कि सीसीएल प्रबंधन इस हवाई अड्डा को साफ-सफाई और बाउंड्री वॉल कराकर सुरक्षित कर यथावत रुप से खाली रखे और पार्क को स्वांग में ही अन्यत्र खाली जगह को लेवलिंग कर वहां पर बनाया जाए। क्योंकि स्वांग हवाई अड्डा में युवक प्रतियोगिता परीक्षा के लिए दौड़ लगाते हैं। लोग सुबह-शाम भ्रमण करते हैं। वहीं एसडीओ ने बताया कि स्वांग हवाई अड्डा में सीसीएल द्वारा इको पार्क बनाया जाना है जिसका पूर्व में प्रस्तावित स्थल पर शिलान्यास भी हो चुका है। प्रस्तावित नक्से के अनुसार यह पार्क इस क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। साथ ही इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कुछ सुझाव दिए गए हैं। प्रशासन उस पर अमल करने का प्रयास करेगी। मौके पर पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, धनंजय सिंह, पूर्व पंसस सोमनाथ गंझू, अजय रंजन यादव, मंटू यादव, कुलदीप प्रजापति, अमोद प्रजापति, केदार यादव, मिथुन चंद्रवंशी और मुन्ना सिंह आदि उपस्थित थे।



# मानव संसाधन विभाग में पीएलसी सिमेटिक एस7-400 पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** मानव संसाधन विकास विभाग के कमरा संख्या 47 में संयंत्र के विभिन्न विभागों के लिए पीएलसी सिमेटिक एस 7-400 पर गुरुवार से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जो 20 फरवरी तक चलेगा। इसका संचालन मेसर्स सीमेंस लिमिटेड के संकाय कुमार आकाश के सहयोग से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) देवाशीष सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (मासंवि) मनीष जलोटा और महाप्रबंधक (मासंवि) संजय कुमार भगत उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्रबंधक (मासंवि) जय नारायण यादव ने मुख्य अतिथि और सभी प्रतिभागियों के स्वागत के साथ ही इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) देवाशीष सरकार ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी प्रतिभगियों से इस कार्यक्रम से अधिकतम ज्ञान हासिल करने की अपील की। मुख्य महाप्रबंधक (मासंवि) मनीष जलोटा और महाप्रबंधक (मासंवि) संजय कुमार भगत ने भी सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को अंतः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने और अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया।



## धनबाद के नये डीडीसी ने ग्रहण किया पदभार

# अबुआ आवास योजना का लक्ष्य प्राप्त कर धरातल पर उतारना प्राथमिकता : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिले के 38वें डीडीसी के रूप में गुरुवार को सादात अनवर ने पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान डीडीसी शशि प्रकाश सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। वहीं, पदभार ग्रहण के बाद नए डीडीसी ने कहा कि निवर्तमान डीडीसी के कार्य को आगे बढ़ना, विभाग से संबंधित योजना को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व बीडीओ के साथ मिलकर आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी। वहीं निवर्तमान डीडीसी ने कहा कि डीएमएफटी से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, विद्यालय में चार दिवारी, लीडर स्कूल का निर्माण सहित अन्य योजना को गति देने का प्रयास किया है। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, निदेशक डीआरडीए हेमा प्रसाद, डीडीसी कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, प्रोजेक्ट ऑफिसर मनरेगा मनोज कुमार आदि मौजूद थे।





**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा। (विकास शाखा)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**
**(Expression of Interest)**

जिला DMFT की प्रबंधकीय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में कोडरमा जिला अंतर्गत संचालित सरकारी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 09–12 में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के ऑनलाईन प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु सक्षम एजेन्सी जो ऑनलाईन के माध्यम से विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा ITI/IIT (इंजीनियरिंग/मेडिकल/नर्सिंग/ CLAT) में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराते हों, से निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक सक्षम एजेन्सी के द्वारा दिनांक 23.02.2024 को अपराह्न 12:00 बजे तक उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए जिला विकास शाखा, द्वितीय तल्ला, समाहरणालय भवन, कोडरमा, पिन–825410 में निबंधित डाक के माध्यम से/हाथों–हाथ निविदा (तकनिकी एवं वित्तीय अलग–अलग लिफाफे में) सीलबंद लिफाफे में जमा किया जा सकता है। निविदा दिनांक 23.02.2024 को अपराह्न 01:00 बजे जिला क्रय समिति एवं निविदादाता के समक्ष खोला जायेगा।

प्रकाशित विज्ञप्ति/निविदा को शिथिल करने/संशोधित करने/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा एवं निविदा पर अंतिम निर्णय जिला क्रय समिति का होगा।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं दस्तावेज का प्रारूप जिला के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

उपायुक्त,
कोडरमा।

PR 319043 (District) 23-24 (D)



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (समाज कल्याण शाखा)**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**
**(Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों को **CSR & DMFT** एवं अन्य मद से 60 (साठ) आंगनबाडी केन्द्रों को मॉडल बनाया जाना है। उक्त कार्य के दर निर्धारण हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा। मॉडल बनाने के निमित आवश्यक कार्य/सामग्री सूची संलग्न।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति **(Expression of Interest)** का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक – 26/**02/2024** को पूर्वाह्न/अपराह्न .12:00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में दिनांक – 26/02/2024 को 03:00 बजे पूर्वाह्न/अपराह्न में खोला जायेगा।

नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, कोडरमा।

PR.NO.319041 Social Welfare,Women and Child Development(23-24):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
**E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/09/2023-24(2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुपसं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा जिला के सतगावाँ प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम –पचाने स्थित पचाने नदी पर पुल निर्माण | 37183200.00 | 750,000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17.02.2024.
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.02.2024. से दिनांक 26.02.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 28.02.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06534358004 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 318971 Rural Work Department(23-24).D

### स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नया अध्याय जोड़ा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने

# सीएम ने किया शीतलापल्ली परिसर का उद्घाटन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सम अस्पताल के शीतलापल्ली परिसर का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बसंत पंचमी के दिन सम अस्पताल के इस मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का जनता के लिए उद्घाटन किया है। उद्घाटन के समय 5टी के अध्यक्ष वी के पांडियन उपस्थित थे। सोआ के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. मनोजरंजन नायक भी मौजूद थे। शिक्षा और अनुसंधान, जो 19 वर्षों से अधिक समय से लगातार और समर्पित रूप से जनता को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर रहा है, उन्होंने अब दक्षिण ओडिशा में बेहतर और उन्नत सेवाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से ब्रह्मपुर के पास शीतलापल्ली में सम अस्पताल का तीसरा परिसर शुरू किया है। आईएमएस और सम अस्पताल, जो ओडिशा के पूर्वी राज्यों के लिए एक विश्वसनीय और लोकप्रिय स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में उभरा है, राज्य के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से 2005 में शुरू किया गया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) द्वारा आईएमएस एंड सम हॉस्पिटल को 2023 में देश के 16वें सर्वश्रेष्ठ मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया गया है। 21 जनवरी को मुख्यमंत्री द्वारा फुलनखरा में आईएमएस और सम अस्पताल के दूसरे परिसर का उद्घाटन किया गया था। भुवनेश्वर और कटक के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-16 के पास शुरू किए गये इस नये अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए सभी नवीनतम चिकित्सा सुविधाएं और उन्नत तकनीकी प्रणालियां हैं। जबकि शीतलापल्ली में शुरू हुए नए अस्पताल में 200 बेड हैं, आने वाले दिनों में इसकी संख्या बढ़कर 500 हो जाएगी। अस्पताल में किफायती कीमत पर सभी नवीनतम स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी और 24 घंटे रोगी देखभाल प्रदान की जाएगी। सोआ द्वारा 2020 में भुवनेश्वर में एक अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रदाता मल्टी सुपर स्पेशलिटी क्वाटरनेरी केयर हॉस्पिटल सम अल्टीमेट मेडिकेयर भी लॉन्च किया गया है। सोआ के ये 4 अस्पताल लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। इन 4 अस्पतालों में बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाई) की सुविधाएं उपलब्ध हैं। 2020 में, जब दुनिया भर के लोगों के जीवन पर कोविड-19 महामारी का साया छाया हुआ था, आईएमएस और सम अस्पताल ने निरंतर और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदान की। समर्पित कोविड अस्पतालों के कारण ही ओडिशा में मृत्यु दर कम रही है। सोआ को 2023 एनआईआरएफ रैंकिंग में विश्वविद्यालय श्रेणी में देश के शीर्ष 15वें विश्वविद्यालय के रूप में स्थान दिया गया है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा के लिए नामांकन भरा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भाजपा उम्मीदवार अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को राज्यसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रदेश भाजपा कार्यालय से श्री वैष्णव भाजपा विधायकों और नेताओं के साथ विधानसभा के विशेष कक्ष में पहुंचे और रिटर्निंग ऑफिसर को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

श्री वैष्णव ने नामांकन पत्र जमा करने के बाद कहा कि वह भगवान श्री जगतरनाथ जगन्नाथ की इस पवित्र भूमि में निस्वार्थ भाव से काम करेंगे। साथ ही श्री वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को धन्यवाद देते हुए कहा कि वह ओड़िशा के हितों और विकास के लिए काम करेंगे। श्री वैष्णव के नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, विधायक एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। श्री वैष्णव ने नामांकन पत्र जमा करने के बाद पुरी का दौरा किया और भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन किये।


पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यें के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "सिंगल पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है। (i) बिड संख्या एवं दिनांक : e-tender Notice No. MC-08-Open-2023-24 दिनांक 14.02.2024. (ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद, गोमो, बरकाकाना और चौपन में त्वरित जल व्यवस्था प्रणाली में सुधार और संवर्धन। कार्य समापन अवधि – 6 महीने। (iii) कार्य की अनुमानित लागत : ₹3,30,85,262.40 (तीन करोड़ तीस लाख पचासी हजार दो सौ बासठ रूपये एवम चालीस पैसे) मात्र। (iv) बयाना राशि : ₹3,15,500.00 (तीन लाख पंद्रह हजार पांच सौ) मात्र। (v) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 06.03.2024 को 17:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 07.03.2024 को 10:30 बजे। (vi) वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/02325/डीएचएन/यां./टी/23-24/36



देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


## आरटीओ बसंत महापात्र विजिलेंस के जाल में, अलग-अलग स्थानों पर रेड



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बौध आरटीओ बसंत कुमार महापात्र के घर पर विजिलेंस की छापेमारी चल रही है। विजिलेंस एक ही समय में अलग - अलग जगहों पर रेड कर रहा है। रिपोर्टों के अनुसार , विजिलेंस अधिकारी आय से अधिक संपत्ति जमा करने के आरोप में बौध आरटीओ बसंत कुमार के घर पर छापा मार रहे हैं । विजिलेंस टीम बौध, गंजाम और भुवनेश्वर में करीब 10 जगहों पर एक साथ छापेमारी कर रही है. जिन स्थानों पर छापेमारी की जा रही है उनमें बौध का आरटीओ कार्यालय, भंजनगर स्थित पैतृक घर, ब्रह्मपुर में रिश्तेदार का घर, बौध का किराये का घर, भुवनेश्वर रंगमाटिया में हरप्रिया एन्क्लेव में फ्लैट, शैलश्री बिहार में वेस्ट एंड अपार्टमेंट में फ्लैट, कल्पना रॉयल रेजीडेंसी में थ्री बीएचके फ्लैट, । कलाराहांग जेड-1 एस्टेट में फ्लैट, उत्तर कनिका गैलरी में दो वाणिज्यिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, पाहाल उत्कल सिग्नेचर में वान बीएचके फ्लैट शामिल हैं । हालांकि, गुरुवार को हुई छापेमारी में 2 अतिरिक्त डीएसपी, 6 डीएसपी, 6 इंस्पेक्टर और अन्य विजिलेंस अधिकारियों को तैनात किया गया है। अब तक घर की तलाशी के दौरान, श्री महापात्र और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर निम्नलिखित संपत्ति का पता चला है। चल रही खोजों में, श्री महापात्र और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर बैंक और बीमा जमा और पूंजीगत लाभ बांड में 3.75 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश और लगभग 260 ग्राम सोने का अब तक पता चला है, जिसमें आज पहले खोजी गई संपत्ति भी शामिल है।

## जापान में मंदी, इकोनॉमी चौथे नंबर पर

**नयी दिल्ली।** जापान की अर्थव्यवस्था लगातार दो तिमाहियों में सिकुड़ने के बाद मंदी की चपेट में आ गई है। इस कारण उसकी इकोनॉमी दुनिया में तीसरे नंबर से चौथे नंबर पर पहुंच गई है। जर्मनी अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी है। जापान इस समय कमजोर करंसी, बढ़ती उम्र और घटती आबादी से जूझ रहा है। इससे पहले 2010 में चीन की अर्थव्यवस्था बढ़ने के कारण जापान दूसरे से तीसरे नंबर पर आ गया था। दुनिया में पहले नंबर पर अमेरिका की इकोनॉमी है। जापान के कैबिनेट ऑफिस की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार देश की जीडीपी 2023 के आखिरी तीन महीनों में एक साल पहले की तुलना में उम्मीद से ज्यादा 0.4% सिकुड़ी है। उससे पहले की तिमाही में इकोनॉमी 3.3% सिकुड़ी थी। लगातार दो तिमाहियों में अगर किसी भी देश की इकोनॉमी सिकुड़ती है तो टेक्निकली उसे मंदी माना जाता है। अक्टूबर में, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने अनुमान लगाया था कि जर्मनी दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी बन सकती है। अर्थशास्त्री नील न्यूमैन के अनुसार नए आंकड़े बताते हैं कि 2023 में जापान की अर्थव्यवस्था लगभग 4.2 ट्रिलियन डॉलर रही, जबकि जर्मनी की अर्थव्यवस्था 4.5 ट्रिलियन डॉलर रही है।


# कंटामाल में बारूदी सुरंग फटी, दो जवान घायल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ल्यांड माइन विस्फोट में जवान घायल। बौध जिले के कंटामाल पुलिस थाने के अंतर्गत नालीतुम्बा जंगल में एसओजी जवानों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान ल्यांड माईन विस्फोट में दो जवान घायल हो गये। तुरंत मेडिकल टीम जंगल में पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार दिया । बाद में उन्हें कंटामाल अस्पताल ले जाया गया । उन्हें आगे के इलाज के लिए पुलिस द्वारा एस्कट करके एम्बुलेंस में बलांगीर के भीमवोई मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। अस्पताल अधीक्षक के साथ विभिन्न विभागों के अनुभवी डॉक्टर वहां मौजूद थे। दो एसओजी जवानों के आने के बाद उसका इलाज किया गया। एक एसओजी जवानों के सिर में चोट लगने पर सीटी स्कैन कराया गया जबकि दूसरे की आंख में चोट लगी है। मेडिकल टीम ने कहा कि विशेष इलाके के लिए उन्हें भुवनेश्वर शिफ्ट किया जाएगा। दो जवानों को एंबुलेंस से मनोहरपुर रिजर्व मैदान लाया गया। वहां बीएसएफ के हेलीकॉप्टर तैयार थे। दोनों को हेलीकॉप्टर में भुवनेश्वर स्थानांतरित किया गया । हालांकि रास्ते में कोई दिक्कत होने पर उनके इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी थी और एक अटेंडेंट भी मौजूद था। अस्पताल अधीक्षक ने कहा कि दोनों को बेहतर इलाज की जरूरत है क्योंकि उनके सिर में चोट लगा है।

## चंद्रमा पर इतिहास रचने को तैयार निजी कंपनी, मून लैंडर ओडिसी सफलतापूर्वक लॉन्च



**वाशिंगटन(आजाद सिपाही)।** नासा की मदद से गुरुवार को अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशींस ने मून लैंडर ओडिसी को लॉन्च करने में सफलता हासिल की है। इसका नाम कवि होमर के हीरो के नाम पर रखा गया है। पहले इसे 14 फरवरी को लॉन्च किया जाना था, लेकिन ईंधन संबंधी समस्या के कारण इसमें देरी हुई। अबतक अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान ने चंद्रमा पर सफल मिशन भेजा है। हालांकि, किसी निजी फर्म की ओर से अबतक ऐसा संभव नहीं हो पाया है। जनवरी में एक अन्य निजी कंपनी एस्ट्रोबायोटिक टेक्नालाजी ने लूनर लैंडर लॉन्च किया था, लेकिन यह सफल नहीं हो पाया था। नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेस एक्स का फॉल्कन-9 रॉकेट आधी रात को लॉन्च किया गया। यूस्टन आधारित कंपनी अपने 4.3 मीटर ऊंचे और छह पैरों वाले लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से सिर्फ 300 किलोमीटर की दूरी पर मालापार्ट क्रेटर के पास 22 फरवरी को उतारने का प्रयास करेगी। यह क्षेत्र क्रेटर और क्लिफ से भरा हुआ है। यह वही इलाका है, जहां आने वाले समय में नासा अंतरिक्ष यात्रियों को उतारने की योजना बना रहा है। नासा ने इसे लेकर छह उपकरण भेजे हैं। इसमें नेविगेशन और वहां अन्य रिसर्च के लिए उपकरण शामिल हैं। सफल होने पर मिशन लगभग 50 वर्षों के बाद अमेरिका को चंद्र क्षेत्र में वापस लाएगा। दिसंबर 1972 में अपोलो 17 के बाद से अमेरिका ने चंद्रमा पर उतरने का प्रयास नहीं किया है।

## एनआइए ने महाराष्ट्र में 9 जगहों पर की छापेमारी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** एनआइए ने गुरुवार को छत्रपति संभाजी नगर में आतंकी संगठन आइएसआइएस के मॉड्यूल मामले में कई स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। यह शख्स जिसमें कई संस्थानों को निशाना बनाने की साजिश में शामिल था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद जोहेब खान के रूप में की गयी है। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर (पूर्व में औरंगाबाद) में 9 जगहों पर कई संदिग्धों के घरों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कहा कि छापेमारी में कई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और मामले से जुड़े विवादित दस्तावेज जब्त किये गये।

# ओड़िशा विश्वविद्यालय के बिजनेस मैनेजमेंट विभाग के छात्रों के लिए रिकॉर्ड प्लेसमेंट



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए गर्व के क्षण में, व्यवसाय प्रबंधन विभाग के सात पूर्व छात्रों ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के नगरनार में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के सलाहकार के रूप में काम करने वाले एक प्रसिद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम मेकॉन की स्थिति हासिल करके उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। एक कठोर चयन प्रक्रिया के बाद, इन पूर्व छात्रों को कंसल्टेंसी कंपनियों में एचआर कार्यकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। छात्रों में रितेश दास, सुधांशु शेखर बेहरा, सदानंद नायक, अजीत कुलदीप, भवानी चोपड़ा, प्रियदर्शिनी पांडा और मेघरानी बेहरा शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने सफल पूर्व छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके प्रयासों में सफलता की कामना की। उन्होंने इन पूर्व छात्रों को अनुभवी और कुशल बनाने में व्यवसाय प्रबंधन विभाग और इसके संकाय द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना की। उन्होंने संकाय सदस्यों को भविष्य में अपने सराहनीय प्रयासों को जारी रखने की सलाह दी।

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. फगुनाथ भोई ने बताया कि विभाग के प्रभारी प्रोफेसर प्रशांत कुमार बेहरा, एमबीए प्रोग्राम के समन्वयक डॉ. सुभाष चंद्र पटनायक, डॉ. सीतानाथ रायगुरु, श्रीनिवास राव के. प्रभात कुमार बारिक और नितिन कुमार होता सहित अन्य ने मेधावी पूर्व छात्रों को बधाई दी और उनकी निरंतर सफलता में विश्वास व्यक्त किया।

# रेल मंत्री ने ओड़िशा में परियोजनाओं की समीक्षा की और पुरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया

## तीन कॉरिडोर के 40 हजार किलोमीटर रेल लाइन विस्तार को प्राथमिकता दी

**पुरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और पुनर्विकास कार्य की प्रगति का जायजा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर ।** भुवनेश्वर की दो दिवसीय यात्रा में, रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने पूर्व तट रेलवे क्षेत्राधिकार में चल रही परियोजनाओं और यातायात सुविधा कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की स्थिति के अलावा विभिन्न खनिज बेल्टों, बंदरगाहों और उद्योगों के लिए रेल लाइन कनेक्टिविटी सहित राज्य में सुपर क्रिटिकल और सार्वजनिक केंद्रित रेलवे परियोजनाओं की प्रगति पर भी जोर दिया गया। बाद में, शाम को श्री वैष्णव ने पुरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और स्टेशन पुनर्विकास कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

बैठक की समीक्षा करते हुए, श्री वैष्णव ने बिजली संयंत्रों के साथ-साथ विभिन्न बंदरगाहों और उद्योगों तक तेजी से कोयला परिवहन पर भी जोर दिया। उन्होंने बंदरगाहों और उद्योगों के साथ-साथ खनिज क्षेत्रों को रेल लाइन से जोड़ने पर भी जोर दिया। उन्होंने प्रस्तावित तीन फ्रेट कॉरिडोर के 40 हजार किलोमीटर के रेल लाइन विस्तार को भी प्राथमिकता दी ताकि कोचिंग ट्रेनों को बाधित किए बिना माल परिवहन को गति दी जा सके। इसके अलावा, भुवनेश्वर, कटक और पुरी रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए निर्माण कार्य जोरों पर है और प्रगति उम्मीदों से परे है। बाद में, शाम को, श्री वैष्णव ने पुरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और लक्ष्य अवधि के भीतर परियोजना को पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक श्री मनोज शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री पी. श्रीनिवास, मंडल रेल प्रबंधक/खुर्दा रोड श्री एचएस बाजवा सहित पूर्व तट रेलवे के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे।


बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**